@Qpatrika @qaumipatrika hindi instagram.com/qaumipatrika

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित

बुधवार, 8 अक्टूबर 2025

# कौमी पत्रिका

राष्ट्रीय दैनिक अखबार

VISIT: www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 18 अंक 329 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## आईपीएस वाई पूरन कुमार ने की आत्महत्या

● चंडीगढ़ के सेटर-11 स्थित अपने आवास में के बेसमेंट में बेटी ने देखी बॉडी

**पत्नी आईएएस ऑफिसर,मुयमंत्री सैनी संग जापान दौरे पर**

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के अपर पुलिस महानिदेशक रैंक के अधिकारी वाई पूरन कुमार ने चंडीगढ़ के सेक्टर-11 स्थित अपने आवास में संदिग्ध परिस्थितियों में आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही चंडीगढ़ की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कंवरदीप कौर कई अफसरों के साथ मौके पर पहुंचीं। वाई पूरन कुमार की पत्नी अमनीत पी. कुमार आईएएस ऑफिसर हैं।एसएसपी कंवरदीप कौर ने बताया कि वाई पूरन कुमार ने आत्महत्या की है, लेकिन इस बारे में अभी हम ज्यादा कुछ नहीं कह सकते। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।पुलिस सूत्रों ने बताया कि मंगलवार दोपहर करीब एक बजे वाई पूरन ने खुद को गोली मार ली। इसके बाद कोठी के सिक्योरिटी गार्ड्स ने ही पुलिस को फोन करके गोली चलने



की सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही एसएसपी कंवरदीप कौर व अन्य टीमें मौके पर पहुंचीं। वर्ष 2001 बैच के हरियाणा कैडर के आईपीएस अधिकारी वाई पूरन को सरकार ने 29 सितंबर को ही रोहतक की सुनारिया स्थित पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज में पुलिस महानिरीक्षक के पद पर तबादला किया था। वह 7 अक्टूबर तक छुट्टी पर थे।वाई पूरन कुमार चंडीगढ़ के सेक्टर 11 स्थित कोठी नंबर 116 में रहते थे। इस कोठी में तीन फ्लोर हैं। तीनों फ्लोर पर अलग-अलग परिवार रहते हैं। पूरन कुमार ग्राउंड फ्लोर पर रहते थे। तीनों परिवारों ने मिलकर एक प्राइवेट सिक्योरिटी कंपनी से गार्ड रखे हुए थे।उनकी पत्नी अमनीत पी. कुमार आईएएस ऑफिसर हैं। वह मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और अन्य अधिकारियों के साथ 5 अक्टूबर को जापान दौरे पर गई थीं। वह कल शाम को स्वदेश लौटेंगी।

## प्रधानमंत्री मोदी ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन को 73वें जन्मदिन की दी बधाई

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन मंगलवार यानी 7 अक्टूबर 2025 को अपना 73वां जन्मदिन मना रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात की और उन्हें उनके 73वें जन्मदिन पर बधाई दी। दोनों नेताओं ने भारत-रूस विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और प्रगाढ़ करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। पीएम मोदी ने कहा कि वे राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का भारत में स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने पुतिन के साथ टेलीफोन पर बातचीत की।



प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन को उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं सभी प्रयासों में सफलता के लिए भी शुभकामनाएं दीं। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय एजेंडे में प्रगति की समीक्षा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि वे 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए राष्ट्रपति पुतिन का भारत में स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। बता दें कि इससे पहले रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 75वें जन्मदिन पर बधाई दी थी। इस पर पीएम नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा था कि मेरे मित्र राष्ट्रपति पुतिन, मेरे 75वें जन्मदिन पर आपके फोन कॉल और हार्दिक शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। हम अपनी विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारत यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए हर संभव योगदान देने के लिए तैयार है।

## जमू-कश्मीर में बाढ़ एवं भूस्खलन प्रभावित किसानों को पीएम-किसान योजना की 21वीं किस्त अग्रिम जारी

**लगभग 8.55 लाख किसानों के खातों में सीधे करीब 171 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए गए।**

● जिनमें 85 हजार से ज्यादा महिला किसान भी शामिल हैं।

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जम्मू-कश्मीर के बाढ़ एवं भूस्खलन प्रभावित किसानों को पीएम-किसान योजना की 21वीं किस्त अग्रिम जारी की। लगभग 8.55 लाख किसानों के खातों में सीधे करीब 171 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए गए, जिनमें 85 हजार से ज्यादा महिला किसान भी शामिल हैं।

मंगलवार को कृषि भवन में आयोजित समारोह में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह के साथ केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, केंद्रीय कृषि सचिव डॉ देवेश चतुर्वेदी, आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. मांगी लाल जाट उपस्थित रहे। जम्मू एवं कश्मीर के कृषि मंत्री जावेद अहमद डार तथा अन्य क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ अधिकारी और किसान प्रतिनिधि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। अब तक जम्मू-कश्मीर के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत कुल 4,052 करोड़ रुपए दिए जा चुके हैं। इस मौके पर शिवराज सिंह ने



मीडिया से बात करते हुए कहा कि बाढ़ और आपदा प्रभावित किसानों के लिए केंद्र सरकार की ओर से यह राशि किसानों को राहत प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि प्रभावित किसानों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हुई है। सरकार किसानों को संकट के पार निकालेगी। सरकार ने लगभग 5100 घरों के पुनर्निर्माण के लिए 85 करोड़ रुपए का प्रस्ताव भी स्वीकृत किया है। शिवराज सिंह ने कहा कि मनरेगा के तहत 100 दिनों के बजाय 150 दिनों की मजदूरी दी जाएगी। आपदा के इस समय में अन्य सभी प्रकार से हरसंभव सहायता की जाएगी।

## पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा अस्पताल में भर्ती

**बेंगलुरु** । देश के पूर्व प्रधानमंत्री और जनता दल (धर्मनिरपेक्ष) (जेडीएस) के अध्यक्ष एचडी देवेगौड़ा



को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के चलते उन्हें बेंगलुरु के मणिपाल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टर फिलहाल उनका इलाज कर रहे हैं और अस्पताल सूत्रों ने बताया कि उन पर इलाज का असर हो रहा है।

## युद्धक्षेत्र बदला, भविष्य में एल्गोरिदम और एआई से लड़े जाएंगे युद्ध : रक्षा मंत्री

**रक्षामंत्री ने युद्ध को नई परिभाषा देने वाली तकनीकों के विकास का किया आग्रह**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वैज्ञानिकों से मौजूदा समाधानों से आगे सोचने और युद्ध को नई परिभाषा देने वाली तकनीकों के विकास का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हमें तकनीक में न तो नकलची बनना है और न ही अनुयायी, बल्कि हमें दुनिया के लिए निर्माता और मानक निर्धारक बनना है। उन्होंने मंगलवार को विज्ञान भवन में 'रक्षा नवाचार संवादः आइडेक्स स्टार्टअप्स के साथ संवाद' के दौरान कहा कि ड्रोन, एंटी-ड्रोन सिस्टम, क्वांटम कंप्यूटिंग और निर्देशित-ऊर्जा हथियार भविष्य की रूपरेखा तैयार करेंगे। हमने ऑपरेशन सिंदूर में भी ऐसा ही एक प्रदर्शन देखा है। 'देश में रक्षा विनिर्माण के अवसर' विषयक सम्मेलन में रक्षा मंत्री ने कहा कि युद्धक्षेत्र बदल गया है, अब भविष्य के युद्ध एल्गोरिदम और एआई से लड़े जाएंगे। उन्होंने नव प्रवर्तकों से भारत का पहला रक्षा यूनिकॉर्न बनाने



इस अवसर पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत, सचिव (रक्षा उत्पादन) संजीव कुमार के साथ-साथ रक्षा मंत्रालय, रक्षा विकास विभाग, नवप्रवर्तक, स्टार्टअप, एमएसएमई, सशस्त्र बलों के प्रतिनिधि और विभिन्न रक्षा सार्वजनिक उपक्रमों के अधिकारी उपस्थित थे।

का आह्वान करते हुए युवाओं से भारत के तकनीकी परिवर्तन का नेतृत्व करने का आग्रह किया। रक्षा मंत्री ने पिछले वित्तीय वर्ष में 1.5 लाख करोड़ रुपये के रक्षा उत्पादन और 23,000 करोड़ रुपये से अधिक के निर्यात में रिकॉर्ड तोड़ उपलब्धियों में योगदान देने वाले नव प्रवर्तकों के सामूहिक प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि आप एक ऐसे नए भारत के निर्माता हैं जो अपने लिए डिजाइन, विकास और उत्पादन करने में विश्वास रखता है। साल 2018 में आइडेक्स की शुरुआत भारत के युवाओं की प्रतिभा को सशस्त्र बलों की तकनीकी आवश्यकताओं से जोड़ने के मकसद से की गई थी। आज केवल सात वर्षों में? 650 से अधिक रक्षा उत्कृष्टता के लिए नवाचार किये जा चुके हैं और 3,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के प्रोटोटाइप की खरीद सुनिश्चित की गई है। यह भारत के रक्षा नवाचार परिदृश्य में एक क्रांति का प्रतीक है। रक्षा मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि आइडेक्स से पहले भारतीय प्रतिभाएं विश्व स्तर पर विशेष रूप से आईटी, दूरसंचार और अंतरिक्ष के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रही थीं, लेकिन रक्षा क्षेत्र में उनका कम उपयोग हो रहा था। अब आइडेक्स? के माध्यम से हमने सुनिश्चित किया कि भारत कीप्रतिभाएं भारत की सुरक्षा के लिए काम करें। आज यह पहल केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि एक आंदोलन है, जो भारतीय रक्षा विनिर्माण के भविष्य को आकार दे रहा है। राजनाथ सिंह ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत के तहत रक्षा विनिर्माण अब निजी निवेश, अनुसंधान एवं विकास तथा रोजगार सृजन के लिए सबसे आशाजनक क्षेत्रों में से एक बन गया है। उन्होंने कहा कि साल 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए आवश्यक है कि हम रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनें और एक प्रमुख वैश्विक निर्यातक के रूप में उभरें। साथ ही अत्याधुनिक तकनीकी क्षेत्रों में विश्व का नेतृत्व भी करें। रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता स्पष्ट रूप से दिख रही है। इस दिशा में पिछले 10 वर्षों में सरकार ने 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान के अंतर्गत कई नीतिगत पहलें की हैं, जिनका उद्देश्य देश में रक्षा उपकरणों के स्वदेशी डिजाइन, विकास और निर्माण को प्रोत्साहित करना है।? रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता केवल 'मेक इन इंडिया' या निर्यात के आंकड़ों तक सीमित नहीं है। 'आत्मनिर्भरता' उस भरोसे का नाम है कि संकट की घड़ी में हम अपनी रक्षा के लिए किसी और पर निर्भर न हों। रक्षा मंत्री ने नव प्रवर्तकों से बातचीत की और उनकी तकनीकी सफलताओं की सराहना की। रक्षा स्टार्टअप का विस्तार, नवाचार और उत्पादन को जोड़ना और अनुसंधान एवं विकास सहयोग के माध्यम से आत्मनिर्भरता को गति देना जैसे विषयों पर पैनल चर्चाएं और अनुभव-साझाकरण सत्र आयोजित किए गए।

## ईडी ने 1.34 करोड़ की संपत्ति आईडीबीआई बैंक को वापस लौटाई

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) दिल्ली जोनल ऑफिस ने कमल कालरा मामले में (जिसकी ईडी जांच जारी है) सही दावेदार यानी आईडीबीआई बैंक को 1.34 करोड़ रुपए की संपत्ति सफलतापूर्वक वापस कर दी है। यह कदम भ्रष्टाचार और धनशोधन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का हिस्सा है और अपराध से प्राप्त अवैध संपत्ति (पीओसी) को सही हकदारों तक पहुंचाने की दिशा में एक बड़ा मील का पत्थर माना जा रहा है। यह जांच बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर शुरू की गई थी, जिसमें 59 फर्मों/कंपनियों के चालू खाताधारकों और कुछ अज्ञात बैंक अधिकारियों पर भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध करने का आरोप लगाया गया था। ईडी की जांच में यह खुलासा हुआ कि आरोपियों ने हांगकांग (एसएआर), चीन और दुबई की विभिन्न कंपनियों को बड़ी रकम हवाला ऑपरेटरों और व्यापारियों की मिलीभगत से अग्रिम आयात भुगतान।

## वाल्मीकि जी का जीवन-दर्शन सामाजिक समरसता व करुणा का प्रतीकः सीएम रेखा गुप्ता

कौमी पत्रिका
**नरेश मल्होत्रा**

नई दिल्ली, 7 अक्टूबर। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि महर्षि वाल्मीकि जी ने अपनी अमर कृति रामायण के माध्यम से संदेश दिया है कि समाज की सच्ची शक्ति करुणा, समानता और श्रम की गरिमा में निहित है। महर्षि वाल्मीकि जी का जीवन इस बात का प्रतीक है कि मानवता का सर्वोच्च रूप सेवा और समरसता में निहित होता है। मुख्यमंत्री ने यह विचार आज वाल्मीकि दलित महापंचायत में व्यक्त किए। महर्षि वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर त्रिलोकपुरी क्षेत्र में इसका आयोजन किया गया था। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। यदि महर्षि वाल्मीकि जी न होते तो हम प्रभु श्रीराम के व्यक्तित्व व कृतित्व को गहराई से नहीं जान पाते। इस विशेष कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों से आए नागरिकों, समाजसेवियों, और जनप्रतिनिधियों ने महर्षि वाल्मीकि जी के जीवन, दर्शन और शिक्षाओं पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में विधायक रविकांत भी मौजूद थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भगवान वाल्मीकि जी और प्रभु श्रीराम के जीवन प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि रामायण हमें समानता, करुणा और समरसता का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम ने समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने का संदेश दिया, चाहे वह केवट हों, निषादराज हों, शबरी हों या वानर सेना। यह सोच इस बात का प्रतीक है कि धर्म और विकास का मार्ग तभी सफल होता है जब समाज का हर वर्ग समान अवसर के साथ आगे बढ़े। महर्षि वाल्मीक ने रामायण जैसी अमर कृति रचकर प्रभु श्रीराम के जीवन के प्रत्येक आदर्श को समाज के सामने रखा।



मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी की जीवनगाथा हमें यह सिखाती है कि आत्मज्ञान और साधना से कोई भी व्यक्ति अपने जीवन का रूपांतरण कर सकता है। उनका जीवन केवल तपस्या का नहीं, बल्कि समाज में ज्ञान, न्याय और समरसता के प्रसार का प्रतीक है। उन्होंने अपनी दिव्य कृति रामायण के माध्यम से न केवल धर्म, नीति और आदर्श जीवन का मार्ग प्रशस्त किया, बल्कि यह भी बताया कि सच्चा धर्म करुणा, सत्य और सेवा में निहित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी का चरित्र यह प्रेरणा देता है कि जीवन में कितनी भी विपरीत परिस्थितियां क्यों न हों, यदि हमारे भीतर आत्मबोध की ज्योति प्रज्वलित हो जाए।

**शेष पृष्ठ 3 पर**

## प्रसिद्ध अभिनेता और लेफ्टिनेंट कर्नल मोहनलाल को सेना प्रमुख ने किया सम्मानित

**मोहनलाल को मई 2009 में भारतीय टेरिटोरियल आर्मी में मानद लेटिनेंट कर्नल की उपाधि दी गई थी।**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना प्रमुख ने प्रसिद्ध अभिनेता और थलसेना के मानद अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल मोहनलाल को समाज में उनके उत्कृष्ट योगदान और सशस्त्र बलों से सतत जुड़ाव के लिए सम्मानित किया। सेना प्रमुख ने मंगलवार को उन्हें यह सम्मान दिया। इस अवसर पर उन्हें सेना प्रमुख प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। अभिनेता मोहनलाल को मई 2009 में भारतीय टेरिटोरियल आर्मी में मानद लेफ्टिनेंट कर्नल की उपाधि दी गई थी। तब से वे निरंतर भारतीय सेना से भावनात्मक रूप से जुड़े रहे हैं और अनुशासन, सेवा एवं राष्ट्र गौरव के आदर्शों को अपने जीवन में उतारते रहे हैं। वर्ष 2024 में वायनाड में आई प्राकृतिक आपदा के दौरान उन्होंने स्वयं राहत कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाई थी, जिससे उनकी सामाजिक प्रतिबद्धता और मानवता के प्रति समर्पण स्पष्ट हुआ। सिनेमा जगत से परे, लेफ्टिनेंट कर्नल (मानद) मोहनलाल सामाजिक उत्थान के कार्यों में भी अग्रणी रहे हैं। उनके विश्व शांति फाउंडेशन के माध्यम से देशभर में शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, पर्यावरण संरक्षण और कल्याण से जुड़ी अनेक योजनाएं सफलतापूर्वक चलाई जा रही हैं। चार दशकों से अधिक लंबे अपने फिल्मी करियर में मोहनलाल ने 400 से अधिक फिल्मों में



अभिनय किया है, जिनमें मलयालम, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और हिंदी जैसी प्रमुख भाषाओं की फिल्में शामिल हैं। उनकी अदाकारी ने न केवल भारतीय सिनेमा को समृद्ध किया है, बल्कि करोड़ों दर्शकों के दिलों में विशेष स्थान बनाया है। मोहनलाल को अब तक कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से नवाजा जा चुका है, जिनमें पद्मश्री (2001), पद्मभूषण (2019), और दादासाहेब फाल्के पुरस्कार (2025) शामिल हैं।

## कैबिनेट ने चार राज्यों में चार मल्टी-ट्रैकिंग रेलवे प्रोजे ट्स को मंजूरी दी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने मंगलवार को चार राज्यों में चार मल्टी-ट्रैकिंग रेलवे प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है। इसमें 24,634 करोड़ रुपए की लागत आएगी। महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात और छत्तीसगढ़ के 18 जिलों को कवर करने वाले ये चार प्रोजेक्ट्स भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क को लगभग 894 किलोमीटर बढ़ाएंगे। सरकार की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया कि इन प्रोजेक्ट्स में महाराष्ट्र के वर्धा-भुसावल के बीच 314 किलोमीटर लंबी तीसरी और चौथी लाइन, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के गोंदिया-डोंगरगढ़ के बीच 84 किलोमीटर



लंबी चौथी लाइन, गुजरात और मध्य प्रदेश के बड़ौदा-रतलाम के बीच 259 किलोमीटर लंबी तीसरी और चौथी लाइन और मध्य प्रदेश के इटारसी-भोपाल के बीच 237 किलोमीटर लंबी बीना चौथी लाइन शामिल हैं। यह प्रोजेक्ट्स लगभग 85.84 लाख की आबादी वाले लगभग 3,633 गांवों में कनेक्टिविटी बढ़ाएंगे और इनमें विदिशा और राजनांदगांव के दो आकांक्षी जिले शामिल हैं। नई लाइनें लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेंगी और भारतीय रेलवे की परिचालन दक्षता और सेवा विश्वसनीयता में सुधार करेंगी। यह मल्टी-ट्रैकिंग प्रोजेक्ट्स भारतीय रेलवे नेटवर्क पर परिचालन को सुव्यवस्थित करने और भीड़भाड़

**इसमें 24,634 करोड़ रुपए की लागत आएगी।**

को कम करने में मदद करेगा। बयान में आगे कहा गया है कि ये प्रोजेक्ट्स प्रधानमंत्री मोदी के नए भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप हैं, जो क्षेत्र में व्यापक विकास के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को 'आत्मनिर्भर' बनाएगा और उनके रोजगार के अवसरों को बढ़ाएगा। इन प्रोजेक्ट्स की योजना प्रधानमंत्री-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के अनुसार बनाई गई है, जिसमें एकीकृत योजना और सभी पक्षकारों से परामर्श के माध्यम से मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक्स दक्षता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। यह प्रोजेक्ट्स सांची, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, भीमबेटका, हजारा वाटपफॉल और नवेगांव राष्ट्रीय उद्यान जैसे प्रमुख स्थलों को भी रेल संपर्क प्रदान करता है, जो देश भर से पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। कोयला, कंटेनर, सीमेंट, फ्लाई ऐश, खाद्यान्न और इस्पात जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए यह एक आवश्यक मार्ग है। क्षमता वृद्धि कार्यों के परिणामस्वरूप 78 मिलियन टन प्रति वर्ष (मिलियन टन प्रति वर्ष) अतिरिक्त माल यातायात होगा।रेलवे, पर्यावरण अनुकूल और ऊर्जा कुशल परिवहन माध्यम होने के कारण, जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने और देश की रसद लागत को कम करने, तेल आयात (28 करोड़ लीटर) को कम करने और कार्बन उत्सर्जन (139 करोड़ किलोग्राम) को कम करने में मदद करेगा, जो छह करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है।

## केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने दी मोदी को सत्ता में 24 साल पूरे होने की बधाई

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्रिमंडल के सदस्यों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सत्ता के शिखर पर 24 साल पूरे करने पर आज बधाई दी और उनके सुदीर्घ, यशस्वी एवं देश के लिए कल्याणकारी शासनकाल होने की कामना की। रेल,



इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी और सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देने के लिए आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आज ही के दिन नरेन्द्र मोदी ने 24 साल पहले मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी और इसके बाद से वह पहले 13 साल गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में और उसके बाद प्रधानमंत्री के तौर पर सतत रूप से देश की जनता की सेवा करते आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल की बैठक में सभी ने प्रधानमंत्री मोदी को इसके लिए बधाई दी और उनकी लंबी आयु, उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना करते हुए उनकेसुदीर्घ, यशस्वी एवं देश के लिए कल्याणकारी शासनकाल होने की कामना की।

## दिल्ली से वाराणसी जा रहे विमान को खराब मौसम और कम दृश्यता के कारण उतरने की अनुमति नहीं मिली

नई दिल्ली (एजेंसी)। इंडिगो की दिल्ली से वाराणसी की उड़ान 6ई 2211 को खराब मौसम और कम दृश्यता के कारण वाराणसी एयरपोर्ट पर उतरने की अनुमति नहीं मिली। विमान वाराणसी हवाई क्षेत्र में आधे घंटे तक हवा में चक्कर काटता रहा। ईंधन की कमी और मौसम में सुधार न होने के कारण, विमान को नजदीकी एयरपोर्ट लखनऊ के लिए डायवर्ट कर दिया गया। यात्री लखनऊ में लगभग दो घंटे तक विमान में ही बैठे रहे। मौसम सामान्य होने के बाद, विमान वापस वाराणसी एयरपोर्ट पर लौटा और सुरक्षित लैंडिंग की। उड़ान में देरी और डायवर्जन का मुख्य कारण सुबह 5 बजे उड़ान के समय वाराणसी में खराब मौसम और बहुत कम दृश्यता था। इंडिगो एयरलाइंस ने यात्रियों को सूचित किया कि उनकी सुरक्षा सर्वोपरि है, और मौसम में सुधार होने पर ही उड़ान जारी रखी गई। यात्रियों में चिंता का माहौल था, लेकिन उन्होंने एयरलाइन के कदमों को समझा और आभार व्यक्त किया। कुछ ने ऐसी घटनाओं के लिए बेहतर तैयारी की आवश्यकता पर जोर दिया। कोहरे का मौसम शुरू होने के कारण, यात्रियों को अगले कुछ महीनों तक सुबह की उड़ानों में इसी तरह के विलंब या डायवर्जन का सामना करना पड़ सकता है। विमानन क्षेत्र के विशेषज्ञों का मानना है कि मौसम की अनिश्चितता को देखते हुए एयरलाइंस को अपने परिचालन में और अधिक लचीलापन लाना चाहिए, ताकि यात्रियों को बेहतर अनुभव मिल सके और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## बेकाबू कार रेलवे फाटक से टकराई, चेन बांधकर ट्रेन रोकी गई

ऋषिकेश (एजेंसी)। भट्टोवाला क्षेत्र में एक बेकाबू कार ने रेलवे फाटक से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में किसी राहगीर को चोट नहीं आई और कार चालक भी सुरक्षित बच गया। फाटक क्षतिग्रस्त होने के कारण रेल कर्मचारियों ने मौके पर चेन बांधकर ट्रेन को रोका और बाद में सुरक्षित रूप से रेलवे मार्ग को खाली कराया। घटना उस समय हुई जब प्रयागराज एक्सप्रेस हरिद्वार से ऋषिकेश आ रही थी। ट्रेन को निकालने के लिए भट्टोवाला फाटक बंद किया जा रहा था, तभी कार फाटक से टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार बेकाबू गति से आई और फाटक में जोरदार टक्कर मारी। रेलवे कर्मचारियों और आरपीएफ कर्मियों ने तुरंत फाटक पर चेन लगाकर ट्रेन को रोका और फिर सुरक्षित निकाला। इससे कोई बड़ा हादसा होने से टल गया। घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने कार चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदर्शन किया, लेकिन तब तक चालक कार लेकर फरार हो चुका था।

## जाजपुर में खौफनाक हादसा: कपड़े धो रही महिला को मगरमच्छ ने पानी में खींचा, देखते रह गए लोग

जाजपुर (एजेंसी)। ओडिशा के जाजपुर जिले में विगत शाम एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जब खरस्रोता नदी के किनारे कपड़े धो रही एक महिला को मगरमच्छ ने अचानक हमला कर पानी में खींच लिया। यह हादसा बारी प्रखंड के बोडू पंचायत अंतर्गत कांटिया गांव के पास हुआ। प्राप्त जानकारी अनुसार, पीड़िता की पहचान 55 वर्षीय सौदामिनी महाला, पत्नी सुकदेव महाला, निवासी कांटिया गांव के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सौदामिनी नदी के उथले हिस्से में कपड़े धो रही थीं, तभी पानी से अचानक निकले मगरमच्छ ने उन पर झपट्टा मारा और उन्हें जबड़े में दबोच लिया। स्थानीय लोगों ने शोर मचाया लेकिन कोई भी पास जाने की हिम्मत नहीं जुटा पाया। कुछ लोगों ने घटना का वीडियो भी बना लिया, जिसमें मगरमच्छ महिला को पानी में घसीटता हुआ दिखाई दे रहा है। घटना के बाद स्थानीय वन विभाग की टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया, लेकिन महिला का पता नहीं चल सका। अधिकारियों का कहना है कि इलाके में पिछले कुछ समय से मगरमच्छों की संख्या बढ़ी है और खरस्रोता नदी में कई बार उन्हें देखा जा चुका है।

## खून से लथपथ गिड़गिड़ाती रही मां... कलयुगी बेटा पेचकस से गर्दन पर करता रहा वार

### -ऑनलाइन गेम में 50 लाख रुपये हारा

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तरप्रदेश की राजधानी लखनऊ के बाबू खेड़ा गांव में ऑनलाइन गेम के आदी एक बेटे निखिल ने अपनी मां रेनू (45) की बेरहमी से हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि निखिल पिछले लगभग एक साल से ऑनलाइन गेम खेल रहा था और 50 लाख रुपये के करीब हार चुका था। इतना ही नहीं आरोनी निखिल ने कई ऑनलाइन एप से उच्च ब्याज दर पर कुछ लोन भी लिया था। आनलाइन गेम और सट्टे में रुपये हार जाने के कारण वह लोन नहीं चुका पा रहा था, और लोन देने वाले जालसाज ब्लैकमेल कर डेटा के दुरुपयोग का दबाव बना रहे थे। रुपयों की सख्त जरूरत के कारण, निखिल ने 3 अक्टूबर की शाम को घर से जेवर चोरी करने की कोशिश की। लेकिन जेवर चोरी करते समय उसकी मां रेनू कमरे में आ गईं और उन्होंने निखिल को जेवर चोरी करते हुए देख लिया। मां के हाथों पकड़े जाने पर, निखिल ने अलमारी में रखा पेचकस उठाया और गिड़गिड़ाती हुई मां की गर्दन पर ताबड़तोड़ वार किए। जब मां खून से लथपथ होकर गिर पड़ीं, इसके बाद भी आरोपी कलयुगी बेटा नहीं माना और आरोपी ने सिलेंडर उनके सिर पर दे मारा। हत्या करने के बाद, वह जेवर बैग में रखकर पिता की बाइक से भाग निकला। भागते समय निखिल ने अपने मामा और दोस्त को फोन करके झूठ बोला कि असलहों से लैस बदमाशों ने मां पर हमला कर जेवर लेकर भाग गए। लेकिन पुलिस उपायुक्त दक्षिणी निपुण अग्रवाल के मुताबिक, सीसीटीवी फुटेज में निखिल को घर के पास पिट्ठू बैग लादे और बाइक से आराम से जाते हुए देखा गया, जबकि घर के पास कोई संदिग्ध बदमाश नहीं दिखा। इससे पुलिस को यकीन हो गया कि मां की हत्या बेटे निखिल ने की है। इसके बाद पीजीआई थाने की पुलिस और क्राइम टीम ने आरोपी निखिल को सलतानपुर बहेरा अल्लीपुर औरम्हा गांव से गिरफ्तार किया। पूछताछ में निखिल ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

# एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई, चुनाव आयोग ने मामले को और उलझा दिया



नई दिल्ली(एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट में बिहार के एसआईआर मामले की सुनवाई शुरू हुई। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच केस की सुनवाई कर रही है। याचिकाकर्ता एडीआर के वकील प्रशांत भूषण ने कोर्ट को बताया कि फाइनल मतदाता सूची आने के बाद उन्हें मामले की गंभीरता का पता चला है। प्रशांत भूषण ने कहा कि एसआईआर के लिए 2003 और 2016 में कोर्ट द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश मौजूद हैं, जिसमें फर्जी मतदाताओं को हटाने के नियम स्पष्ट थे। लेकिन चुनाव आयोग ने समस्याओं को सुलझाने के बजाय और जटिल कर दिया है। उन्होंने कहा कि एसआईआर में पारदर्शिता का बिल्कुल अभाव है। 65 लाख से अधिक मतदाताओं को हटाने की जानकारी कोर्ट के आदेश के बाद ही उपलब्ध हुई है। वहीं, वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया कि जिन 3.66 लाख लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटाए गए हैं, उनमें से किसी को भी इस बारे में नोटिस तक नहीं मिला। न किसी को हटाए जाने का कोई कारण बताया गया और न ही उन्हें अपनी बात रखने का मौका दिया गया। उन्होंने कहा कि भले ही अपील का प्रावधान हो, लेकिन जानकारी ही नहीं होने की वजह से अपील करना संभव नहीं है।

वहीं चुनाव आयोग की ओर से पेश हुए वकील राकेश द्विवेदी ने इसका खंडन करते हुए कहा कि हटाए गए सभी मतदाताओं को सूचित किया गया है। उन्होंने बताया कि ड्राफ्ट सूची और फाइनल सूची दोनों की प्रतियां सभी राजनीतिक दलों को दी गई हैं। इस पर जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, अगर आप हमें उन 3.66 लाख मतदाताओं की सूची दें, जिन्हें हटाने के बारे में सूचना नहीं दी गई है,तब हम उन्हें सूचित करने का निर्देश दें। हर व्यक्ति को अपील का अधिकार मिलना चाहिए।

कोर्ट ने चुनाव आयोग पक्ष के वकील से पूछा कि कितनी शिकायतें या आपत्तियां उन्हें मिली हैं और इन पर क्या कार्रवाई की गई है। इसके जबाव में द्विवेदी ने जवाब दिया कि ड्राफ्ट सूची में नाम होने और फाइनल सूची से नाम कटने की कोई शिकायत नहीं आई है। उन्होंने कहा कि आपत्तियों, दावों और नए वोटरों के नाम शामिल करने के लिए समय-समय पर कार्रवाई की जा रही है।

## जूता सीजेआई गवई पर नहीं फेंका.... बल्कि भारत के संविधान पर जूता फेंकने की कोशिश

### -शिवसेना यूबीटी सांसद संजय राउत ने घटना की कड़ी निंदा की

मुंबई (एजेंसी)। शिवसेना यूबीटी सांसद संजय राउत ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया बीआर गवई पर जूता फेंकने की कोशिश की कड़ी निंदा की है। उन्होंने घटना को भारत के संविधान पर हमला करार दिया। शिवसेना यूबीटी गुट के नेता राउत ने दावा किया कि घटना केवल सीजेआई के बारे में नहीं थी, बल्कि यह मौजूदा राजनीतिक माहौल का प्रतिबिंब थी, जहां सत्ता में बैठे लोग संविधान का सम्मान नहीं करते और उनके चाहने वाले इस तरह के कृत्यों का सहारा लेते हैं। राउत ने कहा, जूता सीजेआई गवई पर नहीं फेंका गया, बल्कि यह भारत के संविधान पर जूता फेंकने की कोशिश थी। बता दें कि सीजेआई पर जूता फेंकने की कोशिश वाली घटना ने देश में बढ़ती असहिष्णुता और संस्थानों के प्रति अनादर को लेकर तीखी बहस शुरु कर दी है। कई लोगों ने जजों की सुरक्षा और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर इसके संभावित प्रभावों को लेकर चिंता जाहिर की है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी, बीएसपी प्रमुख मायावती और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल सहित कई नेताओं ने घटना की निंदा की। उन्होंने इस घटना को लोकतंत्र और न्यायपालिका पर हमला बताया। बात दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य सरकारी अधिकारियों ने भी घटना की निंदा की और न्यायपालिका के सम्मान की महत्ता पर जोर दिया। वहीं महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि चीफ जस्टिस गवई महाराष्ट्र के गौरव हैं। एक वकील की ओर से उन पर हमला करने का प्रयास निंदनीय है। लोकतंत्र में इसतरह की घटनाओं के लिए कोई जगह नहीं है। विपक्षी दल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) ने इस घटना के विरोध में प्रदर्शन किया। इसकी निंदा कर कहा कि सीजेआई गवई पर हमला संविधान और लोकतंत्र पर हमला करने का प्रयास है।



## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया 'भगवद्गीता का योग विज्ञान' ग्रंथ का विमोचन

देहरादून (एजेंसी)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास में श्रीमद्भगवद्गीता पर परमहंस योगानंद द्वारा रचित टीका 'ईश्वर–अर्जुन संवाद' के संक्षिप्त संस्करण 'भगवद्गीता का योग विज्ञान' का विमोचन किया। इस अवसर पर योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया के द्वाराहाट (अल्मोड़ा) आश्रम से आए स्वामी वासुदेवानंद और स्वामी धैर्यानंद विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान स्वामी वासुदेवानंद ने मुख्यमंत्री को योगदा सत्संग सोसाइटी की आध्यात्मिक, शैक्षणिक और सामाजिक सेवा गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि द्वाराहाट आश्रम पर्वतीय क्षेत्र में स्थित उस पवित्र गुफा के निकट है, जहां अमर गुरु महावतार बाबाजी ने काशी के महान योगी श्यामाचरण लाहिड़ी (लाहिड़ी महाशय) को क्रियायोग की दीक्षा दी थी। बताया गया कि भगवान श्रीकृष्ण ने भी कुरुक्षेत्र के युद्धभूमि में अर्जुन को क्रियायोग का उपदेश दिया था। इस मौके पर योगदा देहरादून मंडली के डॉ. अनिल कौल और आशुतोष डोरा भी उपस्थित रहे।

## पूर्व एबीवीपी नेता ने डिबेट में राहुल को दी गोली मारने की धमकी, कांग्रेस ने शाह को लिखा पत्र

रायपुर (एजेंसी)। केरल में पूर्व एबीवीपी नेता पिंटू महादेव द्वारा टीवी डिबेट के दौरान राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी देने के बयान से देशभर में बवाल मच गया है। इस बयान के विरोध में रायपुर के सिविल लाइन थाने में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की।

बता दें कि 26 सितंबर को केरल के एक न्यूज चैनल पर लद्दाख हिंसा को लेकर लाइव डिबेट चल रही थी। इस दौरान भाजपा की तरफ से बोलने आए पूर्व एबीवीपी नेता पिंटू महादेव ने कहा कि 'राहुल गांधी को सीने में गोली मार दी जाएगी। इस बयान के तुरंत बाद देशभर में कांग्रेस नेताओं ने कड़ी आपत्ति जताई और मामले को विधानसभा तक पहुंचा दिया। केरल कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के सचिव श्रीकुमार सीसी की शिकायत पर पेरामंगलम पुलिस ने पिंटू महादेव के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है और उसकी तलाश जारी है। वहीं कांग्रेस महासचिव के।सी। वेणुगोपाल ने गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर कहा कि अगर आरोपी पर तुरंत कार्रवाई नहीं हुई तो इसे सरकारी मिलीभगत माना जाएगा। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने आरोप लगाया कि भाजपा ने कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ा दी हैं। उन्होंने कहा, 'जब भाजपा नेताओं के खिलाफ बयान होता है तो तुरंत एफआईआर होती है, लेकिन राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी देने पर सरकार चुप है।' हाल ही में सीआरपीएफ ने राहुल गांधी की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई थी। एजेंसी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र लिखकर बताया कि राहुल गांधी पिछले 9 महीनों में 6 बार बिना सूचना विदेश गए।

### कांग्रेस ने रायपुर में किया हंगामा

रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ता और नेताओं ने सिविल लाइन थाने का घेराव कर पिंटू महादेव की गिरफ्तारी की मांग की। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा कि जब भाजपा नेताओं पर टिप्पणी होती है तो तुरंत एक्शन लिया जाता है, लेकिन राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी देने वाले नेता पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। उन्होंने कहा कि यह कानून और संविधान का उल्लंघन है।

# गंदगी के बीच बनाया जा रहा था कफ सिरप, फैसिलिटी और उपकरणों की थी कमी

### –तमिलनाडु सरकार की रिपोर्ट में खुलासा, कंपनी ने किया नियमों का उल्लंघन

नई दिल्ली (एजेंसी)। नई दिल्ली,(ईएमएस)। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में कफ सिरप से 14 से ज्यादा बच्चों की मौत ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। इसी बीच श्रीसन फार्मास्यूटिकल की फैक्ट्री पर आधारित तमिलनाडु सरकार की 26 पन्नों की एक रिपोर्ट में चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि कंपनी ने कप सिरप के निर्माण में नियमों का उल्लंघन किया है।

एक मीडिया संस्थान के हाथ लगी रिपोर्ट में बताया गया है कि कंपनी में गंदगी के बीच सिरप बनाया जा रहा था। स्किल्ड मैनपावर, मशीनरी, फैसिलिटी और उपकरणों की कमी थी। क्वालिटी असुरेंस विभाग का अस्तित्व ही नहीं था और बैच रिलीज से पहले कोई जांच नहीं की जाती थी। रिपोर्ट के मुताबिक तमिलनाडु की श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स कंपनी में कोल्ड्रिफ कफ सिरप के उत्पादन में 350 से ज्यादा गंभीर लापरवाही बरती गई, जिसमें 39 क्रिटिकल और 325 मेजर खामियां पाई गई हैं। सिरप में 48.6 फीसदी डायएथिलीन ग्लाइकॉल (डीईजी) पाया गया जो किडनी फेलियर का कारण बनता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि कोल्ड्रिफ कफ सिरप का निर्माण अस्वच्छ परिस्थितियों में किया जा रहा था। फैक्ट्री में कोई एयर हैंडलिंग यूनिट नहीं थी, वेंटिलेशन खराब था और उपकरण क्षतिग्रस्त या जंग लगे हुए थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्लांट का लेआउट और डिजाइन ही दूषित होने के जोखिम में योगदान दे रहा था। रिपोर्ट में कहा गया है कि कंपनी ने 50 किलो प्रोपलीन ग्लाइकॉल बिना चालान के खरीदा जो अवैध है। सिरप में डायथिलीन ग्लाइकॉल (डीईजी) के अंश भी पाए गए जो एक अत्यधिक विषैला औद्योगिक विलायक है और इसका इस्तेमाल ब्रेक फ्लूइड, पेंट और प्लास्टिक में होता है।

प्रोपलीन ग्लाइकॉल एक कम विषैला इंडस्ट्रियल सॉल्वेंट है, जिसका इस्तेमाल खाद्य, दवा और ब्यूटी प्रोडक्ट्स में होता है, लेकिन डीईजी कम मात्रा में भी इंसानों के लिए घातक है। प्रोपिलीन ग्लाइकॉल की जगह डीईजी का इस्तेमाल दुनिया भर में बड़े पैमाने पर विषाक्तता की घटनाओं का कारण है, जिसमें हाल ही में मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में बच्चों की मौत भी शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि कंपनी ने लिक्विड फॉर्मूलेशन ट्रांसफर के लिए प्लास्टिक पाइप्स का इस्तेमाल करती थी, फिल्ट्रेशन सिस्टम नहीं था और केमिकल इफ्लुएंट्स को सीधे सामान्य नालियों में डाला जाता था।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि क्रिटिकल मैन्युफैक्चरिंग ऑपरेशंस में इस्तेमाल साफ पानी के टैंक अस्वच्छ स्थिति में पाए गए। निरीक्षण टीम ने पाया कि कच्चे माल को बिना परीक्षण या विक्रेता की अनुमति के जारी किया गया था और प्रतिकूल प्रतिक्रियाओं पर नजर रखने के लिए कोई फार्माकोविजिलेंस सिस्टम मौजूद नहीं था। सैंपलिंग खुले वातावरण में की गई, जिससे दूषित होना अपरिहार्य था।

रिपोर्ट में कहा गया है कि कीटों या चूहों को रोकने के लिए कोई बंदोबस्त नहीं था। साथ ही फ्लाई कैचर्स यानी मक्खी पकड़ने वाले और एयर कर्टेंस गायब थे, प्रोडक्शन क्षेत्रों में फिल्टर की गई हवा का कोई प्रबंध नहीं था। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि कंपनी में कुशल मैनपावर की कमी थी और एनालिटिकल टेस्ट मेथड्स या सफाई प्रक्रियाओं का वैलिडेशन कभी नहीं किया गया था।



तमिलनाडु सरकार के निष्कर्षों से अब ये पता चलता है कि यदि निर्माता ने सबसे बुनियादी दवा सुरक्षा मानदंडों का पालन किया होता तो इस त्रासदी को रोका जा सकता था। वहीं, इस प्रकरण में मध्य प्रदेश सरकार ने तीन अधिकारियों को निलंबित कर दिया है और राज्य ड्रग कंट्रोलर को हटाया दिया है। डॉक्टर प्रवीण सोनी को गिरफ्तार कर निलंबित कर दिया है, जिन्होंने सिरप प्रेस्क्राइब किया था। साथ ही सरकार ने मृतकों के परिवारों को 4-4 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की है। कई राज्य जैसे मध्य प्रदेश, राजस्थान, केरल और तमिलनाडु ने सिरप की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। केंद्र सरकार ने 6 राज्यों में 19 ड्रग यूनिट्स का जोखिम-आधारित निरीक्षण शुरू किया कर दिया है।

## खड़गे ने दलित युवक की हत्या पर जताई कड़ी नाराजगी, बोले- यह संविधान और सामाजिक न्याय पर हमला



नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के रायबरेली में एक दलित युवक की पीट-पीटकर हत्या के मामले ने अब राजनीतिक गलियारों को गरमाने का कर दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे सामाजिक न्याय और संविधान के खिलाफ अपराध बताया है। उन्होंने कहा कि यह घटना न केवल दलित समुदाय पर हमला है, बल्कि पूरे समाज की संवेदनशीलता पर सवाल खड़ा करती है।

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' (पूर्व ट्विटर) हैंडल पर कांग्रेस की ओर से जारी एक संयुक्त वक्तव्य साझा किया, जिसमें कहा गया है कि रायबरेली में दलित युवक की हत्या निंदनीय है और यह घटना भारत के संविधान का अपमान है, जो सभी नागरिकों को समानता और सुरक्षा का अधिकार देता है। वक्तव्य में कहा गया, यह दलित समुदाय के खिलाफ अपराध होने के साथ-साथ पूरे समाज पर कलंक है। कांग्रेस ने अपने बयान में कहा कि देश में दलितों, अल्पसंख्यकों और गरीबों के खिलाफ हिंसा की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। पार्टी ने हाथरस, उन्नाव, रोहित वेमुला, मध्य प्रदेश में आदिवासी युवक पर यूरिन करने की घटना, ओडिशा और हरियाणा में भीड़ हिंसा और अखलाक की हत्या जैसे मामलों का जिक्र करते हुए कहा कि ये सभी घटनाएं समाज और प्रशासन की संवेदनहीनता को उजागर करती हैं।

संयुक्त वक्तव्य में आगे कहा गया कि 2014 के बाद से मॉब लिंचिंग, बुलडोजर की कार्रवाई और भीड़तंत्र जैसी घटनाएं आम हो गई हैं, जो किसी सभ्य समाज के लिए अस्वीकार्य हैं। वक्तव्य कहा गया है, कि हरिओम की हत्या हमारे समाज की नैतिकता पर प्रश्नचिह्न है। कांग्रेस डॉ. भीमराव आंबेडकर और महात्मा गांधी के उस भारत की बात करती है जो सामाजिक न्याय, समानता और संवेदना पर आधारित हो। वहीं, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे इंसानियत और संविधान की हत्या बताया है।

वहीं दूसरी तरफ रायबरेली पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है और कहा है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने दावा किया है कि सभी आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## छह और ग्यारह, एनडीए नौ दो ग्यारह मतलब डबल इंजन सरकार की विदाई तय

### –राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने नीतीश सरकार पर कसा तंज



पटना (एजेंसी)। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने नीतीश सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने दावा किया है कि आगामी विधानसभा चुनाव में डबल इंजन की सरकार की विदाई होना तय है। बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद राजनीतिक और तेज हो गई है। चुनावी तैयारियों के साथ-साथ आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। एनडीए और इंडिया ब्लॉक अपनी-अपनी सरकार बनाने का दावा कर रहे हैं।

इसी बीच पूर्व सीएम लालू यादव ने कहा कि बिहार से डबल इंजन सरकार की विदाई तय है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में लिखा- छह और ग्यारह, एनडीए नौ दो ग्यारह। इस पोस्ट के जरिए उन्होंने संकेत दिया कि बिहार से एनडीए की विदाई तय है। यह पहली बार नहीं है जब लालू ने बिहार सरकार पर निशाना साधा है। वह अक्सर सोशल मीडिया के जरिए सरकार पर कटाक्ष करते रहते हैं।

एक अन्य पोस्ट में लालू यादव ने सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में चल रही एनडीए सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि बिहार की डबल इंजन की सरकार का मतलब भ्रष्टाचार ही भ्रष्टाचार है। उन्होंने कहा कि इस भ्रष्ट व्यवस्था को बदलना है। इस बार बिहार के मुख्यमंत्री को बदलना है और सरकार भी बदलेंगे। जहां एक ओर लालू यादव सीएम नीतीश कुमार को लेकर हमलावर हैं और सरकार बदलने का दावा कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ बिहार का नेतृत्व वह अपने बेटे और राजद नेता तेजस्वी यादव में देखते हैं।

बता दें उन्होंने कई मंचों से तेजस्वी को बिहार का अगला सीएम बनाने के लिए जनता से अपील भी की है। एक पोस्ट में उन्होंने लिखा था- तेजस्वी के नेतृत्व में, नया बिहार बनाएंगे। बता दें बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए मतदान 6 नवंबर को और दूसरे चरण में 11 नवंबर को मतदान होगा। वहीं चुनाव के नतीजे 14 नवंबर को आएंगे। चुनाव को लेकर आयोग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।

## चीन और पाकिस्तान की बढ़ेगी धड़कन, अब भारत में ही बनेगा एस-400, कुछ रुस देगा

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और रूस के बीच अतिरिक्त पांच सिस्टम की कीमत पर सहमति बन चुकी है। दोनों देश के बीच अब इस पर बातचीत चल रही है कि इनमें से तीन सिस्टम सीधे खरीदे जाएंगे और बाकी के दो एस-400 टेक्नॉलजी ट्रांसफर के तहत निर्मित होंगे। यह सौदा सरकार-से-सरकार के बीच होगा और रखरखाव, मरम्मत और ओवरहॉल सुविधाएं भारतीय प्राइवेट सेक्टर की मदद से स्थापित की जाएंगी। खबरों के मुताबिक वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने रूस की पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान एसयू-57 को लेने पर विचार की बात कही थी। हालांकि सरकार ने अब तक न एसयू-57 और न अमेरिकी एफ-35 लड़ाकू विमान को लेकर कोई निर्णय लिया है।

बता दें कि ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान एस-400 ट्रायम्फ सिस्टम ने पाकिस्तान के खिलाफ अपनी जबरदस्त क्षमता साबित की थी। पाकिस्तान ने 7 मई के हमले के बाद आदमपुर और भुज एयरबेस पर तैनात एस-400 को निशाना बनाने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो पाया।

इसके बाद 10 मई तक पाकिस्तान को अपने सभी एयर एसेट्स को भारतीय सीमा से 300 किमी दूर ले जाना पड़ा और मुश्किल से ही कोई विमान उड़ान भर सका। एस-400 की लंबी दूरी की मिसाइलों ने पाकिस्तान के एक विमान को पंजाब में 314 किमी की दूरी पर मार गिराया था और उत्तर में एफ-16 व जेएफ-17 लड़ाकू विमानों को भी ढेर किया था। भारत ने रूस के साथ 2018 में ही पांच एस-400 सिस्टम के लिए 5.43 अरब डॉलर की डील की थी। इसके तहत अगले साल के अंत तक दो एस-400 की सप्लाई होनी है। इसके साथ ही अब पांच और एयर डिफेंस सिस्टम खरीदने पर बातचीत चल रही है। रक्षा मंत्रालय के शीर्ष अधिकारी इसके लेकर इस हफ्ते रूसी अधिकारियों से मुलाकात करने वाले हैं। इस मुलाकात में इस रूसी रक्षा कवच को मिलकर बनाने पर चर्चा किया जाएगा। माना जा रहा है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की 5 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ होने वाली वार्षिक शिखर वार्ता से पहले इस सौदे को हरी झंडी मिल सकती है। उधर खबर है कि भारत रूस से 200 किमी से अधिक रेंज वाली एयर-टू-एयर मिसाइल आरवीवी-बीडी (आर-37) भी हासिल करना चाहता है, जिससे एसयू-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों की मारक क्षमता बढ़ाई जा सके।



# सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर दिल्ली में भव्य उत्सव

कौमी पत्रिका
संजय कुमार

नई दिल्ली। दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कल दिल्ली सचिवालय में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि दिल्ली सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राजधानी में भव्य राष्ट्रीय एकता कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। सरदार @150 के इस अवसर पर केंद्र सरकार और युवा एवं खेल मंत्रालय के आह्वान पर दिल्ली में अनेक प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे द्य दो माह चलने वाले इस अभियान का मुख्य संदेश एक भारत, आत्मनिर्भर भारत, एकजुट भारत, विकसित भारत के साथ-साथ युवाओं में राष्ट्रीय एकता, नशामुक्त जीवन, स्वच्छ यमुना का संदेश फैलाना है। सरदार पटेल जी की यह 150वीं जयंती, कश्मीर से कन्याकुमारी तक एकता की वह भावना जगाएगी जिसकी कल्पना उन्होंने स्वयं की थी। इस अवसर पर सूद ने बताया कि इस ऐतिहासिक अभियान के अंतर्गत दिल्ली के 15 शैक्षिक जिलों से 150 विद्यार्थी यमुना नदी से जल संग्रह करेंगे और यह जल देश की 25 प्रमुख नदियों तक पहुँचाया जाएगा जिनमें जम्मू-कश्मीर की झेलम और हैदराबाद की मूसी नदी भी शामिल हैं। बदले में इन नदियों का पवित्र जल दिल्ली लाया जाएगा जिसे पटेल चौक स्थित सरदार पटेल प्रतिमा पर अभिषेक कर राष्ट्रीय एकता का जल संकल्प लिया जाएगा। 31 अक्टूबर को इन सभी नदियों के पवित्र जल से मुख्यमंत्री जी सरदार पटेल जी की प्रतिमा का जलाभिषेक करेंगी। इस पूरे अभियान पर आधारित वीडियो डॉक्यूमेंट्री भी तैयार की जाएगी जिसका प्रदर्शन मुख्य समारोह में किया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने आगे कहा कि दिल्ली में 31 अक्टूबर 2025 को शाम 6:00 बजे से दिल्ली के 11 रेवेन्यू जिलों में मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में राज्य स्तरीय एकता पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा, जो पटेल



चौक से प्रारंभ होकर नेशनल वॉर मेमोरियल तक जाएगी। इसमें लगभग 5000 प्रतिभागी भाग लेंगे। प्रत्येक जिले से चुने गए छात्र-प्रतिनिधि, शिक्षक, युवा, NSS, NCC और MY Bharat के स्वयंसेवक इसमें भाग लेंगे। इन पदयात्राओं का समापन जिलेवार सांस्कृतिक व प्रेरक कार्यक्रमों के साथ होगा जहाँ विद्यार्थियों में देशभक्ति, अनुशासन और एकता की भावना को प्रोत्साहित किया जाएगा। 1 नवंबर से 25 नवंबर तक दिल्ली के 10 ज़िलों में 15-15 किलोमीटर लंबी पदयात्राएँ आयोजित की जाएँगी, जो मिलकर कुल 150 किलोमीटर लंबा अभियान बनाएँगी। इन पदयात्राओं का नेतृत्व दिल्ली के सांसद, मंत्री, विधायक, पद्म पुरस्कार विजेता, विशिष्ट पेशेवर और अन्य प्रमुख हस्तियाँ करेंगी।सूद ने बताया कि 1 नवंबर जो दिल्ली सहित नौ राज्यों का स्थापना दिवस है उस दिन लाल किले पर एक भारत श्रेष्ठ भारत-आत्मनिर्भर भारत विषय पर एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रोजेक्शन मैपिंग शो आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सभी राज्यों की संस्कृति, खानपान और आत्मनिर्भरता की झलक प्रदर्शित की जाएगी। आयोजन में दिल्ली के युवा और स्कूली छात्र-छात्राएँ प्रमुख भूमिका निभाएँगे ताकि यह उत्सव जनभागीदारी का प्रतीक बने। शिक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि इस समारोह में केंद्र सरकार की संस्था माई भारत (My Bharat)के सहयोग से पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और स्टैच्यू ऑफ यूनिटी यात्रा के अंतर्गत दिल्ली के 15 शैक्षिक जिलों में एक भारत श्रेष्ठ भारत ङ्क आत्मनिर्भर भारत विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रत्येक जिले से 10 सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी चुने जाएँगे कुल 150 बच्चे जो सरदार पटेल जी की 150वीं जयंती का प्रतीक होंगे। चयनित विद्यार्थियों को स्टैच्यू ऑफ यूनिटी (गुजरात) की यात्रा पर ले जाया जाएगा। शीर्ष 15 बच्चों के पोस्टर प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री को भेजे जाएँगे। 26 नवम्बर 2025 संविधान दिवस पर राष्ट्रीय स्तर की पदयात्रा गुजरात के स्टैच्यू ऑफ यूनिटी से आरंभ होगी, जिसमें देशभर के चयनित प्रतिनिधि, हस्स्, ह्रष्ट और MY Bharat के युवा शामिल होंगे। इस अवसर पर माननीय केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया युवाओं को संबोधित करेंगे। शिक्षा मंत्री ने आगे कहा कि इस अवसर पर दिल्ली में भी विशेष आयोजन किया जाएगा द्य 1 नवम्बर को दिल्ली स्थापना दिवस मेरी दिल्ली, मेरा देश थीम पर मनाया जाएगा जिसमें प्रोजेक्शन मैपिंग, लाइट एंड साउंड शो तथा भोजन उत्सव (फूड फेस्टिवल) आयोजित किए जाएंगे। सूद ने यह भी कहा कि सरदार ञ्च150 अभियान, भारत के महान एकीकरणकर्ता सरदार पटेल को श्रद्धांजलि ही नहीं बल्कि भारत के युवाओं के लिए आत्मनिर्भरता, अखंडता और राष्ट्रनिष्ठा की प्रेरणा का आह्वान है। आइए हम सब मिलकर एक भारत, आत्मनिर्भर भारत, एकजुट भारत, विकसित भारत का संकल्प लें ।

## ओआरएस का घोल समझकर डायरिया से पीडित वृद्ध ने पी लिया कीटनाशक

बुलंदशहर। स्याना क्षेत्र निवासी एक बुजुर्ग डायरिया से पी?ित होने पर घर पर ही उपचार करवा रहा था। शुक्रवार को ओआरएस का घोल समझ बुजुर्ग ने कीटनाशक पदार्थ का घोल पी लिया। कीटनाशक पदार्थ पीने से बुजुर्ग की हालत बिग?ने लगी। परिजन बुजुर्ग को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्याना पहुंचे जहां चिकित्सकों ने बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन बिना पुलिस कार्रवाई के बुजुर्ग का शव घर ले गए। जानकारी के अनुसार स्याना क्षेत्र के गांव हरवानपुर निवासी 88 वर्षीय मही सिंह को तीन दिन पूर्व डायरिया की बीमारी हो गई। परिजन मही सिंह को घर पर ही ओआरएस का घोल लाकर पिला रहे थे। शुक्रवार को मही सिंह के पास कीटनाशक पदार्थ का घोल रखा था जिसे बुजुर्ग ने ओआरएस का घोल समझ पी लिया। इसके बाद बुजुर्ग की हालत बिग?ने लगी। बुजुर्ग के शोर मचाने पर परिजन उनके पास पहुंचे और उन्होंने भूल से कीटनाशक घोल पीने की बात कही। इसके बाद परिजन बुजुर्ग को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और कीटनाशक पदार्थ पीने की बात कही। चिकित्सक ने जांच में बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन बिना पुलिस कार्रवाई के शव घर ले गए। सीएमओ डॉ. सुनील कुमार दोहरे ने बताया कि डायरिया पी?ित के कीटनाशक पदार्थ के घोल पीने से मौत की जानकारी की जा रही है।

## उत्तर रेलवे ने कई ट्रेनों के समय में किया बदलाव

नई दिल्ली। रेलवे के अनुसार, विभिन्न कारणों से पूर्वोत्तर भारत से दिल्ली, आनंद विहार, चंडीगढ़ और अमृतसर की ओर जाने वाली नौ ट्रेनों को उनके निर्धारित मार्ग के बजाय वैकल्पिक मार्ग से संचालित किया जा रहा है। इसके तहत कामाख्या-दिल्ली जंक्शन (15658), डिब्रूगढ़-लालगढ़ (15909), डिब्रूगढ़-नई दिल्ली (20503 और 12423), कामाख्या-आनंद विहार टर्मिनल (12505), डिब्रूगढ़-चंडीगढ़ (15903), अगरतला-आनंद विहार टर्मिनल (20501), सिलचर-नई दिल्ली (14037) और न्यू तिनसुकिया-अमृतसर (15933) ट्रेनों को 6 और 7 अक्टूबर से न्यू कूचबिहारङ्कमथाभांगाङ्कन्यू चांगराबांधा-जल्पाईगुड़ी रोड-न्यू जलपाईगुड़ी मार्ग से चलाया जा रहा है।

### NAME CHANGE
I, REENA DESAI D/O SH. BHADERSH DESAI, R/O FLAT NO-304, TOWER-25, BPTP TERRA, SECTOR-37D, GURGAON, HARYANA-122001, HAVE CHANGED MY NAME FROM REENA NITIN MAHANTSHETTY TO REENA DASAI FOR ALL FUTURE PURPOSES

### NAME CHANGE
I DEPENDRA BISHT S/O BHAGAT SINGH BISHT R/O H.NO 1013 JAWAHAR COLONY FARIDABAD HARYANA -121005 ,I have changed my name to DIPENDER SINGH BISHT Permanently

### NAME CHANGE
I, NAKUL S/O CHAMAN LAL R/O 868 P SECTOR-10A NEAR SADHNA PARK GURGAON, HARYANA-122001, I HAVE CHANGED MY NAME TO NAKUL CHAUDHARY FOR ALL FUTURE PURPOSES

### NAME CHANGE
I, MANJU BALA W/O SHIV CHARAN R/O H.NO-11,GALI NO-2, PALAM VIHAR EXT, GURGAON, HARYANA-122017 HAVE CHANGED MY NAME TO MANJU RANI FOR ALL FUTURE PURPOSE.

### NAME CHANGE
I, hitherto known as RAM PYARE S/O SHIRINATH R/O 231, BLOCK-A, NAVJIWAN CAMP GOVIND-PURI, KALKAJI, SOUTH DELHI, DELHI-110019 have changed my name and shall hereafter be known as PYARE LAL.

### PUBLIC NOTICE
It is for general information that I, AYSHA D/o JALIL AHMAD R/o B-178, Block-B, JJ Colony, Old Seemapuri, Jhilmil, East Delhi Delhi-110095 declare that name of my father has been wrongly written as JALIL AHEMAD in my 10th class educational documents and as JALIL AHMED in my OBC certificate No.OBC/98/02/12627/10/6/2013/90509829448028 /20934. The actual name of my father is JALIL AHMAD which may be amended accordingly.

# रूट को लेकर हुआ भयंकर झगड़ा, डीटीसी बस मार्शल ने कंडक्टर की उंगली काटी

दिल्ली। दक्षिण दिल्ली में इलेक्ट्रिक बस के रूट को लेकर हुए झगड़े में एक डीटीसी बस मार्शल ने कंडक्टर की उंगली काट ली। उसके बाद आरोपी मार्शल मानसिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। दक्षिण-पश्चिमी जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह घटना 28 सितंबर की शाम को हुई जब मुनिरका निवासी कंडक्टर जितेंद्र कुमार पुनिया (34) नोएडा के सेक्टर 62 और धौला कुआं के बीच चलने वाली एक बस में ड्यूटी पर थे। पुनिया 2019 से डीटीसी में अनुबंध के आधार पर काम कर रहे हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि बस चालक और मार्शल इलेक्ट्रिक बस को लाजपत नगर रिंग रोड फ्लाईओवर से ले जाना चाहते थे, जबकि कंडक्टर जितेंद्र समानांतर सड़क से जाने पर अड़े थे। इसी बात पर बहस हो गई। शाम करीब साढ़े पांच बजे नेहरू नगर के पास बस भारी ट्रैफिक में फंस गई, जिससे काफी देरी हुई। शाम करीब साढ़े छह बजे बस धौला कुआं टर्मिनल पहुंची तो झगड़ा और बढ़ गया। ड्राइवर चाय पीने चला गया, जबकि पुनिया खाना खाने के लिए बस में ही बैठे रहे। इसी दौरान मार्शल मानसिंह कथित तौर पर उनके पास आया और गालियां देते हुए बहस शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि जब पुनिया ने विरोध किया तो मार्शल ने उन पर हमला कर दिया और मारपीट के दौरान उनके बाएं हाथ की मध्यमा उंगली को इतनी ज़ोर से काटा कि उसका सिरा अलग हो गया। कंडक्टर की चीख-पुकार सुनकर टर्मिनल पर मौजूद लोग मदद के लिए दौड़े। उन्होंने आरोपी को गिरफ़्त से छुड़ाया। उसके बाद पुनिया ने शाम 7.46 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को फोन किया उसके बाद पीसीआर वैन उन्हें एम्स ट्रॉमा सेंटर ले गई। डॉक्टरों ने बताया कि उनकी उंगली काट दी है। घटना वाले दिन पुनिया तेज़ दर्द के कारण पूरा बयान नहीं दे पाए थे। अगले दिन उनकी विस्तृत शिकायत दर्ज की गई। उसी आधार पर साउथ कैंपस पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया। पुलिस को शाम 6.48 बजे मानसिंह की ओर से भी एक अलग पीसीआर कॉल मिली। इसमें आरोपी ने कहा कि कंडक्टर उससे झगड़ा कर रहा था।

### नाम परिवर्तन
मिनजानिब सलीम शहजाद पुत्र श्री इश्तिदार अहमद निवासी 8178 चिमनी मिल, गली रानी झांसी रोड, बाडा हिन्दू राय, जी0 पी0 ओ0 नॉर्थ दिल्ली, दिल्ली.110006 बताता हूं कि पूर्व में मेरे नाम की स्पेलिंग इंगलिश में Saleem Shehzad थी परन्तु अब मैंने अपने नाम की स्पेलिंग बदलकर Salim Shahzad रख ली है। यह कि भविष्य में मुझे उपरोक्त नये नाम की स्पेलिंग Salim Shahzad से ही जाना पहचाना जाये।

## वाल्मीकि जी का जीवन-दर्शन सामाजिक समरसता व करुणा का प्रतीक: सीएम रेखा गुप्ता

प्रथम पृष्ठ का शेष

तो हम संसार के लिए आलोक स्तंभ बन सकते हैं। महर्षि ज्ञान, भक्ति और श्रम की गरिमा के महान उपासक थे। मुख्यमंत्री के अनुसार आज के युग में जब समाज विविध चुनौतियों से जूझ रहा है, महर्षि वाल्मीकि जी का संदेश पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है कि समरसता ही समाज की सच्ची शक्ति है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यह भी कहा कि जनता के आशीर्वाद और सहयोग का परिणाम है कि आज दिल्ली में सभी लोगों को साथ लेकर चलने वाली सरकार कार्यरत है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार राजधानी को विकसित करने के लिए हर आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री के अनुसार समाज एक गाड़ी की तरह है, जब उसके सभी पहियों में समान संतुलन रहेगा, तभी वह गति पकड़ेगी। इसलिए सरकार का उद्देश्य है कि दिल्ली में हर नागरिक को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सम्मान के समान अवसर मिलें। उन्होंने कहा कि जब पूरी दिल्ली समानता और सम्मान के भाव से आगे बढ़ेगी, तभी विकसित भारत और विकसित दिल्ली का सपना साकार होगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार भी इन्हीं मूल्यों के अनुरूप समरस समाज के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा लक्ष्य है कि दिल्ली का हर नागरिक विकास, सम्मान और अवसरों का समान अधिकार प्राप्त करे।

### NAME CHANGE
I, Mohd Abid Qureshi s/o Mohd Saeed R/o 496, Chatta Lal Man Gali, Bahar Wali, Daryaganj, New Delhi-110002 have changed my name to Mohd Abid for all future purposes

### NAME CHANGE
I, NATHU RAM S/o Latoori Singh resident of K-514/19/4, Ratiya Marg, Sangam Vihar, New Delhi-110080 have changed my name from NATHU RAM to NATTHU SINGH for all future purpose.

### NAME CHANGE
I, SONAM RANI wife of SACHIN KUMAR MAVVI, resident of FLAT NO-701, TOWER-1, OAKMOUNT PUTTING GREENS, GH-2, OMEGA-2, GREATER NOIDA, UTTAR PRADESH-201310, have changed my name to SONAM MAVI for all future purpose.

### NAME CHANGE
I, JC-333438P Rank-SUB Name-S ARUN KUMAR residing at VILL-PONMENI JAINAGAR, PO-PONMENI, TEHSIL-MADURAI, DIST-MADURAI, TAMIL NADU-625016, have changed my wife's name from MAHALAKSHMI to V MAHALAKSHMI for all future purposes vide Affidavit Dated 07/10/2025 before Notary Public Delhi.

### NAME CHANGE
I, RAJESH KUMAR SHUKLA son of UMASHANKAR SHUKLA residing at B-35 ALI EXTENSION GALI NO-2 BADAR PUR DELHI-110076 have changed my name to RAJESH PRASAD SHUKLA for all future purpose.

### NAME CHANGE
I, Nazima Khatoon Hussain D/O Ali Hussain R/O House No 487 Sec 37 Amarnagar Faridabad Haryana 121003 Have Changed My Name to Nazima Hussain for All Future Purposes.

### NAME CHANGE
I, Vaishnavi Wahi W/O Shivam Verma R/O House No-1007, Sector-46, Gurgaon, Haryana 122001 Have changed my name to Vaishnavi Wahi Verma for all future purposes.

### NAME CHANGE
I, Ankit Kumar Rana S/o Yogesh Kumar R/o B21, Spaze Privy, Sector 72, 122004, Gurugram, Haryana have changed my name to Ankit Rana for all future purposes

### NAME CHANGE
I Virender Choudhary S/O MANGAL SINGH R/O H.NO-1194 NEAR SHARMA DHARAM KANTA NEW BASELWA COLONY SEC-29 FARIDABAD-121006 HAVE CHANGE MY NAME TO VIRENDER SINGH FOR ALL PURPOSE.

### NAME CHANGE
I, Aakash Upadhyay S/o Suresh Upadhyay R/o H.No.79, Block-A, Jeewan Park, Uttam Nagar, Delhi-110059 have changed my name to Akash Upadhyay.

### NAME CHANGE
I, Suresh Kumar Upadhyay S/o Om Prakash R/o H.No.79, Block-A, Jeewan Park, Uttam Nagar, Delhi-110059 have changed my name to Suresh Upadhyay

### NAME CHANGE
I, MIRTUNJAY SINGH S/o MARKANDAY SINGH residing at G-78A, Gali No.- 22 , Kunwar Singh Nagar, Nangloi, West Delhi, Delhi - 110041 have changed the name of my minor Son ANURAG aged 16 Years and he shall hereafter be known as ANURAG SINGH.

### NAME CHANGE
It is for general information that I SAVITA D/o DEVENDER KUMAR W/o ABHEY KUMAR R/o 110/a, 2, Village Gamri, Garhi Mendu, PO: Bhajan Pura, Dist: North East Delhi, Delhi - 110053, declare that the name of my father has been wrongly written as DEVIDAR KUMAR in my 10th class Educational Documents and as DAVENDER in my Pan Card No. CDKPS0948E. The actual name of my father is DEVENDER KUMAR, which may be amended accordingly.

### NAME CHANGE
I hitherto Known as RAMESH KUMAR alias RAMESH SISODIYA S/o RAMSWAROOP residing at 1204, Old Vijay Nagar, Sector-9, Ghaziabad, Ghaziabad, Uttar Pradesh - 201009 have changed my name and shall hereafter be known as RAMESH SISODIYA.

### PUBLIC NOTICE
It is Publicly informed that Mrs. Kamla Arya W/o. Mr. Puran Ram Arya R/O. 289, H-Block, Konark Avene, Phase 6, Aya Nagar, South Delhi 110047 is the owners of Built up Property bearing no. 289, (having G.F. & F.F.) area measuring 50.16 Sq. Mtrs., as Per GIS Polygon Khasra no. 1941, and (Khasra number as per Property Documents is 1985) Phase- VI, Block-H, Situated in the area of Vil-lage Aya Nagar, Adarsh Enclave, Aya Nagar Extn., New Delhi-110047, (hereinafter called the said property), vide Original Authorization Slip dated 21.08.2025, duly regd. As Doc. No. 2025/7/1/10247 in Book No. 1, Volume No. 8912 on Pages 183 to 192 on dated 21.08.2025 SR-South Hauz Khas, Delhi. That the original Title chain (POA) between Mrs. Meena Dhondiyal to Mr. Suresh Chandra AND original GPA dated 14.05.2019 have been lost/misplaced. And I intend to mortgage above said property with AU Small Finance Bank. And I will be responsible for any discrepancies, if any. I we would like to announce to general public that any person who is having any right, title or interest against above property/share or documents may to confirm/contact to below person.

**Name: Kamla Arya**
Mob.: 9990416486

### PUBLIC NOTICE
I CHARANJEEV KAUR EX W/O LATE KAPIL DEO GUPTA R/O G-1103 11th Floor Ajnara GenX Crossings Republik Ghaziabad State Uttar Pradesh-201016 my son KIAAN GUPTA aged 6 years and daughter KAVYA GUPTA aged 13 years has been adopted by DIPENDER SINGH S/O JASBIR SINGH and CHARANJEEV KAUR W/O DIPENDER SINGH R/O Flat No G-1103 11th Floor Tower Glory Ajnara GenX Gh Plot No-6 Crossing Republik Ghaziabad Uttar Pradesh-201016 vide adoption deed Registration No.920, Book No.4, Vol. No.2149, Page No.185 to 204 Dated 18.10.2024 A.K. Yadav Deputy Registrar: Sadar III Ghaziabad They shall hereafter be known as KIAAN SINGH SABHARWAL and KAVYA KAUR.

### NAME CHANGE
I, HASEEN AHMAD SAIFI son of MASEET ULLA, resident of D-27, ABDUL FAZAL ENCLAVE PART-2, SHAHEEN BAGH, JAMIA NAGAR, OKHLA, DELHI-110025, have changed my name to HASEEN AHMAD for all future purpose.

### NAME CHANGE
I Narender S/O Ram Babu Saxena R/O. 1708/1, Third Floor, E-1, Front Side, Rishi Nagar, Near Shri Sai Rasoi, Kotla Mubarakpur Delhi-110003 have changed my name to Narender Saxena.

### NAME CHANGE
I,ILyas Saifi S/o Mohd Hanif R/o 6/61, Dakshinpuri, Dr. Ambedkar Nagar, Delhi-110062 have changed my name to ILyas

### NAME CHANGE
It is for general information that I, SATYAWAN S/O KHEM CHAND R/O SIGRA, BUCHOLI (76), PO: BUCHOLI, DIST: MAHENDRAGARH, HARYANA-123034 declare that name of mine has been wrongly written as SATYAWAN YADAV in my Son Prashant Yadav in his school 12th CBSE Certificate records. (S.No.0949312) (Roll no 14739469)The actual name of mine is SATYAWAN, which may be amended accordingly.

### NAME CHANGE
It is for general information that I, SHIV PRASAD S/o RAMNIHOR, R/o 758, Haibatpura, Najafgarh, Najafgarh, North West Delhi, Delhi-110043, declare that name of mine has been wrongly written as SHIV in my minor Son namely ARYAN, aged 13 years in his School record. The actual name of mine is SHIV PRASAD respectively, which may be amended accordingly.

### NAME CHANGE
It is for general information that I SANJAY GARG S/O SATY NARYAN GARG R/O House No. - 23, Plot No. 23, KH No. 514, Ist Floor Gali No. 7, Punjabi Colony, Narela, North West Delhi, Delhi - 110040, declare that name of mine and my wife has been wrongly written as SANJAY and POONAM in my minor daughter's namely MAAHI aged 14 years in her School Records. The actual name of mine and my wife are SANJAY GARG and POONAM GARG which may be amended accordingly.

### NAME CHANGE
I hitherto known as LATA KUMARI W/O SHRI CHAND HASWANI R/O 218 A , Block BC, East Shalimar Bagh, North West Delhi, Delhi 110088 have changed my name and shall hereafter be known as CHETNA HASWANI.

### NAME CHANGE
I hitherto Known as SWATI GOVIND BHAGAT D/o GOVIND SADASHIV BHAGAT W/o ASHISH GUPTA residing at 108 DDA FLATS, Harmony Apartments, Ashirwad Chowk, Pocket-1, Sector – 4, Dwarka, PO: N.S.I.T. Dwarka, Dist: South West Delhi, Delhi - 110078 have changed my name and shall hereafter be known as SWATI GUPTA.

### NAME CHANGE
I, TABASSUM W/O NAVEEN GAURI R/O 1129, NEAR MOTHER DAIRY, SECTOR-55, BALLABHGARH, FARIDABAD, HARYANA-121004, HAVE CHANGED MY NAME TO TABASSUM SAIFI FOR ALL FUTURE PURPOSE.

### NAME CHANGE
I,Aarti Tiwari Dubey W/O Ajit Dubey R/O Flat No - E-316,Dronagiri Apartment, Sector -11, Vasundhara, Ghaziabad, Uttar Pradesh -201012, have changed my name and shall hereafter be known as Aarti Dubey

### Religion change
I, Aarushi D/O Altab R/O House No-51, Prem Puri Behind Mohan Plaza, Ghaziabad Uttar Pradesh -201001, have changed my religion Muslim to Hindu from dated 15/06/2023, have changed only my religion not changed my name

### PUBLIC NOTICE
It is for general information that I, Rakesh Kumar S/o Bali Mistri R/o E-7A, Block-E Amar Colony Rishi Nagar, Nangloi, West Delhi, Delhi-110041 declare that name of mine has been wrongly written as Rakesh in my minor Son Harshit aged 15 Years in his School Records. The actual name of mine is Rakesh Kumar.

### PUBLIC NOTICE
It is for general information that I, SUNIDHI PATIYAL D/O DINESH KUMAR R/O 1038/40 D. D. A Flats, Kalkaji, PO: Kalkaji, South Delhi, Delhi-110019 declare that name of my father has been wrongly written as DINESH PATIYAL in my all educational documents. The actual name of my father is DINESH KUMAR which may be amended accordingly.

### PUBLIC NOTICE
It is for general information that I AJAY BHARAT LENGARE S/O BHARAT DHONDIRAM LENGARE R/O K-75-B First Floor, Lajpat Nagar 2, Lajpat Nagar, PO:Lajpat Nagar, Dist: South Delhi, Delhi-110024 declare that name of my minor son has been wrongly written as GORAKSHA LENGARE in my minor son namely GORAKSHA AJAY LENGARE aged 13 years in his school records. The actual name of my minor son is GORAKSHA AJAY LENGARE which may be amended accordingly.

### सार्वजनिक सूचना
यह प्रमाणित किया जाता है कि श्रीमती गुड्डो खसरा संख्या 937 में स्थित प्लॉट संख्या 85/1 के एक हिस्से, क्षेत्रफल 25 वर्ग गज (अर्थात 20.90 वर्ग मीटर), ब्लॉक-, लोकप्रिय विहार, गली संख्या 14, हदबस्त ग्राम मकनपुर, परगना लोनी, तहसील एवं जनपद गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश की पूर्ण स्वामित्वधारी हैं। मूल रूप से यह सम्पत्ति श्री रामनाथ राम ने श्री देवेंद्र कुमार तलवार से विक्रय विलेख (Sale Deed) दिनांक 10.02.1989 के माध्यम से खरीदी थी। तत्पश्चात, श्री रामनाथ राम ने उक्त सम्पत्ति को दिनांक 08.04.2015 को एक नोटराइज जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी, विक्रय अनुबंध (Agreement to Sell) तथा वसीयतनामा (Will) के माध्यम से श्री संजय त्यागी को स्थानांतरित किया। इसके बाद, श्री संजय त्यागी ने दिनांक 11.02.2016 को एक नोटराइज जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी, विक्रय अनुबंध तथा वसीयतनामा के माध्यम से सम्पत्ति श्री महबूब अली को हस्तांतरित कर दी। अंततः, श्री महबूब अली ने दिनांक 18.08.2025 को उपरोक्त सम्पत्ति को एक उपहार विलेख (Gift Deed) के माध्यम से श्रीमती गुड्डो को उपहार स्वरूप दे दी। परिणामस्वरूप, श्रीमती गुड्डो अब उक्त सम्पत्ति की पूर्ण स्वामित्वधारी हैं, और यह सम्पत्ति किसी भी प्रकार के मुकदमे, बंधन, देनदारी, भार, या दावे से मुक्त है। कृपया ध्यान दें कि उक्त सम्पत्ति को RBI बैंक लिमिटेड, शाखा गुरुग्राम, हरियाणा द्वारा वित्तपोषित किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो कृपया इस सूचना की तिथि से 07 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करें। उक्त आपत्ति नीचे दिए गए पते पर पंजीकृत डाक के माध्यम से एवं ई-मेल द्वारा अधोहस्ताक्षरी को भेजी जा सकती है। यदि निर्दिष्ट अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी दावा अमान्य और निष्प्रभावी माना जाएगा।

**[ASHWANI KUMAR] Advocate**
Chamber No. 122,
Tehsil Compound, Ghaziabad, U.P.

### सार्वजनिक सूचना
यह प्रमाणित किया जाता है कि श्रीमती राज कुमारी, पत्नी श्री वीरेंद्र सिंह, आवास संख्या 259, क्षेत्रफल 100 वर्ग गज (अर्थात 83.61 वर्ग मीटर), जो कि खसरा नंबर 31/6 एवं 7 का भाग है, ब्लॉक-डी, विकास कुंज, ग्राम बादा हाजीपुर, परगना लोनी, तहसील एवं जनपद गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में स्थित है, की पूर्ण स्वामी (मालिक) हैं। मूल रूप से, श्रीमती बजवंती माला ने सम्पूर्ण संपत्ति को बिक्री विलेख दिनांक 25.03.1989 के माध्यम से खरीदा था। तत्पश्चात, श्रीमती बजवंती माला ने उक्त संपत्ति को श्रीमती राज कुमारी के नाम पर पंजीकृत सामान्य पावर ऑफ अटॉर्नी, विक्रय अनुबंध एवं वसीयत दिनांक 11.09.1997 के माध्यम से स्थानांतरित कर दिया। इसके बाद, श्रीमती राज कुमारी ने उक्त संपत्ति को श्री वीरेंद्र चौधरी उर्फ अजय चौधरी को पंजीकृत सामान्य पावर ऑफ अटॉर्नी, विक्रय अनुबंध एवं वसीयत दिनांक 15.03.2016 के माध्यम से स्थानांतरित कर दिया। अंततः, श्री वीरेंद्र चौधरी उर्फ अजय चौधरी ने उपरोक्त संपत्ति को उपहार विलेख दिनांक 15.09.2025 के माध्यम से श्रीमती राज कुमारी को उपहारस्वरूप प्रदान कर दिया। इस प्रकार, श्रीमती राज कुमारी वर्तमान में उपरोक्त संपत्ति की पूर्ण एवं निर्विवाद स्वामी हैं, तथा यह संपत्ति किसी भी प्रकार के मुकदमेबाजी, भार, देयताओं, बंधक या दावे से मुक्त है। कृपया ध्यान दें कि उपरोक्त संपत्ति को आरबीआई बैंक लिमिटेड, शाखा ओखला, नई दिल्ली द्वारा वित्त पोषित (फाइनेंस) किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो कृपया इस सूचना की तिथि से 07 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करें। उक्त आपत्ति नीचे दिए गए पते पर पंजीकृत डाक के माध्यम से एवं ई-मेल द्वारा अधोहस्ताक्षरी को भेजी जा सकती है। यदि निर्दिष्ट अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी दावा अमान्य और निष्प्रभावी माना जाएगा।

**[ASHWANI KUMAR] Advocate**
Chamber No. 122,
Tehsil Compound, Ghaziabad, U.P.

### NAME CHANGE
I, PRUTHVIRAJ is a real son of No. 2807270L Rank SEP Name CHAVAN DNYANDEV BABU presently residing VILL.BADYACHIWADI, POST-BADYACHIWADI, TEH.GADHINGLAJ, DIST.KOLHAPUR, STATE-MAHARASHTRA, PIN.416502 have changed my name from PRUTHVIRAJ TO PRUTHVIRAJ DNYANDEV CHAVAN for all future purposes. Vide affidavit dated 29.09.2025 before Public Notary Delhi.

### NAME CHANGE
I, ABHIRAJ in a real son of No. 2807270L Rank SEP Name CHAVAN DNYANDEV BABU presently residing VILL.BADYACHIWADI, POST-BADYACHIWADI, TEH GADHINGLAJ, DIST KOLHAPUR, STATE-MAHARASHTRA, PIN.416502 have changed my name from ABHIRAJ to ABHIRAJ DNYANDEV CHAVAN for all future purposes. Vide affidavit dated 29.09.2025 before Public Notary Delhi.

### NAME CHANGE
I, MALUBAI is a real mother of No. 2807270L. Rank SEP Name CHAVAN DNYANDEV BABU presently residing VILL BADYACHIWADI, POST.BADYACHIWADI, THE GADHINGLAJ, DIST-KOLHAPUR, STATE-MAHARASHTRA, PIN-416502 have changed my name from MALUBAI TO MALUBAI BABU CHAVAN for all future purposes. Vide affidavit dated 29.09.2025 before Public Notary Delhi.

### NAME CHANGE
I, SEEMA is a legally wedded spouse of No. 2807270L. Rank SEP Name CHAVAN DNYANDEV BABU presently residing at VILL BADYACHIWADI, POST BADYACHIWADI, TEH GADHINGLAJ, DIST LKOLHAPUR, STATE-MAHARASHTRA, PIN-416502 have changed my name from SEEMA to SEEMA DNYANDEV CHAVAN BABU for all future purposes. Vide affidavit dated 29.09.2025 before Public Notary Delhi.

### NAME CHANGE
I, BABU is a real father of No. 2807270L Rank SEP Name CHAVAN DNYANDEV BABU presently residing at VILL BADYACHIWADI, POST.HADYACHIWADI, TEILGADHINGLAJ, DIST-KOLHAPUR, STATE-MAHARASHTRA, PIN NO-416502, have changed my name from BABU to BABU APPA CHAVAN for all future purposes. Vide affidavit dated 29.09.2025 before Public Notary Delhi.

### NAME CHANGE
It is for general information that I, ASHA SETHI, W/O LATE SH GULSHAN LAL, R/o PLOT NO-61, BLOCK-A, FIRST FLOOR, BHAGWATI GARDEN, NEAR POLO GARDEN, UTTAM NAGAR, D.k MOHAN GARDEN, WEST DELHI, DELHI-110059, declare that name of mine has been wrongly written as ASHA in my husband PPO No. DE-51023. The actual name of mine is ASHA SETHI, respectively which may be amended accordingly.

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **जाहिद पुत्रः** गफ्फर **पताः** 404 कैलबाग कनेट्स रोड, ज्योतिबा फुले नगर, यू.पी. ने **FIR No. 12978/17, U/s 138 NI Act थानाः रानी बाग, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जाहिद,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जाहिद,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 12978/17, U/s 138 NI Act थानाः रानी बाग, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **जाहिद** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री रीतिका जैन**
**जेएमएफसी-05, कमरा संख्या 105**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/13508/OD/2025**
**(Court Matter)**

### COURT NOTICE
**PROCLAMATION REQUIRING ATTENDANCE OF DEFENDANT**
(Order 5, Rule 20 of the Code of Civil Procedure)

**IN THE COURT OF SH. ANKIT MITTAL, Civil Judge-01 AT SOUTH DELHI**

SUIT No. CS SCJ/754/2024

ARUN SHARMA...................**Plaintiff**
**Against**
RAMA SRIVASTAVA ........**Defendant**

To
**SMT. RAMA SRIVASTAVA**
W/O SHRI RAKESH KUMAR SRIVASTAV
HOUSE NO. 1655/13,
GOVIND PURI,
OPPOSITE NIRANKARI SCHOOL,
KALKAJI NEW DELHI
ALSO AT:-L-1/164, SHOP L-1
MARKET DDA FLATS, KALKAJI,
NEW DELHI

**THE DEFENDANT ABOVE NAMED**
WHEREAS you are intentionally evading service of summons it is hereby notified that if you shall not defend the case on the...10-11-2025... the day fixed for the final disposal, it will be heard and determined ex-parte.
Given under my hand and the seal of the court, this 27-09-2025.

**SH. ANKIT MITTAL,**
**Civil Judge-01**
**AT SOUTH DELHI**

### PUBLIC NOTICE
It is hereby information that I, RAJU GUPTA S/o Ram Nivas Gupta R/o H. No.2256/171, Tri Nagar North West Delhi-110035 declare that name of mine, my wife and my minor daughter has been wrongly written as RAJU JINDAL, SAKSHI JINDAL, and RUHANI JINDAL in my minor daughter RUHANI GUPTA aged 14 years in her school record the actual name of mine, my wife and my minor daughter are RAJU GUPTA, SAKSHI GUPTA, and RUHANI GUPTA. respectively which may be amended accordingly

### PUBLIC NOTICE
It is for general information that I Reema Chaturvedi W/O Rajesh Kumar Pandey R/O ???-?2/37, 3rd Floor Hastsal Road Uttam Nagar Near Sunil Dairy Uttam Nagar D.k Mohan Garden West Delhi Delhi - 110059, declare that name of mine has been wrongly written as Reema Pandey in my minor daughter namely Aditi Pandey in her 10th class educational documents.The actual name of mine is REEMA CHATURVEDI, which may be amended accordingly.

### PUBLIC NOTICE
I, hitherto known as Sona Varshney D/O Giriraj Kishore W/O Lalit Kumar R/O A-82/50, A BLOCK, JOSHI COLONY, Shakar Pur Baramad Shakarpur, Gandhi Nagar, East Delhi Delhi- 110092, have changed my name and shall hereafter be known as SONAM VARSHNEY.

### NAME CHANGE
I JOHN BERKMEN ALBERT S/O PETER JOHN R/O H.NO - M-127/A, 3rd FLOOR NEAR JAGAT RAM PARK LAXMI NAGAR DELHI-110092, I have changed my name to ALBERT JOHN Permanently

### NAME CHANGE
I AFROZ D/O NISAR AHMAD R/O H.NO 465 GALI NO 17 TUGHLAKABAD VILLAGE DELHI-110044, I have changed my name to AFROZ JAHA Permanently

### NAME CHANGE
I AMAAN KHAN S/O RIZWAN R/O X-138, JJ COLONY,CAMP NO -1, NANGLOI DELHI -110041, I have changed my name to AMAAN Permanently

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अमर पुत्र प्रेमपाल निवासी बी-17, बुद्ध नगर, नसबंदी कॉलोनी, लोनी गाजियाबाद, यूपी** ने **FIR No. 41491/2018, U/S 379/411/34 IPC, अन्तर्गत थाना वेलकम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 41491/2018, U/S 379/411/34 IPC, अन्तर्गत थाना वेलकम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अमर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**सुश्री दीपाक्षी राणा**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-03**
**कमरा नं. 19, प्रथम तल, शाहदरा जिला**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/13462/NE/2025(Court Matter)**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नाजिम, पुत्र मेहरूद्दीन निवासी ग्राम पसौंडा, थाना साहिबाबाद, गाजियाबाद, यूपी** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 199/2015 भा.द.सं. की धारा 392/34 के तहत, थाना मंडावली, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **नाजिम** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **नाजिम** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 199/2015 भा.द.सं. की धारा 392/34 के तहत, थाना मंडावली, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **नाजिम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.11.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री सचिन**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-03**
**कमरा नं.16, कड़कड़डूमा कोर्ट्स, दिल्ली**

**DP/8633/ED/2025**


कौमी पत्रिका
संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300

**E - mail address :**
qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

R.N.I. No.
UP-HIN/2007/21472

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## नशीली दवा रखने के जुर्म में कैमिस्ट को दस साल कैद

एजेंसी

**जींद।** एडीजे शिफा की अदालत ने नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम जुर्म में कैमिस्ट को दस साल की कैद व एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार जिला औषधी नियंत्रक मनदीप मान ने 18 जुलाई 2019 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि गांव रधाना निवासी आजाद प्लास्टिक का कट्टा लेकर प्रतिबंधित दवाओं के साथ गांव पांडू पिंडारा अपनी कैमिस्ट की दुकान की तरफ आ रहा है। जिसके आधार पर जिला औषधी नियंत्रक ने पुलिस के सहयोग से काबू कर लिया। कट्टे की तलाशी लिए जाने पर उसमें 100-100 एमएल की 62 बोतल ओनेरेक्स कैफ सिरप बरामद हुआ, जो प्रतिबंधित पाया गया। दस्तावेज मांगने पर वह उन्हें दिखाने में नाकाम रहा। शिकायत के आधार पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने आजाद के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। तभी से मामला अदालत में विचाराधीन था। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिफा की अदालत ने आजाद को नशीली दवाएं रखने के जुर्म में दस साल कैद तथा एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

## हरियाणा बनेगा आत्मनिर्भर भारत का स्वदेशी ग्रोथ इंजनः डॉ अरविंद शर्मा

**सोनीपत।** सहकारिता कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि हरियाणा देश का ग्रोथ इंजन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ल्ड संकल्प को साकार करने में हरियाणा अन्य राज्यों के लिए उदाहरण बनेगा। सरकार का लक्ष्य हर युवा को नौकरी मांगने वाला नहीं, नौकरी देने वाला बनाना है। सिंचाई विश्राम गृह गोहाना में सोमवार को आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत पत्रकारवार्ता में डॉ. शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य रखा है, जिसकी प्राप्ति आत्मनिर्भरता से ही संभव है। वोकल फॉर लोकल आज राष्ट्रीय मंत्र बन चुका है, जो हर भारतीय के स्वाभिमान और सामर्थ्य का प्रतीक है। आत्मनिर्भर भारत अभियान जन आंदोलन का रूप ले रहा है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती से शुरू होकर अटल बिहारी वाजपेयी जयंती तक चलने वाले इस अभियान में हरियाणा महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मंत्री ने कहा कि यह अभियान स्वदेशी, स्वभाषा और स्वभूषा के तीन स्तंभों पर आधारित है। आज देश में 1.60 लाख से अधिक स्टार्टअप्स युवा शक्ति के प्रतीक हैं, जो विदेशी कंपनियों को प्रतिस्पर्धा दे रहे हैं। चिकित्सा, इंजीनियरिंग व विज्ञान जैसे विषय अब भारतीय भाषाओं में पढ़ाए जा रहे हैं। वर्ष 2014 तक खादी की बिक्री 33 हजार करोड़ थी, जो अब बढ़कर 1 लाख 75 हजार करोड़ रुपए हो गई है। उत्पादन में 315 प्रतिशत और बिक्री में 400 प्रतिशत वृद्धि दर्ज हुई है।

## मिलावटखोरी पर छापेमारी, दो दुकानों से सैंपल लिए

**सोनीपत।** सोनीपत में मिलावटखोरी पर रोक लगाने के लिए हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा विभाग ने जिले में सघन अभियान शुरू किया है। सोमवार को टीम ने सोनीपत के कच्चे क्वार्टर बाजार में छापेमारी कर दो दुकानों से पनीर, मक्खन और सील पैक मटर के सैंपल लिए। सभी सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. वीरेंद्र यादव ने बताया कि दूध और उससे बने उत्पादों में मिलावट की शिकायतें बढ़ने पर कार्रवाई तेज की गई है। जांच के दौरान मक्खन की गुणवत्ता असंतोषजनक मिलने पर उसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। वहीं पनीर और मटर के चार सैंपल लिए गए हैं, ताकि मिलावट की पुष्टि की जा सके। उन्होंने बताया कि कुछ विक्रेता मटर को ताजा दिखाने के लिए रंगों का प्रयोग करते हैं, जिसकी पुष्टि रिपोर्ट से होगी। छापेमारी के दौरान विभाग की टीम को देखते ही कई दुकानदारों ने दुकानें बंद कर दी और फरार हो गए। बावजूद इसके, निर्धारित दुकानों पर सैंपलिंग प्रक्रिया पूरी की गई। अधिकारियों ने बताया कि लैब रिपोर्ट में मिलावट या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित दुकानदारों के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। रिपोर्ट 15 दिनों में आने की संभावना है।

## सिंचाई विभाग द्वारा छोटे किए गए मोघों के विरोध में उतरे किसान

**सिरसा।** सिरसा जिले के डबवाली उपमंडल के गांव चौटाला नहर की टेल तक पानी पहुंचाने के लिए सिंचाई विभाग द्वारा छोटे किए गए मोघों के विरोध में धरनारत चार गांवों के साथ तीन और गांवों लंबी, गिदड़खेड़ा व चौटाला के लोग समर्थन में आ गए हैं। धरने पर बैठे जंडवाला बिश्नोईयान के सरपंच मिट्ठूराम, आसाखेड़ा के सरपंच भादर, भाजपा नेता गगनदीप सहित अन्य किसानों ने बताया कि चौटाला डिस्ट्रीब्यूटरी से उपरोक्त व आसपास के गांवों के किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिलता है।उन्होंने बताया कि कानूनी तौर पर जब कोई भी सरकारी कार्य होता है तो उसके लिए नियमानुसार प्रक्रिया चलती है, लेकिन यहां तो संबंधित विभाग ने सभी नियमों को दरकिनार करते हुए रातों-रात चोरी-छिपे मोघों का साइज छोटा कर दिया। इससे किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हो सकेगा। उन्होंने कहा कि एक तो पहले ही सिंचाई के लिए बनाए गए शैड्यूल को सरकार ने मनमाने तरीके से बदल दिया है।

# रोहतक में प्लांट लगाएगी जापान की कंपनी सेइरेन

**● सेइरेन कंपनी 220 करोड़ रुपये से अधिक का करेगी निवेश ● 1700 से अधिक युवाओं को मिलेगा रोजगार**

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में जापान दौरे पर गए प्रतिनिधिमंडल ने टोक्यो में जापान की प्रतिष्ठित सेइरेन कंपनी लिमिटेड के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत सेइरेन कंपनी रोहतक में अपने मेगा प्रोजेक्ट में 220 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेगी। इस परियोजना से लगभग 1700 से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। इस दौरान हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह भी उपस्थित रहे। सेइरेन कंपनी लिमिटेड वस्त्र समाधान और उन्नत सामग्री निर्माण में विश्व स्तर पर अग्रणी कंपनी है, जिसके उत्पाद ऑटोमोबाइल, इंटीरियर, पर्यावरण संरक्षण, लाइफस्टाइल, कॉस्मेटिक्स, इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स, सेंसर और मैग्नेटिक मटेरियल जैसे कई क्षेत्रों में उपयोग होते हैं।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भारत की बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था, युवा आबादी व बड़ा बाजार तथा जापान के तकनीकी कौशल, विनिर्माण कौशल और वित्तीय संसाधन दोनों देशों की प्रगति में अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा की पहचान एक सशक्त औद्योगिक और प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में बनी है। हरियाणा, भारत के भौगोलिक क्षेत्रफल का केवल 1.3 प्रतिशत है। लेकिन, यह देश की जी.डी.पी. में 3.6 प्रतिशत का योगदान देता है। हरियाणा हमेशा से भारत में जापानी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए एक पसंदीदा निवेश स्थल रहा है। हरियाणा भारत के निर्यात में योगदान देने वाला प्रमुख राज्य है। हरियाणा ने वर्ष 2023-24 में 2 लाख 75 हजार करोड़ रुपये का निर्यात किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में 2,000 से अधिक वस्त्र इकाइयां हैं। हरियाणा भारत के वस्त्र उत्पादन में दूसरा सबसे बड़ा योगदानकर्ता है, जो सिंथेटिक और विशेष वस्त्रों के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करता है।



# सीपीए कॉन्फ्रेंस में विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण के नेतृत्व में दक्षिण अमेरिका पहुंचा हरियाणा का शिष्टमंडल

एजेंसी

**चंडीगढ़।** राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की 68वीं कांफ्रेंस में भाग लेने के लिए हरियाणा विधान सभा का शिष्टमंडल दक्षिण अमेरिका पहुंच गया। शिष्टमंडल का नेतृत्व विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण कर रहे हैं। इस शिष्टमंडल में विधान सभा उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा, विधायक योगेंद्र राणा, विधान सभा सचिव राजीव प्रसाद और दो अधिकारी शामिल हैं। हरविन्द्र कल्याण सीपीए की हरियाणा शाखा के भी अध्यक्ष हैं। राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की 68वीं कॉन्फ्रेंस 6 से 12 अक्तूबर तक दक्षिण अमेरिका के बारबाडोस के ब्रिज टाउन शहर में होगी। हरविन्द्र कल्याण किसी एक दिन सम्मेलन में उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित भी करेंगे। इस बारे में लोक सभा में अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में एक्सपर्ट्स की एक बैठक भी हो चुकी है। राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की 68वीं कॉन्फ्रेंस कॉमनवेल्थ देशों के बीच संसदीय साझेदारी को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। शिष्टमंडल वैश्विक संसदीय प्रक्रियाओं में हो रहे नवीनतम नवाचारों को समझने और उन्हें विभिन्न विधान मंडलों में लागू करने के अवसरों पर ध्यान केंद्रित करेगा।



# भाजपा क्षेत्रीय दलों के लिए बेहद खतरनाक : बीरेंद्र सिंह

एजेंसी

**जींद।** कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता बृजेंद्र सिंह की सद्भाव पैदल यात्रा दूसरे दिन नरवाना खंड के गांव उझाना, बेलरखां में पहुंची। यात्रा की शुरूआत नरवाना में सर छोटूराम पार्क में सर छोटूराम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई। यात्रा के साथ मौजूद रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने भाजपा पर तीखे वार किए।

दो दिन पहले जींद आए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष द्वारा जहां तीन बार भाजपा सरकार आने पर कांग्रेस का बीज नहीं जमने के बयान पर पलटवार करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा में दस साल रहा हूं। वो बीज उसका नहीं जमने देते जो उनके साथ चले जाते हैं। प्रदेश में भाजपा से जेजेपी मिल गई। साढ़े चार साल उसका फायदा उठाया। दस विधायकों को फिर ऐसा कर दिया कि जो डिप्टी सीएम रहा वो सात हजार वोटों पर रह गया। यह पार्टी जो क्षेत्रीय दल है, उसके लिए खतरनाक है। कई चीजें ऐसी होती है जो समाज देरी से समझता है। अब समाज समझ गया। जो बांटने वाली शक्तियां है उनको समाज अब हरियाणा में नहीं अपनाएगा। यात्रा के दौरान आई बारिश में भी पद यात्रा नहीं रूकी। बारिश में ही बृजेंद्र सिंह पद यात्रा में अपने साथियों के साथ चलते रहे। पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह भी यात्रा की शुरूआत में उनके साथ रहे। बाद में वो चंडीगढ़ के लिए रवाना हो गए। नरवाना हलके के बाद कलायत हलके में यात्रा ने प्रवेश किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने कहा कि सद्भाव यात्रा के सामाजिक मायने राजनीति मायनों से भी बड़े हैं। सदियों से एक भाईचारा जिसको सद्भाव बोल सकते वो रहा है। कभी छोटे बड़े, जाति-पाति का नहीं रहा। ऐसा व्यवहार रहा है कोई किसी बिरदारी से हो उस रिश्ते-नाते के हिसाब से बोलते थे। इस रिश्ते को तोडने की बड़े योजनाबद्ध तरीके से भाजपा ने कोशिश की है। ऐसी परिस्थिति में हमारा समाज न पिछड जाए।



# महर्षि वाल्मीकि ने समाज को त्याग और समानता का संदेश दियाः प्रमोद विज

एजेंसी

**पानीपत।** महर्षि वाल्मीकि जयंती पर सेक्टर 11 के महर्षि वाल्मीकि भवन में नव निर्मित मंदिर में मूर्ति स्थापित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शहरी विधायक प्रमोद विज, नगर निगम मेयर कोमल सैनी, डीएसपी राजवीर सिंह यादव रहे। सभी अतिथियों ने मंदिर में विधिवत पूजा कर दीप प्रज्वलन किया। इसके बाद मंदिर निर्माण में योगदान देने वाले समाज सेवियों का आभार जताया गया। इस अवसर पर विधायक प्रमोद विज ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने समाज को सच्चाई, त्याग और समानता का संदेश दिया।उन्होंने रामायण जैसे पवित्र ग्रंथ की रचना कर मानवता के मार्ग को प्रकाशित किया। आज के समय में हमें उनके दिखाए आदर्शों पर चलकर समाज में एकता और भाईचारे को मजबूत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह मंदिर समाज के लिए प्रेरणा स्थल बनेगा, जहां लोग आकर महर्षि के उपदेशों को याद करेंगे। मेयर कोमल सैनी ने कहा कि वाल्मीकि समाज ने हमेशा शहर के विकास में अहम भूमिका निभाई है। नगर निगम स्तर पर समाज की सभी सुविधाओं और धार्मिक स्थलों के विकास के लिए प्रशासन लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि यह भवन आने वाली पीढ़ियों को अपनी संस्कृति और परंपरा से जोड़ने का काम करेगा। डीएसपी राजवीर सिंह ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि का जीवन यह सिखाता है कि इंसान अपने कर्मों से महान बनता है। उन्होंने लोगों से समाज में शांति, सहयोग बनाए रखने के बारे में बताया। राधे राधे महाराज, आचार्य नरेशानंद महाराज, कमल अरोड़ा, अशोक कटारिया, गया प्रसाद, मुकेश, सूर्या, प्राण रत्नाकार, सन्नी के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।




# हरियाणा के मुख्यमंत्री ने शिमाने प्रीफेक्चर के गवर्नर तात्सुया मारुयामा से की मुलाकात

**प्रौद्योगिकी आदान-प्रदान और संयुक्त उद्यमों के नए अवसर तलाशने पर चर्चा**

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने जापान दौरे के दौरान शिमाने प्रीफेक्चर के गवर्नर तात्सुया मारुयामा से मुलाकात की। इस दौरान दोनों क्षेत्रों के उद्यमों के बीच प्रौद्योगिकी आदान-प्रदान, नवाचार और संयुक्त उद्यमों के नए अवसर तलाशने पर विस्तार से चर्चा हुई। इसके बाद मुख्यमंत्री ने टोक्यो में आयोजित हरियाणा-शिमाने प्रीफेक्चर रोड शो में भी हिस्सा लिया। यहां उपस्थित उद्योगपतियो और निवेशकों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जापान के साथ हमारे संबंध हजारों वर्ष पुराने हैं। ये संबंध ऐतिहासिक और भावानात्मक हैं। जिस प्रकार शिमाने की अपनी चिरस्थायी परंपराएं हैं, उसी प्रकार हरियाणा भी भारतीय सभ्यता के सबसे प्राचीन और पूजनीय स्थलों में से एक है। शिमाने और हरियाणा में सुदृढ़ औद्योगिक पार्क और स्मार्ट बुनियादी ढांचे से लेकर हरित ऊर्जा और लॉजिस्टिक सुविधाएं विद्यमान हैं। हरियाणा लंबे समय से भारत में जापान का सबसे भरोसेमंद औद्योगिक केंद्र रहा है। इसकी नींव दशकों पहले तब पड़ी, जब मारुति सुजूकी ने 1980 के दशक में अपना पहला मैन्युफैक्चरिंग प्लांट हरियाणा में स्थापित किया। इसने भारत में मोबिलिटी क्षेत्र में क्रांति ला दी और एक विश्व स्तरीय औद्योगिक इकोसिस्टम को खड़ा किया। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा में अनेक जापानी कंपनियां स्थित हैं। इनकी संख्या भारत के अन्य राज्यों की तुलना में सर्वाधिक है। यह संस्कृति, उद्यम और नवाचार के लिए होम अवे फ्रॉम होम के केन्द्र के रूप में उभरा है। इस क्षेत्र में कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे और एक एकीकृत बहु-मॉडल लॉजिस्टिक्स हब जैसे अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे अद्वितीय कनेक्टिविटी प्रदान करते हैं। इससे देश के बाज़ारों तक उत्पादों की निर्बाध पहुंच सुनिश्चित होती है। इसके एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग में इलेक्ट्रॉनिक्स और कंपोनेंट्स शामिल हैं, ऑटोमोटिव सेक्टर में इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी भंडारण, और ग्रीन हाइड्रोजन पर विशेष जोर दिया गया है। डिजिटल प्रौद्योगिकियों और उद्योग में हरियाणा के युवा और कुशल कार्यबल ए.आई., आई.ओ.टी, और रोबोटिक्स में शिमाने की नवाचार क्षमताओं के साथ सहयोग करेंगे।




# नए आपराधिक कानूनों में प्रदर्शनी ने लोगों की जगाई रुचि : डॉ. सुमिता मिश्रा

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि भारत के नए आपराधिक कानूनों पर कुरुक्षेत्र में लगाई गई ऐतिहासिक प्रदर्शनी को देखने के लिए जनता, विशेषकर छात्र और युवाओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा 3 अक्टूबर को कुरुक्षेत्र में इस प्रदर्शनी को उदघाटन किया गया था। यह प्रदर्शनी 11 अक्टूबर तक चलेगी। डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग प्रदर्शनी देखने आ रहे हैं, जिनमें स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय के छात्र, पंचायत सदस्य और महिला प्रतिनिधि शामिल हैं। यह प्रदर्शनी यह देखने का अवसर प्रदान करती है कि किस प्रकार सुधारित आपराधिक कानून भारत में पुलिसिंग, जांच और न्यायिक प्रक्रियाओं को नया रूप दे रहे हैं। प्रदर्शनी में सात प्रमुख विभागों का प्रतिनिधित्व करने वाले 10 स्टॉल हैं, जिनमें से प्रत्येक स्टॉल आपराधिक न्याय प्रणाली के संचालन का एक इंटरैक्टिव दृश्य प्रस्तुत करता है। डॉ. मिश्रा ने बताया कि डायल 112 नियंत्रण कक्ष की एक प्रतिकृति स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि कैसे संकटकालीन मोबाइल कॉलों को शीघ्रता से प्राप्त और संसाधित किया जाता है। आपातकालीन वाहन प्रतिक्रिया (ईवीआर) इकाइयाँ मिनटों में पहुँच जाती हैं, जबकि वैज्ञानिक और फोरेंसिक (एसएफएल) टीमों द्वारा किए गए इंटरैक्टिव प्रदर्शन तकनीक-आधारित साक्ष्य संग्रह की सटीकता और पारदर्शिता को प्रदर्शित करते हैं। विस्तृत प्रदर्शनियाँ अस्पतालों, फोरेंसिक प्रयोगशालाओं और पुलिस विभागों की प्रणालीगत भूमिकाओं को दर्शाती हैं, साथ ही पुरानी और नई प्रक्रियात्मक प्रणालियों के बीच स्पष्ट तुलना भी करती हैं, जो आगंतुकों को पुनर्रचित न्यायालयों और जेल प्रणालियों में न्यायिक सुधारों की परिवर्तनकारी यात्रा के माध्यम से मार्गदर्शन प्रदान करती हैं।

# प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लिए राई एजुकेशन सिटी में तैयारी शुरू

एजेंसी

**सोनीपत।** सोनीपत में प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, पुलिस आयुक्त ममता सिंह और उपायुक्त सुशील सारवान ने राई स्थित एजुकेशन सिटी का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने बताया कि तीसरी बार हरियाणा में भाजपा सरकार के एक वर्ष पूरे होने के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 अक्टूबर को इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इस दौरान वे हरियाणा को विभिन्न परियोजनाओं की सौगात देंगे। कार्यक्रम में प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से लोग पहुंचेंगे। उन्होंने संबंधित विभागों से कहा कि सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण हों और किसी भी प्रकार की कमी न रहे।

निरीक्षण के दौरान हैलीपेड, वीआईपी रूट, आयोजन स्थल और पार्किंग क्षेत्र की समीक्षा की गई। मोहनलाल बड़ौली ने निर्देश दिए कि आयोजन स्थल पर तुरंत सफाई कार्य आरंभ किया जाएं। पुलिस आयुक्त ममता सिंह ने सुरक्षा इंतज़ामों की समीक्षा करते हुए कहा कि कार्यक्रम स्थल और आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जाएगी, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। उपायुक्त

सुशील सारवान ने बताया कि प्रशासन ने सुरक्षा, ट्रैफिक प्रबंधन, पार्किंग और अन्य व्यवस्थाओं के लिए विस्तृत योजना तैयार की है। सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य कर रहे हैं ताकि कार्यक्रम सुचारू रूप से सम्पन्न हो। इस मौके पर एसडीएम सोनीपत सुभाष चंद्र, एसीपी अजीत सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी पंकज गौड़, एसएमडीए से नरेश कुमार, डीटीपी अजमेर सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# पटवारियों ने काले बिल्ले लगाकर किया काम

एजेंसी

**जींद।** जिला मुख्यालय पटवार भवन में नए पटवारियों के वेतन तथा ट्रेनिंग पीरियड को नौकरी में जोड़े जाने की मांग को लेकर पटवारियों ने काली पट्टी बांध कर काम किया और रोष जताया। पटवारियों के आंदोलन का नेतृत्व तहसील जींद प्रधान नरेश चहल ने किया। द राजस्व पटवारी एवं कानूनगो एसोसिएशन के जिला प्रधान नरेश ने कहा कि काली पट्टी लगा कर कार्य करने तथा नौ अक्टूबर को सांकेतिक धरना देकर निर्णय लिया गया है कि अगर जल्द मांगों को लेकर नोटिफिकेशन जारी नहीं किया तो पटवारी तथा कानूनगो काली दिवाली मनाएंगे। उन्होंने कहा कि सीएम नायब सैनी ने नवनियुक्त पटवारियों के राज्य स्तरीय सम्मेलन में गत सात जनवरी को प्रशिक्षण अवधि में पूरा वेतन, प्रशिक्षण अवधि को सेवा अवधि मानने, प्रशिक्षण अवधि को डेढ़ साल की बजाए एक साल करने की घोषणा की थी। बावजूद इसके उसका नोटिफिकेशन अभी तक जारी नहीं किया है, जिससे पटवारियों में गहरा रोष है। मांगें न माने जाने के विरोध में प्रदेशभर के पटवारी व कानूनगो काली पट्टी बांध कर कम करते रहे। अब नौ अक्टूबर को एक दिन का सांकेतिक धरना देकर डीसी कार्यालय में सीएम के नाम मांग पत्र सौंपा जाएगा। अगर फिर भी सरकार नोटिफिकेशन जारी नहीं करती, तो प्रदेशभर के पटवारी तथा कानूनगो काली दिवाली मनाएंगे।



# एडीजीपी ने किया थाने के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन

एजेंसी

**पानीपत।** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक करनाल मंडल डॉ.एम रवि किरण ने थाना सेक्टर 13/17 के नवनिर्मित भवन का रिबन काटकर उद्घाटन किया। सेक्टर 13/17 में यह नया भवन चार करोड़ 21 लाख रूपए की लागत से बना है। हरियाणा पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन द्वारा यह भवन तैयार किया गया है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डॉ.एम रवि किरण ने इस अवसर पर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर किरण व तैनात पुलिसकर्मियों को नए भवन में नए जोश के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने उद्घाटन के पश्चात थाने का निरीक्षण किया और कहा कि आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित थाना भवन बन जाने से पुलिस पदाधिकारियों के साथ साथ थाना क्षेत्र के लोगों को काफी सुविधा होगी।

जांच अधिकारी बेहतर माहौल में फरियादियों को बैठाकर शिकायत सुनकर समाधान कर सकेंगे। उन्होंने पुलिसकर्मियों को इसके रख रखाव व स्वच्छता के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने व पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने थाना परिसर में पौधा रोपण किया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि चार करोड़ 21 लाख रुपये की लागत से बनकर तैयार हुआ सेक्टर 13/17 का दो मंजिला भवन जिले का सबसे आधुनिक थाना है। थाने के भू तल पर एसएचओ रूम, ड्यूटी ऑफिसर रूम, एमएचसी रूम, पब्लिक डिलिंग रूम, वॉयरलेस रूम, मालखाना, वेटिंग रूम, महिला व बच्चों के लिए रूम, महिला व पुरूषों के अलग-अलग लॉक-अप व पुरुष, महिला व दिव्यांगों के लिए अलग-अलग वॉशरुम बनाए गए हैं। प्रथम तल पर आईओ रूम, मालखाना, महिला रूम, किचन, डाइनिंग व महिला पुरूषों के लिए अलग अलग वॉशरूम बनाया गया है। द्वितीय तल पर पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के विश्राम के लिए रूम बनाए गए हैं। सीसीटीवी कैमरा लगाने के साथ प्रत्येक कमरे में बैठने व काम करने के लिए प्रर्याप्त संख्या में फर्नीचर लगाया गया है। पीने के स्वच्छ पानी के लिए वाटर कूलर व आरओ लगाए गए हैं। इस अवसर पर एएसपी हर्षित गोयल आईपीएस, डीएसपी नवीन संधू, डीएसपी सुरेश कुमार सैनी, डीएससी नरेंद्र सिंह, डीएसपी राजबीर सिंह, डीएसपी आत्माराम व हरियाणा पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन के एक्सईएन विकास दहिया, एसडीओ सुरेंद्र सिंह व विभिन्न थानों के प्रभारी व काफी सख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे।




# बार बार चुनावी चक्र से देश को बचाने की बात मोदी सरकार ने पार्टी हित छोड़कर देश हित में की : धनखड़

एजेंसी

**चंडीगढ़।** भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने एनआईटी इंस्टीट्यूट जालंधर में वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर प्रदेश स्तरीय स्टूडेंट लीडर को संबोधित करते हुए कहा कि देश में बार बार चुनाव होने से राष्ट्र के संसाधनों के साथ-साथ राष्ट्र के अमूल्य समय और धन की बर्बादी की होती है। युवा वर्ग देश हित में विकास की इस बड़ी बाधा को हटाने में सक्षम और समर्थ है। विशेषकर छात्र नेताओं को देश हित में अपनी अग्रणी और निर्णायक भूमिका निभानी होगी। धनखड़ ने बार बार चुनाव होने से राष्ट्र के संसाधनों के साथ-साथ राष्ट्र के अमूल्य समय की बर्बादी की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि बार बार चुनावी प्रकिया से देश में विकास कार्य ठप्प हो जाते हैं । शासन प्रशासन नीतिगत निर्णय तक नहीं ले पाते जिससे विकास की नहीं रोजमर्रा के कामों की गति भी रुक जाती है। लगातार चुनावी चक्र में फंसकर होने वाले इस राष्ट्रव्यापी नुकसान को रोकने के लिए स्टूडेंट लीडर का आह्वान करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए देश के विकास की इस सबसे बड़ी बाधा को हटाने के लिए अपनी अग्रणी भूमिका निभानी होगी। पीएम मोदी ने पार्टी हितों को पीछे छोड़कर देश हित में एक राष्ट्र एक चुनाव की मुहिम को आगे बढ़ाया है। भाजपा की नीति देश पहले ,पार्टी बाद की रही है। धनखड़ ने कहा कि देश में कुछ विपक्षी नेता बार बार जनता द्वारा नकारे जाने पर संवैधानिक संस्थाओं पर तथ्यहीन आरोप लगाकर बदनाम करने की मुहिम चला रहे हैं। यह स्वस्थ लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। लोकतंत्र में जनता मालिक होती है और जनता द्वारा लिए गए निर्णयों का स्वागत होना चाहिए। इन नेताओं को सच्चाई स्वीकारते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था और संवैधानिक संस्थाओं में विश्वास रखना चाहिए। ये व्यवस्था बाबा साहेब आंबेडकर की बनाई हुई व्यवस्था है। इसका सम्मान होना चाहिए।धनखड़ ने कहा कि दुनिया में भारत आर्थिक रूप से सबसे तेजी से उभरती हुई अर्थ व्यवस्था है। देशवासियों को पीएम मोदी की नीतियों में विश्वास है। पीएम मोदी का संकल्प और देशवासियों का सपना एक ही है कि अपना भारत विकसित हो । युवा वर्ग को देश के विकास में बड़ी बाधा चुनावी चक्र को छोड़कर एक राष्ट्र एक चुनाव की मुहिम को सफल बनाने में जुटना होगा।

# टेलीकाम बाजार में हुई बड़ी उल्टफेर................. बीएसएनएल ने एयरटेल को पछाड़कर दूसरा स्थान हासिल किया

**मुंबई ।**

अगस्त 2025 के ट्राई सब्सक्राइबर डेटा ने टेलीकॉम बाजार में एक नई दिशा दिखाई है। इस महीने रिलायंस जिओ ने सबसे ज़्यादा वायरलेस ग्राहक जोड़े और अपनी पकड़ मजबूत की। वहीं, बीएसएनएल, जो हाल तक गिरावट और चुनौतियों का सामना कर रही थी, इस महीने ने एयरटेल को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान पाया है। दूसरी तरफ, वोडाफोन आईडिया (वीआई) की निरंतर गिरावट ने उसकी स्थिति को और ज़्यादा नाज़ुक बना दिया है। इस महीने कुल 35.19 लाख यूजर्स जुड़े। जिसमें जिओ ने करीब 19.5 लाख नए ग्राहक जोड़े, बीएसएनएल ने 13.8 लाख, और एयरटेल ने लगभग 4.96 लाख नए ग्राहक जोड़े। वहीं वीई ने लगभग 3.08 लाख उपयोगकर्ताओं को खो दिया।

इससे साफ होता हैं कि भारतीय टेलीकॉम बाजार में प्रतिस्पर्धा और तीव्र हो गई है। जिओ ने न सिर्फ मोबाइल सेक्टर में बढ़त बनाई है, बल्कि होम ब्रॉडबैंड में भी करीब 9 लाख नए ग्राहक जोड़े, जबकि एयरटेल ने सिर्फ 3 लाख नए कनेक्शन दिए।

जिओ ने अगस्त 2025 में 1.95 लाख नए वायरलेस ग्राहक जोड़े। जिओ का कुल वायरलेस ग्राहक आधार अगस्त के अंत तक




479.45 मिलियन था। ब्रॉडबैंड क्षेत्र में भी जिओ ने नया रिकॉर्ड बनाया 9 लाख नए होम ब्रॉडबैंड कनेक्शन जोड़े।

राज्य-स्वामित्व वाली बीएसएनएल ने अगस्त 2025 में 13.8 लाख नए ग्राहक जोड़े, और एयरटेल को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल किया। बीएसएनएल के पास अगस्त अंत तक कुल 91.75 मिलियन ग्राहक थे। बीएसएनएल की वापसी की वजह 4जी का आना है। बीएसएनएल को यह भी उम्मीद है कि अगले 6-8 महीनों में वह अपने 4जी नेटवर्क को 5जी में बदलेगी।

# निवेशकों के लिए राहत, सेबी ने ऑनलाइन निवेश को बनाया सुरक्षित

**मुंबई ।**

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने ऑनलाइन धोखाधड़ी रोकने और निवेश को सुरक्षित बनाने के लिए दो नई सुविधाओं की शुरुआत की है। अब निवेशक एट द रेट वे लिड यूपीआई हैंडल और सेबी चेक टूल की मदद से सुनिश्चित कर सकेंगे कि उनका पैसा केवल सेबी अधिकृत ब्रोकर या म्यूचुअल फंड कंपनी के पास ही जाएगा। सेबी ने पंजीकृत सभी ब्रोकर और म्यूचुअल फंड कंपनियों के लिए यह अनिवार्य किया है कि वे ऐसे यूपीआई हैंडल का उपयोग करें, जिनके अंत में एट द रेट वे` लिड लिखा हो। ब्रोकरों के लिए बीआरके और म्यूचुअल फंड कंपनियों के लिए एमएफ का विशेष पहचानकर्ता होगा। पेमेंट के समय निवेशकों को हरे रंग के थम्ब्स-अप ट्रायंगल का निशान भी दिखेगा, जो यह बताएगा कि पैसा सही और अधिकृत संस्था को ही जा रहा है।




# अनिल की कंपनी को सेबी ने भेजा शोकॉज नोटिस, शेयरों में आई मामूली गिरावट

**-कंपनी ने कहा- सीएलई प्राइवेट लिमिटेड में उसका कोई भी निवेश या एक्सपोजर नहीं**

**नई दिल्ली।**

रिलायंस पावर लिमिटेड और रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को सेबी ने सेबी विनियम, 2003 और सेबी अधिनियम, 1992 के उल्लंघन के आरोप में शो-कॉज नोटिस जारी किया है। रिलायंस पावर ने कहा कि उसका सीएलई प्राइवेट लिमिटेड में कोई निवेश नहीं है और वह कानूनी सलाह के मुताबिक कदम उठाएगी। वहीं, रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर ने बताया कि उसका सीएलई प्राइवेट लिमिटेड के साथ 6,503.13 करोड़ रुपए का विवाद पहले ही मेडिएशन एक्ट, 2023 के तहत बॉम्बे हाईकोर्ट में सुलझा लिया गया था। कंपनी ने कहा कि समझौता पूरी तरह लागू हो चुका है और अब वह सेबी नोटिस पर कानूनी सलाह के मुताबिक ही कार्रवाई करेगी। इस बीच मंगलवार को रिलायंस पावर लिमिटेड के शेयर मामूली गिरावट के साथ 44.96 रुपए पर आ गए। वहीं, रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयर 3 फीसदी तक गिरकर 238 रुपए पर आ गए। रिलायंस पावर ने बीएसई को दी गई फाइलिंग में कहा कि उसे सेबी की ओर से एक शो-कॉज नोटिस मिला है, जो रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की सीएलई प्राइवेट लिमिटेड में एक्सपोजर से जुड़ा है। कंपनी ने साफ कहा कि उसका सीएलई प्राइवेट लिमिटेड में कोई भी निवेश या एक्सपोजर नहीं है। रिलायंस पावर ने कहा कि वह इस मामले में अपने कानूनी सलाह के मुताबिक उचित कदम उठाएगी। दूसरी ओर रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर ने भी बीएसई को दी जानकारी में बताया कि उसने पहले 9 फरवरी 2025 को अपने सीएलई प्राइवेट लिमिटेड (सीपीएल) से जुड़े विवाद के निपटारे की सूचना दी थी। कंपनी ने कहा कि यह विवाद मेडिएशन एक्ट, 2023 के तहत बॉम्बे हाईकोर्ट के मेडिएशन सेंटर में दाखिल कन्सेंट टर्म्स के जरिए सुलझा लिया गया था। रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर ने कहा कि आठ महीने की देरी के बाद सेबी से अब यह शो-कॉज नोटिस मिला है, जबकि सीएलई प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता पहले ही पूरा हो चुका है और मेडिएशन एक्ट, 2023 के प्रावधानों के मुताबिक पूरी तरह लागू किया जा चुका है। कंपनी ने यह भी कहा कि वह इस मामले में कानूनी सलाह के मुताबिक आगे के कदम उठाएगी। बता दें यह मामला रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर और सीएलई प्राइवेट लिमिटेड के बीच लंबे समय से चले आ रहे वित्तीय विवाद से जुड़ा है। दोनों पक्षों ने 2023 में मेडिएशन एप्लिकेशन नंबर 181/2023 के तहत आपसी सहमति से विवाद निपटाने के लिए आवेदन किया था।

# अमेरिकी बैन के बाद रूस की एनर्जी फर्म भारत में करेगी 5 हजार करोड़ का निवेश

**-आंध्र प्रदेश के काकिनाडा में यूनिट लगाने की तैयारी, केंद्र के सामने रखेगी प्रस्ताव**

**नई दिल्ली।** रूस की सरकारी एनर्जी फर्म गैजप्रॉम ने अमेरिकी बैन के बाद अब भारत का रुख किया है। रूसी कंपनी ने भारत में 60 करोड़ डॉलर यानी करीब 5 हजार करोड़ रुपए का निवेश कर एलएनजी यूनिट लगाने की बात कही है। यह यूनिट आंध्र प्रदेश के काकिनाडा में लगाने की तैयारी है, जिसकी क्षमता करीब 50 लाख टन होगी। विश्लेषकों का कहना है कि रूसी कंपनी के भारत में आने से अमेरिका के साथ पहले से ही तल्ख चल रहे संबंधों में दूरियां और बढ़ सकती हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रुसी कंपनी गैजप्रॉम ने भारत के पूर्वी छोर पर स्थित पोर्ट के पास इन्फ्रा विकसित करने का प्रस्ताव दिया है। माना जा रहा है कि कंपनी के अधिकारी और रूस के प्रतिनिधि इसी सप्ताह दिल्ली में सरकार के सामने अपना प्रस्ताव रखेंगी। इस योजना के तहत करीब 5 हजार करोड़ के निवेश की संभावना है। इसके तहत काकिनाडा पोर्ट पर एलएनजी टर्मिनल स्थापित किया जाएगा। मामले से जुड़े सूत्रों का कहना है कि भारत के समुद्री क्षेत्र में निवेश करने के लिए दुनियाभर की कंपनियां अपनी इच्छा जता रही हैं।

गैजप्रॉम ने भारतीय पोर्ट इन्फ्रा के अधिग्रहण की योजना ऐसे समय में बनाई है, जब अडानी समूह समेत कई भारतीय पोर्ट ऑपरेटर पर अमेरिका, यूके और यूरोपीय यूनियन ने बैन लगा दिया है। अब जबकि गैजप्रॉम ने भारत का रुख किया है तो कई विशेषज्ञों ने इससे अमेरिका के साथ संबंधों में और तल्खी आने की आशंका जताई है। गोखले इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटिक्स एंड इकोनॉमिक्स में जियोपॉलिटिकल और जियोइकोनॉमिक्स के असिस्टेंट प्रोफेसर संकल्प गुर्जर का कहना है कि रूस की ओर से भारत में निवेश किए जाने से अमेरिका के साथ संबंधों पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा। बदलते हालात में भारत ने रूस के साथ अपने संबंधों को दोबारा मजबूत करने और रक्षा सहित कई क्षेत्रों में पार्टनरशिप बनाने पर जोर देना शुरू किया है। भारत और अमेरिका के संबंध हाल के दिनों में टैरिफ की वजह से तनावपूर्ण बने हुए हैं। कानून के जानकार का कहना है कि अमेरिकी प्रतिबंधों की वजह से गैजप्रॉम के भारत में निवेश पर या भारतीय कंपनियों से पार्टनरशिप का कोई असर नहीं पड़ेगा।

# मस्क, एलिसन, जुकरबर्ग, बेजोस पर हुई डॉलरों की बारिश, अडानी-अंबानी ने पाया खोया रुतबा

**नई दिल्ली।**

अरबपतियों की सूची में एक बार फिर भारी उथल-पुथल हुई। एलन मस्क, लैरी एलिसन, मार्क जुकरबर्ग, जेफ बेजोस, लैरी पेज, सर्गी ब्रिन पर डॉलरों की बारिश हुई। वहीं अंबानी, अडानी ने अपना खोया रुतबा हासिल किया है। बीते हफ्ते शुक्रवार को एलन मस्क से लेकर जेनसेन हुआंग तक दिग्गज अरबपतियों की संपत्ति में गिरावट आई, लेकिन सोमवार को हुआंग को छोड़ इन अरबपतियों पर डॉलर की बारिश हुई। ताजा सूची के मुताबिक एलन मस्क की संपत्ति सोमवार को 16.7 अरब डॉलर की हुई और अब उनका नेटवर्थ 465 अरब डॉलर हो गया है।

लैरी एलिसन ने 6.69 अरब डॉलर कमाया और उनका नेटवर्थ 351 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। मार्क जुकरबर्ग 252 अरब डॉलर के नेटवर्थ पर हैं और इनकी संपत्ति में 1.77 अरब डॉलर पर पहुंच गई। जेफ बेजोस को 1.28 अरब डॉलर का फायदा हुआ। अब इनके पास 244 अरब डॉलर का नेटवर्थ है। लैरी पेज 4 अरब डॉलर बनाए हैं और उनकी कुल संपत्ति अब 220 अरब डॉलर हो गई, जबकि सर्गी ब्रिन के नेटवर्थ में 3.71 डॉलर का इजाफा हुआ है। इनका नेटवर्थ अब 205 अरब डॉलर है। बर्नार्ड अर्नाल्ट को 4 अरब डॉलर का झटका लगा है। उनकी संपत्ति अब 177 अरब डॉलर रह गई है। जेनसेन हुआंग, जो दुनिया के 9वें अमीर व्यक्ति हैं, ने 4 अरब डॉलर गंवाए हैं। अब इनकी संपत्ति 1.78 अरब डॉलर है। माइकल डेल को 1.04 अरब डॉलर का फायदा हुआ है। इनकी कुल संपत्ति अब 152 अरब डॉलर है। दुनिया के अमीरों की लिस्ट में अब ये 10वें नंबर पर हैं। वॉरेन बफे दुनिया के टॉप-10 अमीरों की सूची से बाहर हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स में अब बफे 11वें नंबर पर हैं। इनका नेटवर्थ 151 अरब डॉलर है। मुकेश अंबानी एक पायदान ऊपर चढ़कर फिर से 18वें स्थान पर आ गए हैं। सोमवार को उनकी संपत्ति में 883 मिलियन डॉलर का इजाफा हुआ।

## रुपया गिरावट पर बंद



**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया दो पैसे की गिरावट के साथ ही 88.76 पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही करोबारी दिन अमेरिकी मुद्रा में मजबूती और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितताओं के बीच ही रुपया शुरुआती कारोबार में एक पैसे टूटकर 88.75 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के कारण भी स्थानीय मुद्रा दबाव में है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.72 पर थोड़ा मजबूत खुला लेकिन जल्द ही यह एक पैसे टूटकर 88.75 प्रति डॉलर पर आ गया। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.74 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने ने वाला डॉलर सूचकांक 0.06 फीसदी की बढ़त के साथ 97.86 पर आ गया।



## भारत कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर कर रहा है बातचीत

**नई दिल्ली ।** भारत वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर बातचीत कर रहा है। मंत्री ने दोहा में बताया कि ओमान, यूरोपीय संघ, अमेरिका, चिली, पेरू, न्यूजीलैंड, यूरेशिया और अन्य देशों ने व्यापार समझौते की इच्छा जताई है। भारत इन समझौतों के जरिए विकसित देशों के साथ आर्थिक संबंध मजबूत करना चाहता है। न्यूयॉर्क में हाल ही में हुई बैठक के बाद भारत और अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर तेजी से सहमति बनाने की कोशिश में हैं। अमेरिका ने भारतीय माल पर टैरिफ लगाए हैं, लेकिन दोनों पक्ष रचनात्मक वार्ता कर समझौता करने की दिशा में काम कर रहे हैं। इस समझौते का उद्देश्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 191 अरब डॉलर से बढ़ाकर 500 अरब डॉलर करना है। 2024-25 में अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना रहेगा। दोनों देशों के बीच व्यापार लगभग 132 अरब डॉलर का है। अमेरिका भारत के कुल निर्यात का 18 फीसदी हिस्सा लेता है।

## तेल निर्यातक रूस अब खुद कर रहा है तेल आयात

**नई दिल्ली ।** रूस, जो दुनिया के सबसे बड़े तेल निर्यातकों में से एक माना जाता है, अब खुद को तेल निर्यात करने की स्थिति में आ रहा है। अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों, घटते उत्पादन और परिष्कृत तेल की कमी के कारण रूस को कुछ देशों से रिफाइंड ऑयल खरीदना पड़ रहा है। विशेषज्ञों का कहना है` कि यूक्रेन युद्ध और पश्चिमी देशों की सख्त पाबंदियों ने रूस की ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित किया है। घरेलू बाजार में पेट्रोल और डीज़ल की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए रूस को पड़ोसी देशों से तेल उत्पाद मंगवाने पड़ रहे हैं। यह स्थिति वैश्विक ऊर्जा बाजार पर भी असर डाल रही है, जिससे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। रूस की यह नई रणनीति बताती है कि ऊर्जा क्षेत्र में आर्थिक और राजनीतिक दबाव कैसे संतुलन बदल सकते हैं।

## इस साल वैश्विक मुद्रा बाजार में डॉलर फिसला, यूरो-पेसो चमके, रुपया कमजोर

**- डॉलर में 9.5 फीसदी गिरावट, यूरो और पेसो में मजबूती, रुपया फिसला**

**मुंबई ।** इस साल वैश्विक मुद्रा बाजारों ने अप्रत्याशित रुख अपनाया। जहां अमेरिकी डॉलर ने साल की शुरुआत मजबूत स्थिति से की थी, वहीं वर्ष के अंत तक यह करीब 9.5 फीसदी गिर गया। इसके पीछे मुख्य कारण अमेरिका में संभावित ब्याज दर कटौती की उम्मीदें और विकास दर में सुस्ती रही, जिसने डॉलर की मांग पर सीधा असर डाला। इसके विपरीत, यूरो और मैक्सिकन पेसो ने जबरदस्त मजबूती दिखाई। यूरो में डॉलर के मुकाबले लगभग 13 फीसदी की वृद्धि हुई। यूरोपीय अर्थव्यवस्था की स्थिरता और अपेक्षाकृत मजबूत नीतियों ने इसे सहारा दिया। यूरो की मजबूती के चलते अमेरिकी पर्यटकों के लिए यूरोप की यात्रा महंगी हो गई, जबकि यूरोपीय लोगों के लिए अमेरिकी वस्तुएं सस्ती हो गईं। मैक्सिकन पेसो में करीब 12 फीसदी की बढ़त देखी गई, जो उच्च स्थानीय ब्याज दरों और उत्तरी अमेरिका से स्थिर निवेश प्रवाह के कारण संभव हो सकी। हालांकि वैश्विक परिदृश्य में अधिकतर मुद्राएं डॉलर के मुकाबले मजबूत हुईं, भारतीय रुपया ने विपरीत दिशा ली। साल 2025 में रुपया लगभग 3-4 फीसदी कमजोर हुआ। यह गिरावट स्थानीय आर्थिक नीतियों की अस्पष्टता और वैश्विक पूंजी के बाहर जाने की प्रवृत्ति का संकेत देती है।



# शेयर बाजार हल्की तेजी के साथ बंद

**सेंसेक्स 136, निफ्टी 30 अंक उछला**

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को मामुली तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी हावी होने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर बीएसई सेंसेक्स 136.63 अंक बढ़कर 81,926.75 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 30.65 अंक ऊपर आकर 25,108.30 पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान लार्जकैप के साथ ही मिडकैप और स्मॉलकैप में भी उछाल आया। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 274.30 अंक बढ़कर 58,289.40 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 55.35 अंक उछलकर 17,983.40 पर पहुंच गया। रियल्टी शेयरों से बाजार उछला। निफ्टी रियल्टी इंडेक्स 1.09 फीसदी तेजी के साथ बंद हुआ। निफ्टी ऑटो 0.28 फीसदी, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज 0.24 फीसदी, निफ्टी फार्मा 0.24 फीसदी, निफ्टी एनर्जी 0.28 फीसदी और निफ्टी इन्फ्रा 0.37 फीसदी उपर आकर बंद हुआ।

वहीं दूसरी ओर निफ्टी पीएसयू बैंक 0.41 फीसदी, निफ्टी एफएमसीजी 0.53 फीसदी,




निफ्टी मेटल 0.28 फीसदी और निफ्टी मीडिया 0.48 फीसदी टूटकर बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में भारती एयरटेल, एचसीएल टेक, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा स्टील, और मारुति सुजुकी सबसे अधिक लाभ में रहे। वहीं एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स, ट्रेंट, इन्फोसिस, एसबीआई, एचयूएल, कोटक महिंद्रा, बीईएल, टाइटन और टीसीएस के शेयर सबसे अधिक गिरे।

वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार बढ़त के साथ खुले। सेंसेक्स 93 अंक की बढ़त लेकर 81,883.95 पर खुला। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 37.90 अंक की बढ़त के साथ 25,115.55 पर खुला। वहीं एशियाई बाजारों में मिलाजुला रुख देखने को मिला। जापान का निक्केई लगातार दूसरे ट्रेडिंग सेशन में रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंचा, जिसे वॉल स्ट्रीट पर टेक शेयरों में तेजी ने समर्थन दिया निक्केई 0.81 फीसदी ऊपर था, जबकि हांगकांग का हैंगसेंग 0.67 फीसदी नीत नीचे रहा। वहीं, चीन के मेनलैंड इंडेक्स सीएसआई 300 में 0.45 फीसदी की बढ़त देखी गई और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 2.7 फीसदी ऊपर रहा। वहीं वॉल स्ट्रीट के प्रमुख इंडेक्स भी मिलेजुले रुख के साथ बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.36 फीसदी चढ़कर और नैस्डैक 0.71 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ। जबकि डॉव जोन्स 0.14 फीसदी गिरकर बंद हुआ।

## ईरान में भारतीय रुपया बना पावरफुल

**- सस्ती ट्रैवल डेस्टिनेशन बनने का सुनहरा मौका**



**मुंबई ।** ईरान इस समय गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहा है। अमेरिका और यूरोपीय देशों के लगातार प्रतिबंधों और इज़रायल के साथ तनाव के चलते देश की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। महंगाई दर 35 फीसदी से ऊपर बनी हुई है, जिससे ईरानी मुद्रा रियाल की वैल्यू ऐतिहासिक रूप से गिर चुकी है। इसी गिरावट का सीधा फायदा भारतीय पर्यटकों को मिल रहा है। इस समय 1 भारतीय रुपया लगभग 473.20 ईरानी रियाल के बराबर है। यानी कोई भी भारतीय अगर 1000 रुपए लेकर ईरान जाता है तो उसे करीब 4.73 लाख रियाल मिलते हैं। इससे ईरान भारतीयों के लिए एक बेहद किफायती और बजट-फ्रेंडली टूरिस्ट डेस्टिनेशन बन गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, ईरान की संसद ने मुद्रा से 4 शून्य हटाने का ऐतिहासिक फैसला लिया है। अब 10,000 पुराने रियाल बराबर 1 नया रियाल होंगे। इससे रोजमर्रा के लेन-देन में सहूलियत होगी और ट्रांजैक्शन आसान बनेंगे। इस फैसले के पीछे आर्थिक स्थिरता लाने की कोशिश है, लेकिन इससे भारतीय पर्यटकों के लिए वहां घूमना और शॉपिंग करना और भी किफायती हो गया है। हालांकि, ईरान की राजनीतिक स्थिति को देखते हुए यात्रा से पहले ट्रैवल एडवाइजरी जांचना जरूरी है। लेकिन कम बजट में विदेश घूमने की योजना बना रहे भारतीयों के लिए ईरान एक बेहतरीन विकल्प बनकर उभर रहा है।

# आपका चेहरा और फिंगरप्रिंट देगा यूपीआई में पेमेंट की अनुमति.....भूल जाओ पिन डालना

**मुंबई ।**

देश में डिजिटल पेमेंट्स को आसान और सुरक्षित बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। अब यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) से लेन-देन करने वाले यूजर्स को भुगतान के लिए पिन डालने की जरूरत नहीं होगी। इसके बजाय वे चेहरे की पहचान या फिंगरप्रिंट के द्वारा अपने ट्रांजैक्शन को पूरा कर सकते है। यह नई सुविधा 8 अक्टूबर से लागू होगी।

**क्या है डिटेल**

एनपीसीआई (जो यूपीआई का संचालन करती है) फीचर को ग्लोबल फिनटेक फेस्टिवल, मुंबई में प्रदर्शित करने जा रही है। इससे डिजिटल पेमेंट्स और तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक होगा।

रिपोर्ट के अनुसार, इस नई सुविधा में पेमेंट की ऑथेंटिकेशन (वेरिफिकेशन) भारत सरकार की आधार प्रणाली में दर्ज बायोमैट्रिक डेटा से होगी। यानी, यूजर्स का चेहरा या फिंगरप्रिंट उनके आधार डेटा से मैच किया जाएगा, जिससे पेमेंट की अनुमति मिलेगी।



बता दें कि यह कदम भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के हालिया दिशानिर्देशों के अनुरूप है, जिसमें डिजिटल ट्रांजैक्शनों के लिए वैकल्पिक ऑथेंटिकेशन तरीकों की अनुमति दी गई थी। इससे डिजिटल पेमेंट्स में सुरक्षा और उपयोगकर्ता अनुभव दोनों को बेहतर बनाने की उम्मीद है।

वर्तमान में, हर यूपीआई ट्रांजैक्शन के लिए यूजर्स को 4 या 6 अंकों का पिन दर्ज करना होता है। नई सुविधा लागू होने के बाद, फेस स्कैन या फिंगरप्रिंट सेंसर के जरिए पेमेंट तुरंत ऑथेंटिकेट हो जाएगा। इससे ट्रांजैक्शन समय घटेगा, सुरक्षा बढ़ेगी, और यूजर अनुभव और सहज होगा। विशेषज्ञों का कहना है कि बायोमैट्रिक ऑथेंटिकेशन से धोखाधड़ी की संभावना कम होगी, क्योंकि चेहरा या फिंगरप्रिंट किसी अन्य व्यक्ति द्वारा कॉपी करना मुश्किल है।

## वोडाफोन आइडिया को एजीआर मामले में राहत की उम्मीद

**- सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई 13 अक्टूबर तक टाली**

**नई दिल्ली ।** वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) को एजीआर (समायोजित सकल राजस्व) विवाद में आंशिक राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने कंपनी की याचिका पर सुनवाई 13 अक्तूबर तक के लिए टाल दी है। याचिका में कंपनी ने दूरसंचार विभाग (डीओटी) द्वारा वित्त वर्ष 2016-17 के लिए की गई 5,606 करोड़ की अतिरिक्त मांग को चुनौती दी है। वोडाफोन आइडिया की ओर से एक वरिष्ठ अधिवक्ता ने दिवाली से पहले सुनवाई का अनुरोध किया, जिसे कोर्ट ने स्वीकार किया। सरकार ने बताया कि वह कंपनी में लगभग 50 फीसदी हिस्सेदार है, इसलिए समाधान की दिशा में प्रयास जरूरी हैं। इससे पहले भी 26 सितंबर को सुनवाई टाली गई थी।



# बिहार में चुनाव का बिगुल बजते ही जोड़तोड़ में लग गई राजनैतिक पार्टियां



कांतिलाल मांडोत

> बिहार में समीकरण बदल गए है। नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व और नीतीश की विकास की नीतियों से दूसरे दलों में मतदाताओ ने किनारा करना शुरू कर दिया। हर चुनाव में अनुमान ध्वस्त होते दिखाई दिए है। पिछली विधानसभा के चुनाव में भाजपा को बड़ी जीत हासिल हुई थी।




बिहार में विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही राज्य और देश मे चुनाव को लेकर अटकलें भी थम गई। बिहार में इस बार दो चरण में मतदान होने जा रहा है। यह पिछले कई वर्षों में सबसे छोटा चुनाव है। बिहार में इस बार एसआईआर सबसे बड़ा फैक्टर है। मतदान सूची से 68.5 लाख नाम हट चुके है। बिहार में राजद और कांग्रेस का मुस्लिमो के समर्थन पर ही दोनो दलों का भविष्य टिका है। कांग्रेस मुस्लिम मतदाताओ की सबसे बड़ी हितचिंतक है। राजद के सुप्रीमो तेजस्वी भी मुस्लिमो के हितचिंतक होने का दावा करते है। बिहार में इनको भी लगने लगा है कि राजद और कांग्रेस सिर्फ दिखावटी बाते करती है। इंडिया गठबंधन के दोनो घटक दल राजद और कांग्रेस में बड़ा याराना है। दोनो दल अभी तक अपने हिस्से की सीटें निकालने पर चिंतन कर रहे है,फिर भी संशय है। मुस्लिमो का बड़ा तबका यह समझता है कि तेजस्वी और कांग्रेस के राज में राजनीतिक रसूख ज्यादा रहता है। लेकिन सत्ता में आने पर ही वोट देने का सही फायदा है। मुस्लिमो को पुलिस आदि का सरंक्षण चाहिए होता है,वह राजद और कांग्रेस से मिल जाता है। इसलिए मुस्लिम समाज का झुकाव राजद की तरफ दिखाई देता है। बिहार में कांग्रेस का जनाधार नही के बराबर है। मुसलमानों की पहली पसंद कांग्रेस दिखती है और दूसरी राजद। लेकिन कांग्रेस कई वर्षों से सत्ता से बाहर है। बिहार में समीकरण बदल गए है। नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व और नीतीश की विकास की नीतियों से दूसरे दलों में मतदाताओ ने किनारा करना शुरू कर दिया। हर चुनाव में अनुमान ध्वस्त होते दिखाई दिए है। पिछली विधानसभा के चुनाव में भाजपा को बड़ी जीत हासिल हुई थी। भाजपा को 74 सीटे मिली थी। 19.46 प्रतिशत वोट प्राप्त हुए थे। जदयू को 43 सीटे और 15.39 प्रतिशत वोट मिले थे। राजद को 75 सीटे मिली थी। और वोट 23.11 प्रतिशत प्राप्त हुए। उधर ,कांग्रेस की झोली में 19 सीटे प्राप्त हुई। कांग्रेस के मुस्लिम वोट में राजद की सेंधमारी से बड़ाफायदा मिला था। वामदल और अन्य के हिस्सों में 16-16 सीटे गई थी। बिहार की गणित दलित,ओबिसी और मुस्लिम वोटों पर टिकी हुई है। दावे,वादे और बदलते समीकरण से मतदाताओ को भांपना मुश्किल होता जा रहा है। जदयू और भाजपा गठबंधन की एनडीए को बिहार से दोनो पार्टी की 12-12 सीटें मिली थी। बिहार में मुस्लिमो की 17.70 प्रतिशत आबादी का वोट शेयर दोनों पार्टियों के हिस्से में जाता है। मुस्लिमपरस्त राजनीति ने भाजपा की सम्भावनाओ को बढ़ा दिया है । बीस सालों से बिहार की राजनीति में अंगद की तरह पैर जमा चुके सुशासन बाबू नीतीशकुमार की बिहार में उज्ज्वल छवि है। लोग नीतीश कुमार की नीतियों के कायल है। उनके शब्दो पर भरोसा करते है। लालू के जंगलराज के बाद तेजस्वी ने अव्यवस्था पर ध्यान केंद्रित कर नई रणनीति बनाकर पार्टी को 2020 में 75 सीटे दिलाई। बिहार के मतदाताओ पर घोर किया जाए तो ईबीसी की 36 प्रतिशत आबादी के हितों पर ध्यान केंद्रित करना होगा। बिहार में कुल 63 प्रतिशत ओबिसी-ईबीसी की आबादी ही निर्णायक होगी। एससी -एसटी के 21 प्रतिशत वोट पर राजनैतिक दलों की नजर है। जाति के इस गणित को समझना टेडी खीर है। लेकिन विकास के वादे और रोजगार पर सत्तारूढ़ दल ने महिलाओ को मदद की है। उससे भी एनडीए को सीधा लाभ मिलेगा। जदयू के पिछले 2020 के विधानसभा चुनाव में वोट शेयर ने घटा था। उसके कई कारण हो सकते है।

बिहार की लोकगायिका मैथेली की बीजेपी की टिकट पर चुनाव लड़ने की सम्भावना जताई जा रही है। उसके बाद नरेंद्र मोदी के प्रति भरोसा और विकास के लिए जरूरत बिहार में ज्यादा दिखती है । भाजपा ने ओबोसी, ईबीसी, एसी-एसटी पर भर भरोसा जताया है। राजद,कांग्रेस में मुस्लिमो को अपनी तरफ खींचने की कवायद से हिन्दुओ में ध्रुवीकरण हुआ तो उसका फायदा सीधा भाजपा को हो सकता है। जहां तक कांग्रेस की बात है तो तेजस्वी ने उसे अपने पीछे दौड़ने के लिए मजबूर कर दिया है। राहुल गांधी की लाख कोशिशों और तेजस्वी की सारी रणनीतियों के बावजूद बिहार में लोगो का ध्यान आकृष्ट तो कर सकते है लेकिन सत्य को पराजित नही जा सकता है। कांग्रेस ने राजद की अंगुली पकड कर बिहार की राजनीति में भूचाल लाने की रणनीति के पीछे प्रियंका की चाटूकारिता रही है। दोनो भाई बहन की बिहार में प्रतिष्ठा का सवाल खड़ा हो गया है। बिहार में कांग्रेस पहले से ही कमजोर है। उधर,11 नामो के साथ बिहार में आम आदमी पार्टी ने सूची जारी की है। बिहार में बीजेपी की मैराथन बैठक में बिहार के सिटिंग विधायको को लेकर चिंतन किया जा रहा है। दावेदारी किसको देनी है इसका मसाला केंद्रीय नेतृत्व को भेजा जाएगा। सुझाव समिति की सभी सदस्यों ने अपना सुझाव दिया है और मजबूत उम्मीदवार को तवज्जों दी जा रही है। बीजेपी बिहार में एनडीए के सहयोग से पूरी ताकत झोंकेगी। शाहबाद और मगध एनडीए के लिए प्राथमिकता रहेंगे। क्योकि 2020 के विधानसभा चुनाव में इन क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन नही कर सकी। बिहार में कांग्रेस पहले से ही कमजोर स्थिति में है। ऊपर से सीटो के त्याग संशय से चिंतन है। कांग्रेस के पास बिहार में मजबूत नेता की जरूरत है। तभी समीकरण सधता नजर आ सकता है । वैसे तो सूबे में तिकोना संघर्ष है। लेकिन चतुष्कोणीय मुकाबला करा सकती है। राजद और कांग्रेस की सौदेबाजी पर सबकी नजर है। कांग्रेस को अब नाक बचाने की चिंता है। गांधी परिवार की विरासत का भूत लोगो के दिमाग से तीस वर्ष पहले ही उतर चुका था। क्योंकि कांग्रेस धरातल पर आ गई। कांग्रेस के धुरंधर कहे जाने वाले नेता भी पिछले चुनाव में हार गए। अब असली परीक्षा तो इन दलों की चुनाव में है। सभी के साथ मिलकर प्रत्याशी उतार रहे है। हालांकि चुनाव के बीच अभी 38 दिन बाकी है। लेकिन राजनैतिक दल अभी से चुनाव की तैयारी में जुट गए है। राजद और कांग्रेस दोनो विरोधी गठबंधन है। कांग्रेस के हित राजद से मेल नही खाते। राजद कांग्रेस खोई हुई राजनीतिक जमीन पर काबिज है। क्योंकि चुनौती भाजपा की है। तीस साल से बिहार में वापसी का सपना देखने वाले राहुल को हकीकत समझ मे आ ही गई। तीसरे पायदान पर खड़ी भाजपा से अपना मुकाबला मान रहे है । चुनाव की बयार अभी उलट बहने से कांग्रेस डरी हुई है। क्योंकि कांग्रेस के पास भाजपा से मुकाबला करने के लिए ठोस मुद्दे नही है। अब तो चुनाव के बाद ही तस्वीर साफ होगी।

## संपादकीय

### एक करोड़ महिलाओं की ताकत

नई वैश्विक परिस्थितियों के बीच भारत के समकाल और देशकाल को देखना खासा दिलचस्प है। समाज, राजनीति और लोकतंत्र की बात करें तो देश आपातकाल से पांच दशक आगे निकल चुका है। यह भी कि इस वर्ष जब आखिरी विधानसभा चुनाव के रूप में बिहार में नई सरकार चुनी जानी है तो जयप्रकाश आंदोलन के भी पचास वर्ष पूरे हो रहे हैं। ऐतिहासिक रूप से बिहार इस आंदोलन का एक तरह से एपिक सेंटर था। इन पांच दशकों में जरूर गंगा में बहुत पानी पानी बह चुका है, पर समय के इस बहाव के बीच कुछ चीजें स्थिर भी हुई हैं और वे नई मिसालें और मानदंडों के साथ हमारे समय में लोकनीति और विकास को व्याख्यायित कर रही हैं। इस बात की बड़ी अहमियत है कि जिस बिहार में आकर महात्मा गांधी ने सत्याग्रह का अमोघ अस्त्र देश-दुनिया को दिया, आज उस सूबे की धरती पर महिलाओं ने एक बड़ी मूक क्रांति को सच कर दिखाया है। यह क्रांति महिला सशक्तीकरण की इकहरी समझ से आगे कई मायनों में सर्व-समावेशी है और इससे इस प्रदेश की महिलाओं के साथ ग्रामीण इलाकों में विकास और बदलाव का एक सर्वथा नया दौर सामने आया है। इस लिहाज से इन दिनों मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की खासी चर्चा है। आकार के लिहाज से यह देश की ऐसी सबसे बड़ी योजना है, जिसने न सिर्फ सामाजिक बदलाव की जमीन को मजबूत किया है, बल्कि इसे महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन का सर्वथा नया दौर शुरू हुआ है। गौरतलब है कि बीते 26 सितंबर को जब यह योजना शुरू हुई तो 75 लाख से ज्यादा महिलाओं के बैंक खाते में दस-दस हजार पए ट्रांसफर किए गए। इसके कुछ ही दिन बाद 25 लाख और महिलाओं को इसमें जोड़ा गया और उनके भी खाते में पैसे पहुंचे। इस तरह 75 लाख का आंकड़ा देखते-देखते एक करोड़ पर पहुंच गया। राज्य क्या देश के स्तर पर पर भी यह संख्या ऐतिहासिक तौर असाधारण है। महिलाओं को यह राशि स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता के लिए दी जा रही हैं। वस्तुतः चुनाव से पूर्व होने वाली तमाम तरह की अव्यावहारिक और हवाई घोषणाओं से अलग बिहार सरकार ने कैबिनेट स्तर पर बीते कुछ महीनें में कई अहम फैसले लिए हैं। इस क्रम में जो बड़ा फैसला राज्य सरकार ने किया है, वह है मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना। राज्य सरकार ने इस योजना को प्रदेश की महिलाओं की स्थिति और जरूरत को समझते हुए न सिर्फ फ्रेम किया, बल्कि इसके शीघ्र क्रियान्वयन को लेकर भी वह लगातार गंभीर रही।

## चिंतन-मनन

### क्या है जीवन का सार

दुख एक मानसिक कल्पना है। कोई पदार्थ, व्यक्ति या क्रिया दुख नहीं है। संसार के सब नाम-रूप गधा-हाथी, स्त्री-पुरुष, पशु-पक्षी, वृक्ष-लता आदि खिलौने हैं। हम अपने को खिलौना मानेंगे तो गधा या हाथी होने का सुख-दुख होगा, अपने को स्वर्ण, मूल्यधातु देखेंगे तो यह मनुष्य देह नहीं रहेंगे। हम विराट् हैं, साक्षात ब्रह्म है। जो मनुष्य इस जगत प्रपंच को सत्य देखता है, उसे माया ने ठग लिया है। जो पहले भी नहीं थे, आगे भी नहीं रहेंगे, बीच में थोड़ी देर को दिखाई दे रहे हैं, उन्हीं को सब कुछ समझ कर माया मोहित मनुष्य व्यवहार कर रहा है। तत्वज्ञान शिक्षा देता है कि जो कुछ दिखाई दे, उसे दिखाई देने दो, जो बदलता है, उसे बदलने दो, जो आता-जाता है, उसे आने जाने दो। यह सब जादू का खेल है। ये हि संस्पर्शजा भोगा दुःखयोनय एव ते। आद्यन्तवन्तः कौन्तेय न तेषु रमते बुधः।

पुराणों में एक कथा आती है- महाराज जनक के जीवन में कोई भूल हो गई थी। मरने पर उन्हें यमलोक जाना पड़ा। वहां उससे कहा गया- नरक चलो। महाराज जनक तो ब्रह्मज्ञानी थे। उन्हें क्या स्वर्ग, क्या नरक। वे प्रसन्नतापूर्वक चले गए। नरक में पहुंचे तो चारों ओर से पुकार आने लगी- महाराज जनक जी! तनिक यहीं ठहर जाइए।

महाराज जनक ने पूछा- यह कैसा शब्द है?

यमदूतों ने कहा-नरक के प्राणी चिल्ला रहे हैं।

जनक ने पूछा-क्या कह रहे हैं ये?

यमदूत बाले-ये आपको रोकना चाहते हैं।

जनक ने आश्चर्य से पूछा-ये मुझे यहां क्यों रोकना चाहते हैं?

यमदूत बोले- ये पापी प्राणी अपने-अपने पापों के अनुसार यहां दारुण यातना भोग रहे हैं। इन्हें बहुत पीड़ा थी। अब आपके शरीर को स्पर्श कर-के पुण्य वायु इन तक पहुंची तो इनकी पीड़ा दूर हो गई। इन्हें इससे बड़ी शांति मिली।

जनक जी बोले-हमारे यहां रहने से इन सबको शांति मिलती है, इनका कष्ट घटता है तो हम यहीं रहेंगे।

तात्पर्य यह है कि भला मनुष्य नरक में पहुंचेगा तो नरक भी स्वर्ग हो जाएगा और बुरा मनुष्य स्वर्ग में पहुंच जाए तो स्वर्ग को भी नरक बना डालेगा। अतः देखना चाहिए कि हम अपने चित्त में नरक भरकर चलते हैं या स्वर्ग लेकर। जब हमें लगता है कि समस्त विश्व मेरी आत्मा में है, तब रोग-द्वेष, संघर्ष-हिंसा के लिए स्थान कहां रह जाता है?

# भारतीय वायुसेना दिवसः साहस, समर्पण और शक्ति का संगम भारतीय वायुसेना



योगेश कुमार गोयल

भारतीय वायुसेना 8 अक्तूबर को अपना 93वां स्थापना दिवस मना रही है। प्रत्येक वर्ष इस अवसर पर वायुसेना अपनी शक्ति, शौर्य और तकनीकी उत्कृष्टता का अभूतपूर्व प्रदर्शन करती है। इस मौके पर आयोजित भव्य एयर शो भारतीय वायुसेना की क्षमताओं और सामर्थ्य का प्रतीक बन जाता है। आसमान में वायुवीरों के करतब, फाइटर जेट्स और हेलीकॉप्टर्स के समकालिक युद्धाभ्यास को देखकर हर दर्शक रोमांच और गर्व से भर उठता है। वायुसेना के बेड़े में शामिल राफेल, मिग-29, सुखोई-30 एमकेआई, तेजस जैसे अत्याधुनिक फाइटर जेट्स भारतीय आकाश को सुरक्षित रखने की अभेद्य शक्ति प्रदान करते हैं। वहीं सारंग जैसे हेलीकॉप्टरों के शो स्टंट्स, प्रचंड और ध्रुव जैसे लाइट और एडवांस्ड हेलीकॉप्टर्स, सी-295, अपाचे, डकोटा, चेतक और जगुआर जैसी भारी मशीनें वायुसेना की बहुपक्षीय क्षमताओं का प्रदर्शन करती हैं। इन एयरक्राफ्ट की उच्च तकनीकी क्षमताएं न केवल देश की सुरक्षा की गारंटी हैं बल्कि इसे वैश्विक मंच पर सम्मान और प्रतिष्ठा भी दिलाती हैं।

भारतीय वायुसेना दिवस का मुख्य उद्देश्य केवल शक्ति प्रदर्शन नहीं है बल्कि युवाओं को इस गौरवशाली सेवा में शामिल होने के लिए प्रेरित करना भी है। एयर शो के माध्यम से युवा पीढ़ी वायुसेना की चुनौतीपूर्ण, साहसिक और सम्मानजनक भूमिका के बारे में जानती है और उनके मन में देश सेवा के प्रति उत्साह जागृत होता है। आज भारतीय वायुसेना न केवल सीमा रक्षा में सक्षम है बल्कि प्राकृतिक आपदाओं और आपातकालीन परिस्थितियों में सहायता देने में भी अग्रणी भूमिका निभाती है। यह स्थापना दिवस भारतीय वायुसेना की समर्पित सेवा, साहस और तकनीकी दक्षता का उत्सव है, जो हमें यह याद दिलाता है कि भारत के आकाश में स्वतंत्रता, सुरक्षा और गौरव का सूर्य सदैव चमकता रहेगा।

भारतीय वायुसेना में इस समय राफेल, सुखोई 30, मिराज 2000, जगुआर, तेजस, आरपीए 50, मिग-27, मिग-29 के अलावा हेलीकॉप्टर ध्रुव, चिनूक, चेतक, चीता, एमआई-8, एमआई-17, एमआई-26, एमआई-25 एचएएल लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर, एचएएल रुद्र इत्यादि अत्याधुनिक विमान शामिल हैं, जो किसी भी विकट स्थिति में दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देने में पूरी तरह सक्षम हैं। भारतीय वायुसेना को दुनिया की चौथी सबसे बड़ी सेना होने का गौरव हासिल है। देश की करीब 24 हजार किलोमीटर लंबी अंतर्राष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा की जिम्मेदारी भारतीय वायुसेना पूरी मुस्तैदी के साथ निभाती रही है और वायुसेना के बेड़े में दमदार लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टरों तथा अत्याधुनिक मिसाइलों की संख्या निरन्तर बढ़ रही है, जिनके कारण हमारी वायुसेना अब पहले के मुकाबले कई गुना शक्तिशाली हो चुकी है। अब हम हवा में पहले के मुकाबले बहुत मजबूत हो चुके हैं तथा दुश्मन की किसी भी तरह की हरकत का अधिक तेजी और ताकत के साथ जवाब देने में सक्षम हैं।

भारत के मुकाबले चीन के पास भले ही दो गुना लड़ाकू और इंटरसेप्टर विमान हैं, भारत से दस गुना ज्यादा रॉकेट प्रोजेक्टर हैं लेकिन रक्षा विश्लेषकों के अनुसार चीनी वायुसेना भारत के मुकाबले मजबूत दिखने के बावजूद भारत का पलड़ा उस पर भारी है। रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक गिनती और तकनीकी मामले में भले ही चीन सहित कुछ देश हमसे आगे हो सकते हैं लेकिन संसाधनों के सटीक प्रयोग और बुद्धिमता के चलते दुश्मन देश सदैव भारतीय वायुसेना के समक्ष थरार्ते हैं। भारत के मिराज-2000 और एसयू-30 जैसे जेट विमान ऑल-वेदर मल्टीरोल विमान हैं, जो किसी भी मौसम में और कैसी भी परिस्थितियों में उड़ान भर सकते हैं। मिराज-2000, मिग-29, सी-17 ग्लोबमास्टर, सी-130जे सुपर हरक्यूलिस के अलावा सुखोई-30 जैसे लड़ाकू विमान करीब पौने चार घंटे तक हवा में रहने और तीन हजार किलोमीटर दूर तक मार करने में सक्षम हैं। एक बार में 4200 से 9000 किलोमीटर की दूरी तक 40-70 टन के पेलोड ले जाने में सक्षम सी-17 ग्लोबमास्टर एयरक्राफ्ट भी वायुसेना के बेड़े में शामिल हैं। चिनूक और अपाचे जैसे अत्याधुनिक हेलीकॉप्टर भी वायुसेना की मजबूत ताकत बने हैं। इनके अलावा भारत के पास दुश्मन के रडार को चकमा देने में सक्षम 952 मीटर प्रति सैकेंड की रफ्तार वाली ब्रह्मोस मिसाइलों सहित कई अन्य घातक मिसाइलें भी हैं, जिनकी मारक क्षमता से दुश्मन देश थरार्ते हैं।

भारतीय वायुसेना की जाबांजी के अनेक किस्से दुनियाभर में विख्यात हैं। हमारी वायुसेना चीन के साथ एक तथा पाकिस्तान के साथ चार युद्धों में अपना पराक्रम दिखा चुकी है। भारतीय वायुसेना की स्थापना ब्रिटिश शासनकाल में 8 अक्तूबर 1932 को हुई थी और तब इसका नाम था 'रॉयल इंडियन एयरफोर्स'। 1945 के द्वितीय विश्वयुद्ध में रॉयल इंडियन एयरफोर्स ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उस समय वायुसेना पर आर्मी का ही नियंत्रण होता था। इसे एक स्वतंत्र इकाई का दर्जा दिलाया था इंडियन एयरफोर्स के पहले कमांडर-इन-चीफ सर थॉमस डब्ल्यू एल्महर्स्ट ने, जो हमारी वायुसेना के पहले चीफ एयर मार्शल बने थे।



'रॉयल इंडियन एयरफोर्स' की स्थापना के समय इसमें केवल चार एयरक्राफ्ट थे और इन्हें संभालने के लिए कुल 6 अधिकारी और 19 जवान थे। आज वायुसेना में डेढ़ लाख से भी अधिक जवान और हजारों एयरक्राफ्ट्स हैं। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात वायुसेना को अलग पहचान मिली और 1950 में ह्यरॉयल इंडियन एयरफोर्स' का नाम बदलकर 'इंडियन एयरफोर्स' कर दिया गया। एयर मार्शल सुब्रतो मुखर्जी इंडियन एयरफोर्स के पहले भारतीय प्रमुख थे। उनसे पहले तीन ब्रिटिश ही वायुसेना प्रमुख रहे। इंडियन एयरफोर्स का पहला विमान ब्रिटिश कम्पनी 'वेस्टलैंड' द्वारा निर्मित 'वापिती-2ए' था। बहरहाल, भारतीय वायुसेना ने समय के साथ बहुत तेजी से बदलाव किए हैं और काफी हद तक कमियों को दूर भी किया गया है।

(लेखक 35 वर्षों से पत्रकारिता में निरंतर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार तथा सामरिक मामलों के विश्लेषक हैं)

# मुद्दा-शिक्षकों पर क्यों लटकी तलवार?



रोहित कौशिक



पूरे देश में कक्षा एक से आठ तक के शिक्षक इन दिनों भारी मानसिक दबाव झेल रहे हैं। कारण है सुप्रीम कोर्ट का वह आदेश जिसमें शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा यानी टीईटी पास करने का आदेश दिया गया है।

टीईटी के संबंध में माननीय सुप्रीम कोर्ट का फैसला अपनी जगह सही हो सकता हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इस संबंध में नियम और कानून के हिसाब से अपना फैसला दिया है। सवाल यह है कि क्या यह फैसला व्यावहारिक है ? सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर अपना फैसला दे दिया है लेकिन देश की संसद क्या कर रही है ? इस मुद्दे पर राजनेता चुप क्यों हैं ? जो शिक्षक पचास या पचपन वर्ष के हो चुके हैं क्या उनके लिए यह फैसला व्यावहारिक है?

पिछले कुछ समय से केन्द्र सरकार और राज्य सरकारें शिक्षकों पर विभिन्न तरह के दबाव डाल रही हैं। शिक्षा प्रदान करने के अलावा शिक्षकों से हजार काम लिए जा रहे हैं, इसके बावजूद शिक्षकों को पापी सिद्ध करने की कोशिश की जा रही है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि अब कक्षा एक से लेकर कक्षा आठ तक पढ़ाने वाले सभी शिक्षकों को टीईटी पास करना अनिवार्य होगा। जिन शिक्षकों की सेवा में पांच साल से अधिक का समय बाकी है, उन्हें दो साल के भीतर टीईटी पास करना होगा। अगर वे इस अवधि में परीक्षा पास नहीं कर पाते हैं तो उन्हें सेवा छोड़नी पड़ेगी या अनिवार्य सेवानिवृत्ति लेनी होगी। हालांकि जिनकी सेवा अवधि पांच साल से कम है उन्हें टीईटी पास करने की बाध्यता नहीं है लेकिन वे प्रमोशन के लिए अयोग्य रहेंगे। यह नियम सरकारी और निजी दोनों शिक्षकों पर लागू होगा। हालांकि फिलहाल अल्पसंख्यक विद्यालयों को इससे छूट दी गई है। इस मुद्दे पर अल्पसंख्यक वाले मामले को सुप्रीम कोर्ट की बड़ी बेंच को सौंपा गया है। खबर है कि फैसले का सख्ती से पालन कराया जाएगा।

शिक्षकों का कहना है कि पहले जो शिक्षक नियुक्त हुए थे, उनकी भर्ती उस समय के नियम और मानकों के हिसाब से हुई थी। अब सेवा के आखिरी वर्षों में उनसे टीईटी पास करने को कहना न्यायसंगत नहीं है। दरअसल पचास-पचपन की उम्र के बाद इंसान कई तरह के मनोवैज्ञानिक दबाव झेल रहा होता है। इस उम्र में वह पढ़ा तो सकता है लेकिन अगर उससे कहा जाएगा कि आप परीक्षा पास कीजिए नहीं तो आपकी नौकरी चली जाएगी तो उस पर मनोवैज्ञानिक दबाव और बढ़ जाएगा। यही कारण है सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से शिक्षक परेशान है। शिक्षकों के लिए समय-समय पर कई तरह की रिफ्रेशर कोर्स चलते रहते हैं। बेहतर होता कि सरकार शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षण देती। इस तरह का अव्यावहारिक फैसला शिक्षकों पर थोपना उनके साथ अन्याय है। टीईटी के संबंध में यह फैसला कई तरह से व्यावहारिक नहीं है। स्कूलों में बड़ी संख्या में बीएड, बीपीएड, इंटरमीडिएट पास तथा बीटीसी मुक्त शिक्षक हैं। कई शिक्षक मृतक आश्रित कोटे में भी भर्ती हुए हैं। शिक्षकों की भर्ती के मानक अलग अलग समय पर अलग अलग रहे। जैसे उत्तर प्रदेश में 1898 से पहले बारहवी पास और बीटीसी के आधार पर भर्ती हुई। 1999 से इसे स्नातक किया गया, इसमें कुछ बीएड और बीपीएड लोग भी आए। यानी उस समय जो मानक थे उसी के आधार पर शिक्षकों की भर्ती हुई। एक व्यावहारिक दिक्कत यह है कि अगर कोई बारहवी पास शिक्षक टीईटी पास करना चाहे तो उसे पहले स्नातक की परीक्षा पास करनी होगी और फिर बीटीसी का प्रशिक्षण लेना होगा, तब जाकर वह टीईटी कर पाएगा। यानी इसमें काफी साल लग जाएंगे। जबकि टीईटी पास करने के लिए सिर्फ दो साल का समय दिया गया है। शायद ही किसी नौकरी में मानक इतनी बार बदले गए हों जितनी बार शिक्षकों की भर्ती में बदले गए हैं। सरकार द्वारा शिक्षकों पर समय-समय पर कई तरह के दबाव बनाए जाते हैं। समाज के कुछ लोग भी यह प्रदर्शित करने से पीछे नहीं हटते कि शिक्षक तो फ्री का वेतन ले रहे हैं। ऐसे लोग इस बात को भूल जाते हैं कि शिक्षकों को गांव-गांव मंप धूप, बारिश और बाढ़ में भी काम पर लगा दिया जाता है। अगर स्कूल में बच्चे नहीं आते हैं तो उसमें भी शिक्षकों की गलती निकाल दी जाती है। सवाल यह है कि जानबूझकर शिक्षकों का शोषण करने की कोशिश क्यों की जा रही है ? अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मामले में आशा की एक किरण दिखाई है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश में शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा यानी टीईटी की अनिवार्यता पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर पुनर्विचार याचिका दाखिल की गई है। इसके साथ ही योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश के शिक्षक अनुभवी हैं और समय-समय पर उन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। ऐसे में उनकी योग्यता और सेवा को नजरअंदाज करना उचित नहीं है। हिमाचल प्रदेश में भी शिक्षकों ने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री और केन्द्रीय शिक्षा मंत्री को ज्ञापन भेजा है। हिमाचल प्रदेश सरकार भी इस मुद्दे पर पुनर्विचार याचिका दाखिल करने जा रही है। देश के कई अन्य राज्यों में भी सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से शिक्षकों में नाराजगी है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि शिक्षक भर्ती प्रक्रियाओं में समय-समय पर कई तरह की असमानताएं रही हैं। इन असमानताओं को किसी एक नियम से दूर नहीं किया जा सकता है। शिक्षकों की भर्ती किसी अनुकंपा के आधार पर नहीं की गई है। नियम और कानून के अनुसार ही की गई है। इसलिए अब शिक्षकों पर इस नियम को लादना उसके साथ अन्याय होगा। इस समय शिक्षकों की नौकरी बचाने और उन्हें मानसिक तनाव से बचाने के लिए केन्द्र सरकार और राज्य सरकारों को गंभीर पहल करनी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिकी शटडाउन से परमाणु हथियारों की सुरक्षा भी प्रभावित

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी शटडाउन के कारण देश में परमाणु हथियारों की सुरक्षा भी प्रभावित हो सकती है। ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने कहा कि राष्ट्रीय परमाणु सुरक्षा प्रशासन (एनएनएसए) के पास परमाणु हथियारों की सुरक्षा व रख-रखाव के लिए सिर्फ चंद दिनों का धन बचा है। राइट ने फॉक्स न्यूज के साथ साक्षात्कार में गुरुवार को कहा, आठ और दिनों के लिए फंड बचा है। इसके बाद हमें देश को खतरे में डालते हुए आपातकालीन शटडाउन प्रक्रिया को अपनाना पड़ेगा। इस साल की शुरुआत में संघीय कटौती से पहले एनएनएसए के पास करीब 65 हजार कर्मचारी थे। इनमें संघीय कर्मचारियों के अलावा निविदा पर रखे गए कर्मी शामिल थे। हालिया शटडाउन योजना में ऊर्जा विभाग ने कहा था कि वह एनएनएसए के हथियार-केंद्रित कर्मचारियों को बनाए रखेगा जो महत्वपूर्ण नियंत्रण संचालन प्रणालियों को चलाते हैं। विभाग उन कर्मचारियों को भी बनाए रखेगा जो परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकने जैसे कार्यों पर काम करते हैं। माना जा रहा है कि ऊर्जा विभाग के 60 प्रतिशत कर्मचारियों को बिना वेतन छुट्टी पर भेजा जा सकता है।

### फलस्तीन समर्थकों के प्रदर्शनों पर प्रतिबंध लगाएगा ब्रिटेन

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन, बार-बार होने वाले विरोध प्रदर्शनों पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी में है। सरकार ने रविवार को कहा कि लगातार होने वाले विरोध प्रदर्शनों को रोकने के लिए अब पुलिस को और अधिकार मिलेंगे। इससे उसे मार्च और प्रदर्शनों पर शर्तें लगाते समय प्रदर्शनों के समग्र प्रभाव पर विचार करने का मौका मिलेगा। यह फैसला राजधानी लंदन में प्रतिबंधित समूह फलस्तीनी एक्शन के समर्थन में हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान लगभग 500 लोगों की गिरफ्तार के बाद लिया गया है।

### टीटीपी आतंकियों व शांति समिति सदस्यों के बीच झड़प, दो की मौत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकवादियों और शांति समिति के सदस्यों के बीच झड़प में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि घटना शनिवार को टैंक जिले में गुल इमाम में हुई। झड़प में कई घालय भी हुए हैं।?मृतकों में एक पैदल यात्री भी शामिल है। घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर आतंकवादियों की तलाश तेज कर दी है।

### पाकिस्तान में बंदूकधारियों ने की अफगान मौलवी की हत्या

**पेशावर , एजेंसी।** पाकिस्तान के पेशावर में अज्ञात बंदूकधारियों ने एक अफगान मौलवी की गोली मारकर हत्या कर दी। यह घटना ऐसे समय में हुई, जब अफगान शरणार्थियों को पाकिस्तान में निर्वासन और उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है। खामा प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, मृतक की पहचान पक्तिया प्रांत के अफगान इमाम आदम खान के रूप में हुई। खान पर रजा खान मरियमजई मस्जिद के पास हमला हुआ और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

### अमेरिका : आईसीई प्रदर्शनकारियों ने महिला को गोली मारी, गंभीर

**शिकागो, एजेंसी।** अमेरिका के शिकागो में कानून प्रवर्तन अधिकारी के वाहन को टक्कर मारने पर संघीय एजेंटों ने एक महिला को गोली मारकर घायल कर दिया। महिला का अस्पताल में इलाज चल रहा है। यह घटना बढ़ते आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन विरोधी प्रदर्शन और ट्रंप सरकार की ओर से डेमोक्रेटिक नेतृत्व वाले शहरों में अशांति को कम करने के प्रयासों के बीच हुई। संघीय एजेंटों का दावा है 10 कारों ने मिलकर अधिकारियों को घेर लिया था। इनमें एक कार के चालक के पास अर्ध-स्वचालित हथियार था, इसलिए उन्हें आत्मरक्षा में गोली चलानी पड़ी।

### रूस ने पाक को लड़ाकू विमान के इंजन बेचने के दावे को किया खारिज

**मास्को, एजेंसी।** रूस ने पाकिस्तान के जेएफ-17 थंडर ब्लॉक-3 लड़ाकू विमानों के लिए आरडी-93एमए इंजन आपूर्ति करने के दावों को खारिज किया है। रिपोर्ट में दावा किया गया था कि रूस ने पाकिस्तान को इन इंजनों की आपूर्ति करने का फैसला किया है। रूस ने कहा कि वह पाकिस्तान के साथ ऐसा कोई करार नहीं करेगा, जिससे भारत को असुविधा हो। मीडिया रिपोर्ट में एक रूसी सूत्र के हवाले से कहा गया है कि मॉस्को ने इस तरह की किसी भी सौदे की पुष्टि नहीं की है। सूत्र ने कहा कि यह रिपोर्ट भारत और रूस के बीच मजबूत और दीर्घकालिक सहयोग में दरार डालने की कोशिश है।

# माउंट एवरेस्ट पर आया बर्फीला तूफान

### फंस गए 1 हजार से ज्यादा लोग, ग्रामीणों ने संभाला मोर्चा



**ल्हासा, एजेंसी।** माउंट एवरेस्ट इलाके में भयंकर बर्फीले तूफान की वजह से कम से कम 1 हजार लोग फंस गए हैं। रविवार को उन्हें बचाने के लिए युद्धस्तर पर अभियान शुरू किया गया है। करीब 4,900 मीटर से अधिक ऊंचाई पर स्थित इस क्षेत्र में बर्फबारी के कारण रास्ते अवरुद्ध हो गए हैं, जिन्हें हटाने के लिए सैकड़ों स्थानीय ग्रामीणों और बचाव दल को तैनात किया गया है। बीबीसी ने स्थानीय मीडिया के हवाले से बताया कि कुछ पर्यटकों को पहले ही बचा लिया गया है।बर्फबारी का यह दौर शुक्रवार शाम से शुरू हुआ और तिब्बत में माउंट एवरेस्ट के पूर्वी हिस्से में और तेज हो गया। यह इलाका पर्वतारोहियों के बीच काफी लोकप्रिय है।जानकारी के मुताबिक करीब 350 ट्रेकर सुरक्षित कुदांग पहुंच गए हैं। वहीं 200 लोगों के साथ संपर्क स्थापित हो गया है। चीन की मीडिया ने कुछ वीडियो जारी की हैं जिनमें देखा जा सकता है कि घुटनों तक जमी बर्फ में रास्ता बनाकर ट्रेकर किसी तरह आगे बढ़ रहे हैं।

बता दें कि अक्टूबर के महीने में इस तरह के बर्फीले तूफान की किसी को उम्मीद नहीं थी। रॉयटर्स ने एक ट्रेकर के हवाले से बताया, यहां बहुत ज्यादा ठंड है और हाइपोथर्मिया का खतरा है। गाइड्स का भी कहना है कि इस महीने में कभी ऐसा मौसम नहीं होता था। माउंट एवरेस्ट दुनिया की सबसे ऊंची चोटी है, जिसकी ऊंचाई 8,849 मीटर से अधिक है, और इसे चीन में माउंट कोमोलांगमा कहा जाता है। अक्टूबर के महीने में यहां सबसे ज्यादा पर्यटक और ट्रेकर पहुंचते हैं क्योंकि इस दौरान आम तौर पर आसमान साफ रहता है और मॉनसून भी लौट जाता है। चीन में आठ दिन के नेशनल डे दौरान छुट्टियों के चलते इस बार ट्रेकर की संख्या काफी बढ़ गई थी। बता दें कि हिमालयी क्षेत्रों में बारिश भी तबाही मचा रह है। नेपाल में ही बाढ़ और भूस्खलन में 50 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

### नेपाल में भी प्राकृतिक आपदा

एवरेस्ट के पड़ोसी देश नेपाल में भारी बारिश से भूस्खलन और अचानक बाढ़ आई, जिससे अब तक 52 लोगों की मौत हो चुकी है। स्थानीय प्रशासन प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव कार्य में जुटा हुआ है।

### चीन में टाइफून माटमो का असर

इस बीच टाइफून माटमो, जो 2025 के प्रशांत क्षेत्र का 21वां नामित तूफान है, रविवार को दक्षिण चीन के गुआंगडोंग प्रांत के ज़हानजियांग शहर में तट पर पहुंचा। स्थानीय सरकारों ने 347,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया। माटमो की अधिकतम गति 151 किलोमीटर प्रति घंटे तक दर्ज की गई।

### एवरेस्ट और प्राकृतिक आपदाओं का खतरा

माउंट एवरेस्ट, जिसे चीन में कुमोलांग्मा पर्वत कहा जाता है, दुनिया की सबसे ऊंची चोटी है, जिसकी ऊंचाई 8,849 मीटर से अधिक है। हर साल कई पर्वतारोही यहां चढ़ाई के लिए आते हैं, लेकिन चरम मौसम और प्राकृतिक आपदाओं के कारण यह क्षेत्र हमेशा जोखिमपूर्ण रहता है।

## महिला ने अपने चार बच्चों पर चला दी गोली, फिर पुलिस को लगा दिया फोन, दो की मौत



**टेक्सास, एजेंसी।** अमेरिका के टेक्सास राज्य में एक महिला ने कथित तौर पर अपने चार बच्चों पर गोलियां चला दीं, जिससे दो बच्चों की मौत हो गई। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि उस पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है। ब्रेजोरिया काउंटी के शेरिफ बो स्टालमैन ने पत्रकारों को बताया कि उस 31 वर्षीय महिला पर हत्या और घातक हथियार से गंभीर हमले के दो-दो मामले दर्ज किए गए हैं और उसे 1.4 डॉलर के बॉन्ड पर हिरासत में लिया गया है। स्टालमैन ने कहा कि चार बच्चों में से दो की उम्र 13 और 4 साल थी, जो शनिवार को एक वाहन के अंदर गोली लगने से मारे गए। अन्य बच्चों की उम्र 8 और 9 साल है, जिन्हें एक मेडिकल हेलीकॉप्टर द्वारा ह्यूस्टन क्षेत्र के एक अस्पताल में ले जाया गया है और उनकी हालत स्थिर है। स्टालमैन ने बताया कि गोली चलाने के बाद महिला ने पुलिस को सूचित करने के लिए कॉल किया था।

अधिकारियों ने घटनास्थल से एक हथियार बरामद किया है। स्टालमैन ने कहा, इस तरह की संवेदनहीन त्रासदी को समझना असंभव है लेकिन हम इन बच्चों को न्याय दिलाने के लिए वह सब करेंगे जो हम कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी महिला ह्यूस्टन के उत्तर में स्थित मोंटगोमरी काउंटी की निवासी है। यह घटना एंगलटन में हुई, जो लगभग 19,500 की आबादी वाला एक शहर है। यह ह्यूस्टन से लगभग 45 मील (70 किलोमीटर) दक्षिण में स्थित है।

## ट्रंप ने पुतिन के न्यू स्टार्ट संधि के प्रस्ताव पर जताई खुशी, बोले- सुनकर अच्छा लगा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** यूक्रेन युद्ध को लेकर रूस और अमेरिका के रिश्तों में खटास आई हुई है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के न्यू स्टार्ट संधि के प्रस्ताव पर खुशी जताई और कहा कि न्यू स्टार्ट संधि एक अच्छी पहल है। व्हाइट हाउस में मीडिया से बात करते हुए डोनाल्ड ट्रंप से जब न्यू स्टार्ट संधि को लेकर पुतिन के बयान पर प्रतिक्रिया मांगी गई तो उन्होंने कहा कि सुनकर अच्छा लग रहा है। ये अच्छा विचार है।

### न्यू स्टार्ट संधि को जारी रखने पर दिया जोर :

दरअसल बीती 22 सितंबर को रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने रूसी सिक्योरिटी काउंसिल की बैठक में कहा कि रूस न्यू स्टार्ट संधि के तहत तय प्रतिबंधों का अगले एक साल के लिए और पालन जारी रखने के लिए तैयार है। हालांकि उन्होंने जोर देकर कहा कि यह तभी संभव होगा, जब अमेरिका भी इसका पालन जारी रखे।

दोनों देशों के बीच परमाणु हथियारों को लेकर हुई यह संधि अगले साल फरवरी में समाप्त होने वाली है। रूस की सरकार ने कहा है कि वे यूक्रेन के साथ युद्ध समाप्त करने के लिए तैयार हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि रूस की सुरक्षा चिंताओं का समाधान होना चाहिए। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावारोव ने भी बीती 27 सितंबर को अपने एक बयान में भी यूक्रेन युद्ध खत्म करने पर चर्चा की बात कही।



### यूक्रेन संघर्ष रोकने के लिए बातचीत के लिए तैयार :

लावारोव ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि जैसा कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन लगातार जोर दे रहे हैं कि रूस संघर्ष को खत्म करने के लिए बातचीत के लिए तैयार है। हालांकि रूस की सुरक्षा अहम है और उसकी चिंताओं को दूर किया जाना चाहिए। साथ ही रूस और रूसी भाषा बोलने वाले लोगों को अधिकारों को भी सुरक्षित किया जाना चाहिए। इसके आधार पर हम यूक्रेन के साथ बातचीत के लिए तैयार हैं। न्यू स्टार्ट संधि रूस और अमेरिका के बीच परमाणु हथियार नियंत्रण के उद्देश्य से की गई संधि है। यह संधि, अमेरिका और रूस द्वारा तैनात किए जाने वाले सामरिक परमाणु हथियारों की संख्या को सीमित करती है। साल 2010 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा और तत्कालीन रूसी समकक्ष दिमित्री मेदवेदेव ने इस संधि पर हस्ताक्षर किए थे।

यह संधि फरवरी 2011 में लागू हुई और साल 2021 में इसे पांच साल के लिए बढ़ाया गया। इस समझौते के तहत अमेरिका और रूस निम्न बातों को मानने के लिए प्रतिबद्ध हैं- 1,550 से ज्यादा सामरिक परमाणु हथियार और अधिकतम 700 लंबी दूरी की मिसाइलें और बमवर्षक तैनात नहीं किए जाएंगे। 800 अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों से ज्यादा की तैनाती नहीं की जाएगी। यह सुनिश्चित करने के लिए कि दूसरे पक्ष ने संधि की सीमाओं का उल्लंघन नहीं किया है, दोनों पक्ष हर साल सामरिक परमाणु हथियार स्थलों का अधिकतम 18 बार निरीक्षण कर सकते हैं। कोविड महामारी के कारण मार्च 2020 में समझौते के तहत निरीक्षण रोक दिए गए थे।

निरीक्षण फिर से शुरू करने पर मास्को और वाशिंगटन के बीच पिछले नवंबर में मिस्र में वार्ता होनी थी, लेकिन रूस ने इसे स्थगित कर दिया और दोनों पक्षों ने कोई नई तारीख तय नहीं की है।

## एक महीने में पांचवीं बार अमेरिका ने वेनेजुएला की नौका को बनाया निशाना

### रूस की चेतावनी- इससे तनाव बढ़ेगा



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी सेना ने वेनेजुएला की एक और नौका को वेनेजुएला के तट पर निशाना बनाया है। पहले से ही अमेरिका और वेनेजुएला के बीच तनाव है और ताजा हमले के बाद यह तनाव और बढ़ गया है। यह अमेरिका का वेनेजुएला की नौकाओं को निशाना बनाकर एक महीने में किया गया पांचवां हमला है। अमेरिका का दावा है कि जिन नौकाओं को निशाना बनाया गया, उससे ड्रग तस्करी हो रही थी।

**शुक्रवार को भी अमेरिका ने वेनेजुएला की नौका को बनाया था निशाना :** रविवार को नोर्फ्लोक नेवल स्टेशन पर मीडिया से बात करते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि शनिवार को वेनेजुएला की एक और नौका को निशाना बनाया गया है। ट्रंप ने कहा हाल के हफ्तों में नेवी ने नशा तस्कर आतंकियों के खिलाफ हमारे अभियान में मदद की है और बीती रात भी एक नौका को निशाना बनाया गया। जिसके बाद हमें समुद्र में उनकी कोई नौका नहीं दिख रही है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका ने शुक्रवार को भी वेनेजुएला की एक नौका को निशाना बनाया था, जिसमें चार लोग मारे गए थे। अब राष्ट्रपति ट्रंप ने शनिवार को हमले की बात कही। ऐसे में ये साफ नहीं हो पाया कि शनिवार को अमेरिका ने नया हमला किया या राष्ट्रपति ट्रंप शुक्रवार के हमले का ही जिक्र कर रहे थे और गलती से शनिवार बोल गए।

**रूस ने दी चेतावनी :** अमेरिका का दावा है कि वे वेनेजुएला के ड्रग तस्करों की नौकाओं को निशाना बना रहा है। हालांकि अमेरिका ने अभी तक अपने दावे के पक्ष में कोई सबूत नहीं दिया है। वहीं रूस ने अमेरिका के वेनेजुएला की नौकाओं पर अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में किए जा रहे हमलों की निंदा की है। रूस ने चेतावनी दी है कि अमेरिकी हमलों से कैरेबियाई क्षेत्र में तनाव बढ़ सकता है। रूस के विदेश मंत्री ने वेनेजुएला के विदेश मंत्री से रविवार को टेलीफोन पर बात भी की और अमेरिकी हमलों की निंदा की। रूस ने वेनेजुएला के नेतृत्व और वेनेजुएला को लोगों को मौजूदा परिस्थिति में पूरा समर्थन देने की बात कही।

**अमेरिका ने कैरेबियाई क्षेत्र में तैनात किए युद्धपोत :** अमेरिका के हमलों में वेनेजुएला के 15 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। इन हमलों के चलते अमेरिका और वेनेजुएला में तनाव बढ़ गया है।

वेनेजुएला ने अमेरिकी हमलों को वेनेजुएला के खिलाफ अघोषित युद्ध करार दिया है। अमेरिका ने भी कैरेबियाई क्षेत्र में अपने कई युद्धपोत तैनात कर दिए हैं। साथ ही लड़ाकू विमानों से भी निगरानी की जा रही है। वेनेजुएला ने भी अपने स्तर पर संभावित संघर्ष की तैयारी शुरू कर दी है।

## अमेरिका के पिट्सबर्ग में भारतीय मूल के शख्स की गोली मारकर हत्या

### हमलावर से पूछा था- क्या तुम ठीक हो

**पिट्सबर्ग, एजेंसी।** अमेरिका के पिट्सबर्ग में एक भारतीय मूल के शख्स राकेश एहागाबन (50) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। शख्स एक मोटल का मालिक था। घटना शुक्रवार दोपहर की है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, मोटल के पार्किंग लॉट में एक विवाद हुआ था, जिसके बाद हंगामा शुरू हुआ। इसे सुनकर राकेश बाहर आया। पुलिस के मुताबिक, राकेश दो लोगों के बीच झगड़ा सुलझाने की कोशिश कर रहे थे, तभी 37 साल के स्टैनली यूजीन वेस्ट ने राकेश को सिर में गोली मार दी।

जब वेस्ट का झगड़ा हुआ तब राकेश उसके पास गए और पूछा कि क्या तुम ठीक हो, दोस्त? इसके तुरंत बाद वेस्ट ने राकेश के सिर में गोली मार दी। राकेश घटना स्थल पर ही मृत पाए गए। घटना से पहले, वेस्ट ने मोटल के बाहर एक महिला को गोली मारी थी।




पुलिस ने बताया कि हमलावर पर हत्या, हत्या का प्रयास और दूसरे व्यक्ति की जान को खतरे में डालने के आरोप लगाए गए हैं। शिकायत में कहा गया है कि मोटल मालिक की हत्या के बाद वेस्ट बड़ी बेपरवाही से पास खड़ी एक -Haul वैन तक गया और गाड़ी चलाकर वहां से निकल गया। बाद में पुलिस ने उसका पीछा किया। इस दौरान वेस्ट ने पुलिस पर गोली चलाई, जिससे एक पिट्सबर्ग डिटेक्टिव के पैर में चोट लगी।

# सीरिया में 14 साल बाद चुनाव, अल-शरा की जीत तय



### अमेरिका ने 12 साल तक ग्लोबल आतंकी घोषित रखा, अब राष्ट्रपति बनेंगे

**दमिश्क, एजेंसी।** सीरिया में लगभग 14 साल बाद संसदीय चुनाव हुए हैं। एक ऐसा देश जो बशर अल-असद की तानाशाही और 13 साल लंबे गृहयुद्ध से तबाह हुआ। रविवार सुबह दमिश्क में मतदान शुरू हुआ तो इसे असद युग के अंत के बाद नए दौर की शुरुआत बताया गया। पिछले साल दिसंबर में तख्तापलट किए जाने के बाद अहमद अल-शरा ने अंतरिम राष्ट्रपति के तौर पर सत्ता संभाली थी। इसके बाद उन्होंने अमेरिका और पश्चिमी देशों से संबंध बेहतर किए।

अल-शरा को अमेरिका ने मई 2013 में स्पेशल डेसिग्नेटेड ग्लोबल टेररिस्ट (स्ड्डत्रञ्ज) घोषित किया था। 12 साल बाद अमेरिका ने जुलाई 2025 को उनका नाम आतंकियों की सूची से बाहर किया। अपने आप में यह एक अनोखा मामला है।

**आम जनता चुनावी प्रक्रिया से बाहर :** अल-शरा ने पिछले साल अंतरिम राष्ट्रपति का पद संभलाने के बाद वादा किया था कि यह चुनाव लोकतांत्रिक बदलाव की दिशा में पहला कदम होगा, मगर हकीकत में जनता को वोट देने का अधिकार ही नहीं मिला। 210 सदस्यीय संसद में दो-तिहाई यानी 140 सीटों पर मतदान 7 हजार चयनित चुनावी कॉलेज सदस्यों ने किया, जिन्हें सरकार द्वारा नियुक्त जिला समितियों ने चुना था। शेष 70 सीटें खुद शरा की नियुक्ति से भरी जाएंगी। आम जनता और राजनीतिक दल दोनों ही चुनाव प्रक्रिया से बाहर हैं। सबसे बड़ा विवाद जनता की अनुपस्थिति का है। आलोचकों के मुताबिक यह चुनाव शरा सरकार की वैधता मजबूत करने की कवायद है, न कि जनता की इच्छा का प्रतीक। अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों का कहना है, सीरिया की यह पहली आजादी के बाद की संसद लोकतंत्र की दिशा में कदम भले हो, लेकिन जनता की भागीदारी के बिना यह महज सत्ता परिवर्तन का औपचारिक चेहरा बनकर रह गया है। इस चुनाव में अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा की जीत तय है।

**सीरिया में चुनावों की प्रक्रिया क्या है? :** सीरिया की नई संसद में 210 सदस्य हैं। इनमें से 140 सीटों पर 7,000 इलेक्टोरल कॉलेज सदस्य मतदान कर रहे हैं। ये सदस्य सरकार द्वारा नियुक्त किए गए हैं। बाकी बचे सदस्य अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा सीधे नियुक्त करेंगे।

**राष्ट्रपति के लिए रिजर्व सीटों का क्या मतलब है? :** राष्ट्रपति शरा के नियुक्त 70 सीटों के जरिए महिलाओं, अल्पसंख्यकों और सहयोगी वर्गों को प्रतिनिधित्व देने की बात कही गई है।

आलोचकों के मुताबिक यही सीटें सरकार की स्थायी बहुमत सुनिश्चित करेंगी।

**चुनाव के नतीजे कब आएंगे? :** मतदान 5 अक्टूबर को हुआ। प्रारंभिक नतीजे 6 अक्टूबर को जबकि अंतिम परिणाम 7 अक्टूबर को अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में जारी करेंगे।

**जनता वोट क्यों नहीं कर रही है? :** सरकार का कहना है कि गृहयुद्ध और विस्थापन के कारण जनगणना और मतदाता सूची तैयार करना असंभव है।

करोड़ों लोग दस्तावेजों के बिना हैं। इसलिए सीधे जनमत कराने की बजाय यह सीमित प्रक्रिया अपनाई गई है।

**किसके जीतने की संभावना है? :** 70 सीटें शरा की नियुक्ति से भरी जाने के कारण संसद में शरा समर्थकों की निर्णायक जीत तय मानी जा रही है।

**असद की पार्टी और विद्रोहियों ने चुनाव को नकारा :** हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस)- उत्तर-पश्चिमी सीरिया में सक्रिय यह संगठन चुनावों को दमिश्क की सत्ता का नाटक बता रहा है। उसका कहना है कि अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा की सरकार देश के वास्तविक प्रतिनिधित्व से कोसों दूर है, क्योंकि उसने जनता को वोट का अधिकार ही नहीं दिया।

## जानकारी

# कमजोरी दूर करेगा यह प्रोटीन पाउडर

## जानें घर पर प्रोटीन पाउडर बनाने का तरीका

आमतौर पर प्रोटीन पाउडर का इस्तेमाल जिम जाने वाले लोग और एथलीट्स ही ज्यादा करते हैं। इसका कारण ये है कि प्रोटीन मसल्स को बढ़ाते हैं और शरीर को गठीला बनाते हैं। मगर प्रोटीन की जरूरत तो हर किसी को होती है। सर्दी के मौसम में अगर आप रोजाना सुबह एक ग्लास दूध के साथ 2 चम्मच प्रोटीन पाउडर मिलाकर पीएं, तो आप दिनभर एनर्जी से भरे रहेंगे और आपकी सेहत भी दुरुस्त रहेगी। प्रोटीन हार्ट और लंग्स को भी स्वस्थ रखते हैं। इसके अलावा ये शरीर के पीएच स्तर को बनाए रखने में भी मदद करते हैं। बाजार में उपलब्ध अधिकांश प्रोटीन पाउडर्स बहुत महंगे होते हैं और इनमें कई हानिकारक तत्वों के मिले होने के भी मामले पाए गए हैं। इसलिए आज हम आपको बता रहे हैं घर पर ही अपने और परिवार के सभी सदस्यों के लिए टेस्टी, सुरक्षित, शाकाहारी और हेल्दी प्रोटीन पाउडर बनाने का आसान तरीका।



1 ग्लास दूध में 2 चम्मच मिलाकर पीने से मिलेगा कमजोरी से छुटकारा

### प्रोटीन पाउडर बनाने के लिए जरूरी सामग्री

■ प्रोटीन बेस ■ पौधों और फलों से प्राप्त प्रोटीन वाले बीज ■ एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन्स के लिए नट्स ■ फ्लेवर के लिए आपका मनपसंद भारतीय मसाला ■ प्रोटीन बेस

प्रोटीन पाउडर बनाने के लिए आपको सबसे पहले प्रोटीन बेस की जरूरत होगी, जो आपको लोकल मार्केट या ऑनलाइन स्टोर पर आसानी से मिल जाएगा। सबसे सेफ और नैचुरल प्रोटीन बेस वो होते हैं, जिन्हें पौधों से प्राप्त किया जाता है। इसके लिए आप 2 में से कोई एक प्रोटीन पाउडर बेस चुन सकते हैं–

**स्पिरुलिना से बना प्रोटीन बेस:** इसमें 2 चम्मच स्पिरुलिना पाउडर में 8 ग्राम

**न्यूट्रीशनल यीस्ट प्रोटीन बेस:** इसमें भी 2 चम्मच बेस में लगभग 8 ग्राम प्रोटीन होता है।

बेस के बाद अब आपको कुछ अन्य चीजें इसमें मिलानी हैं।

### प्रोटीन से भरे बीज चुनें

बाजार में ऐसे ढेर सारे बीज उपलब्ध हैं, जिनमें प्रोटीन की मात्रा अच्छी होती है। प्रोटीन पाउडर बनाने के लिए बीजों का इस्तेमाल करना बहुत अच्छा होता है। चूंकि बीज पौधों से प्राप्त होते हैं और पूरी तरह प्राकृतिक होते हैं, इसलिए ये पाउडर आपके घर के हर सदस्य के लिए सुरक्षित होता है। प्रोटीन पाउडर के लिए आप नीचे बताए गए बीजों में से 1 या 1 से ज्यादा बीज चुन सकते हैं। आमतौर पर 4–5 चम्मच बीज काफी होते हैं।

■ सूरजमुखी के बीज ■ चिया बीज ■ अलसी का बीज ■ कद्दू के बीज ■ ब्राउन राइस पाउडर

### नट्स से बढ़ाएं प्रोटीन और एंटीऑक्सीडेंट्स की पावर

अपने प्रोटीन पाउडर को ज्यादा हेल्दी और टेस्टी बनाने के लिए आप इसमें नट्स को भी मिला सकते हैं। सभी नट्स जैसे– काजू, बादाम, अखरोट, पिस्ता, मूंगफली आदि में ढेर सारे एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन्स होते हैं, जो आपके शरीर को बीमारियों से बचाते हैं और हेल्दी रखते हैं। प्रोटीन पाउडर में आप अपने मनपसंद नट्स का पाउडर बनाकर मिला सकते हैं।

### अपना मनपसंद फ्लेवर मिलाएं

प्रोटीन पाउडर को टेस्टी बनाने के लिए आप इसमें अपना मनपसंद फ्लेवर भी मिला सकते हैं। मगर यहां अगर आप अच्छा और हेल्दी प्रोटीन पाउडर चाहते हैं तो आपको आर्टिफिशियल फ्लेवर नहीं, बल्कि घर पर ही मसालों और ड्राई फ्रूट्स से बने फ्लेवर्स मिलाने चाहिए, जैसे– तुलसी के सूखी पत्तियों का पाउडर, जीरा पाउडर, काली मिर्च का पाउडर, आर्गेनो पाउडर या हल्दी पाउडर आदि। ऊपर बताई गई सभी चीजों को मिलाएं और बस आपका प्रोटीन पाउडर तैयार है। इस प्रोटीन पाउडर को आप 3 साल के बच्चों से लेकर किसी भी उम्र तक के बुजुर्ग को दे सकते हैं। पौंधों से प्राप्त चीजों से बना होने के कारण ये पूरी तरह सुरक्षित है।




डॉक्टर अक्सर कहते हैं कि बीमारियां उन लोगों को ज्यादा निशाना बनाती है, जिनकी रोगों से लड़ने की ताकत कमजोर होती है। विज्ञान की भाषा में इसे रोग प्रतिरोधक क्षमता घटना या इम्यून सिस्टम कमजोर होना कहते हैं। व्यक्ति ऊपर से तंदुरुस्त नजर आ सकता है, फिर भी उसकी रोगों से लड़ने की क्षमता कमजोर हो सकती है। इसके उलट, किसी दुबले-पतले इन्सान का इम्यून सिस्टम मजबूत हो सकता है।

दरअसल, खून को शरीर में दौड़ाने वाली कोशिकाएं अन्य अंगों के साथ मिलकर बीमारियों से लड़ने की यह क्षमता (रोग प्रतिरोधक) हासिल करती हैं। शरीर में पैदा होने वाले कई हालात के साथ ही बाहरी कारण इस प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर कर सकते हैं। किसी बच्चे में जन्म से ऐसा हो सकता है या वो हवा-पानी (पर्यावरण) में पल-बढ़ रहा है, उसके बुरे असर के कारण भी ऐसा हो सकता है।

डॉ. आयुष पाण्डे के अनुसार, जिन बच्चों में रोगों से लड़ने की क्षमता कम होती है, वे बार-बार संक्रमण (इन्फेक्शन) का शिकार होते हैं और ये संक्रमण जल्दी दूर नहीं होते। यह रोगों से लड़ने की क्षमता ही है जिसके कारण कुछ बच्चों में सर्दी जुकाम जैसी बीमारियां जल्दी दूर हो जाती हैं और कुछ बच्चों में, यहां तक कि बड़ों में भी, लंबे समय तक बनी रहती है।

### इम्यून सिस्टम कमजोर पड़ने के संकेत

- भूख न लगना, पेट में दर्द होना, ऐंठन, बार–बार दस्त आना
- बच्चों का सही शारीरिक विकास न हो पाना
- बच्चों का दिमाग न चलना
- शरीर में अंदरूनी सूजन
- एनीमिया यानी खून की कमी होना

### रोगों से लड़ने की ताकत कम होने के कारण

- एचआईवी, जिस वायरस से एड्स होता है
- कुछ प्रकार के कैंसर
- कुपोषण यानी भोजन में पोषक तत्वों की कमी
- वायरल हेपेटाइटिस
- कभी–कभी दवाओं के असर से भी यह ताकत कम हो जाती है।

### ऐसे बढ़ाई जा सकती है रोगों से लड़ने की ताकत

- इम्यून सिस्टम सर्दी और फ्लू का कारण बनने वाले वायरस से बचाव करता है। ये आठ कदम आपके इम्यून सिस्टम को सपोर्ट करने में मदद कर सकते हैं। यह आपको उन वायरस से लड़ने के लिए तैयार करते हैं।
- खूब फल, सब्जियां और साबुत अनाज खाइए।
- सप्ताह में जितने ज्यादा दिन हो सके, कम से कम 30 मिनट का कसरत करें।
- पर्याप्त नींद लें।
- जब–जब भी जरूरत हो, हाथ जरूर धोएं।
- टीकाकरण कराएं। छोटे बच्चों को हर साल फ्लू का टीका लगवाना चाहिए।
- अपना वजन कंट्रोल रखें।
- सिगरेट–शराब न पीएं।

### भोजन की थाली में छुपी है अच्छी सेहत

इम्यून सिस्टम (रोगों से लड़ने की ताकत) मजबूत करने का सबसे अच्छा और प्राकृतिक स्रोत है भोजन। आपकी थाली में सब्जियां और फल ज्यादा होने चाहिए। भारत में सरकार ने अपने 'मायप्लेट' प्रोग्राम के तहत दिशा–निर्देश जारी किए हैं और बताया है कि भोजन की आदर्श थाली कैसी होती है।

शरीर में किसी तरह की कमजोरी या असहजता महसूस होती है तो डॉक्टर को बताना चाहिए और उनसे यह भी जानना चाहिए कि क्या मरीज वह भोजन कर रहा है जिसमें उसके लिए जरूरी विटामिन और खनिज हो। अधिक खुराक न लें। बहुत ज्यादा सोना बुरा हो सकता है।

### तनाव कम करने की कोशिश करें



आज हर व्यक्ति को तरह–तरह के तनाव से जूझना पड़ रहा है, लेकिन बहुत कम लोगों को पता है कि इम्यून सिस्टम यानी रोगों से लड़ने की यही क्षमता तनाव दूर करने में मदद कर सकती है। इसलिए तनाव कम लें, खुद को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत रखें।

### तनाव दूर करने के लिए उठाएं ये कदम

- पर्याप्त नींद लें।
- खुद को रिलेक्स रखें यानी हर वक्त तनाव में न रहें। बीच–बीच में कुछ ऐसे काम करते रहें, जिसने सुकून महसूस हो जैसे कोई शॉर्ट फिल्म देखना या संगीत सुनना।
- व्यायाम जरूर करें।
- अपने लिए समय निकालें।
- उन लोगों से मिलते–जुलते रहें, जिन्हें आप अपनी समस्याएं बताते हैं और सही समाधान मिलता है।
- तनाव ज्यादा बढ़ जाए तो परेशान बने रहने के बजाए डॉक्टर से मिलें। काउंसिलिंग से कई तरह के तनाव दूर हो सकते हैं।

डॉ. गगन अग्रवाल बताते हैं कि जो मां अपने बच्चे को स्तनपान कराती है, उस बच्चे में रोगों से लड़ने की ताकत ज्यादा होती है। जिस घर में छोटे बच्चे हों, वहां साफ–सफाई का पूरा ख्याल रखा जाना चाहिए। बच्चों को बाहर की चीजें खिलाने के बजाए घर की बनी पौष्टिक चीजें खिलाएं।

## सेहत

# 87 प्रतिशत बच्चे बहुत ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं मोबाइल

## आंखों पर पड़ रहा है असर

बच्चों में स्क्रीन का इस्तेमाल लगातार बढ़ रहा है। पर सबसे खतरनाक बात ये है कि हमारे नवजात शिशु भी कंप्यूटर और मोबाइल जैसे उपकरणों के आदी हो रहे हैं। एक अध्ययन के अनुसार, आज बच्चे टीवी देखने या कंप्यूटर और मोबाइल उपकरणों का उपयोग करने में बहुत अधिक समय खर्च कर रहे हैं। ऐसा उन बच्चों में ज्यादा है, जो प्रेग्नेंसी के दौरान ज्यादा स्क्रीन से चिपकी रहती थीं। एक हेल्थ जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, 12 महीने की उम्र के बच्चे औसतन रोज 53 मिनट स्क्रीन पर खर्च कर रहे हैं, वहीं 3 साल की उम्र और इससे ज्यादा के बच्चे लगभग 150 मिनट से अधिक फोन और कंप्यूटर के इस्तेमाल पर खर्च कर रहे हैं। अध्ययन के अनुसार इस तरह इन बच्चों में आगे चलकर कुछ बड़ी बीमारियों के शिकार होने की संभावनाएं ज्यादा है। आइए जानते हैं इस अध्ययन के बारे में-




शोधकर्ताओं ने उल्लेख किया कि 8 वर्ष की आयु तक, बच्चों द्वारा किसी न किसी प्रकार के स्क्रीन पर समय बिताने की सबसे अधिक डाटा पाए गए हैं, जो इस बात का संकेत करते हैं कि आने वाली पीढ़ियों का भविष्य संकट में है। अध्ययन में अमेरिका की नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ (NIH) की वरिष्ठ लेखिका एडविना येंग ने कहा, 'हमारे नतीजे बताते हैं कि स्क्रीन की आदतें जल्दी शुरू होती हैं।' अल्बनी और न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी लैंगोन मेडिकल सेंटर के विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने, अपस्टैट किड्स स्टडी के आंकड़ों का विश्लेषण किया है, जो मूल रूप से बांझपन के उपचार के बाद विकसित बच्चों के विकास के क्रम की जांच करना था।

### अनुसंधान में कदम

अध्ययन में हिस्सा लेने वाले लगभग 4,000 बच्चों की माताओं ने 12, 18, 24, 30 और 36 महीने की उम्र में अपने बच्चों की मीडिया की आदतों पर पूछे गए सवालों के जवाब दिए। उन्होंने इसी तरह के सवालों का जवाब दिया, जब बच्चे 7 और 8 साल के थे। अध्ययन ने जन्म के रिकॉर्ड और अन्य सर्वेक्षणों से माताओं और बच्चों पर अतिरिक्त जनसांख्यिकीय जानकारी संकलित की। वहीं इस शोध में अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स ने 18 महीने से कम उम्र के बच्चों के लिए डिजिटल मीडिया एक्सपोजर से बचने की सिफारिश की। जहां ये संस्था बताती है कि 18 से 24 महीने के बच्चों को धीरे–धीरे स्क्रीन मीडिया की आदत ज्यादा जल्दी लग रही है, वहीं 2 से 5 साल की उम्र के बच्चों के लिए दिन में एक घंटे स्क्रीन पर खेलने के समय को कम करने की कोशिश करनी होगी।

वर्तमान अध्ययन में, शोधकर्ताओं ने पाया कि कुल मिलाकर 87 प्रतिशत बच्चे ऐसे हैं, जिनमें ये स्क्रीन का इस्तेमाल धीरे–धीरे बढ़ रहा है। हालांकि, जबकि स्क्रीनिंग समय 7 और 8 साल की उम्र तक के बच्चों में प्रति दिन 1.5 घंटे से कम है। शोधकर्ताओं का मानना है कि यह कमी स्कूल से संबंधित गतिविधियों के समय से संबंधित है। शोधकर्ताओं ने बच्चों को दो समूहों में वर्गीकृत किया जो इस बात पर आधारित था कि उनकी औसत दैनिक स्क्रीन का समय 1 वर्ष से 3 वर्ष की आयु तक बढ़ गया है।

पहला समूह, जिसमें 73 प्रतिशत बच्चे औसतन 51 मिनट एक दिन का स्क्रीन पर बिताते थे। वहीं दूसरे समूह, जिसमें 27 प्रतिशत बच्चे दिन में लगभग 4 घंटे स्क्रीन पर खर्च करते हैं। वहीं माता–पिता की शिक्षा के उच्च स्तर दूसरे समूह में शामिल किए जाने की कम बाधाओं से जुड़े थे। यानी जिन बच्चों के मां–बाप जितने ज्यादा पढ़े–लिखे थे उतना ही उनके बच्चे स्क्रीन डिवाइस का इस्तेमाल कर रहे थे। वहीं कम पढ़े–लिखे मां–बाप के बच्चे इसका इस्तेमाल कम कर रहे थे। वहीं शोधकर्ताओं की मानें, तो लड़कों की तुलना में लड़कियों में स्क्रीन पर बिताने का समय कम था। वहीं इस तरह इन बच्चों को देखते हुए शोधकर्ताओं का कहना है कि मां–बार ज्यादा से ज्यादा अपने बच्चों को स्क्रीन से दूर रखें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): समाज में मान–सम्मान बढ़ेगा। आय–व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल–मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। शुभांक–3–5–7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। समाज में मान–सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर करेंगे। शुभांक–2–5–7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधनों में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। शुभांक–2–5–6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन–देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। आलस्य का त्याग करे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक–1–4–8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): यार–दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शुभांक–2–6–8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन–पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। शुभांक–3–5–8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): खान–पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान–सम्मान में वृद्धि व अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह–सवेरे ही निपटा लें। आगे से रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिलेगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। शुभांक–3–5–8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): समाज में मान–सम्मान मिलेगा। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद–प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा। ज्ञान–विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक–1–3–5

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग–दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें। संतान की उन्नति के योग हैं। सभा–गोष्ठियों में मान–सम्मान बढ़ेगा। शुभांक–5–7–9

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा–गोष्ठियों में मान–सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अल्प–परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रही अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। शुभांक–1–6–8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): सुख–आनंददायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए समय अच्छा रहेगा। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक–1–3–8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख–आराम प्रभावित होगा। धर्म–कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। सभा–गोष्ठियों में मान–सम्मान बढ़ेगा। शुभांक–5–7–9

## काकुरो पहेली - 1770



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणतः**



5 + 6 + 7 + 8 + 9 = 35
4 + 6 + 7 + 8 + 9 = 34
5 + 7 + 8 + 9 = 29
6 + 7 + 8 + 9 = 30

### काकुरो - 1769 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

कई युवतियों को तंग कर चुका एक युवा अपने कॉलेज के लाइब्रेरियन के पास पहुँचा और बोला– क्या आप मुझे आत्महत्या पर कोई किताब दे सकते हैं। मैं शीघ्र ही आपको वापस कर दूँगा।

लाइब्रेरियन– नहीं दे सकता, आप लौटाएँगे नहीं।

❑ ❑ ❑

एक व्यापारी को दूसरे व्यापारी से पैसे लेने थे, लेकिन पहले व्यापारी के बार–बार माँगने के बावजूद उसे पैसे नहीं मिल रहे थे। हार कर उसने दूसरे व्यापारी को एक पत्र भेजा। साथ में अपनी बेटी का फोटो भी भेजा।

पत्र में लिखा था– मुझे इस बच्ची की खातिर पैसे चाहिए।

❑ ❑ ❑

एक खूबसूरत युवती डॉक्टर के पास गई और बोली– डॉक्टर साहब! मेरी स्कीन बहुत ही सेनसेटिव है। मेरी स्कीन हमेशा गोरी–गोरी रहे इसके लिए मुझे क्या करना चाहिए?

डॉक्टर साहब– अपने दरवाजे की कुंडी हमेशा लगाकर रखनी चाहिए।

❑ ❑ ❑

## फिल्म वर्ग पहेली- 1770



**बायें से दायें:–**

१. 'सारे शहर में आप सा कोई' गीत वाली फिल्म–३
३. 'जब जब प्यार पे पहरा हुआ' गीत वाली की फिल्म–३
६. मिथुन, मधु, रंभा की 'तुम्हें हम बहुत प्यार करने लगे' गीत वाली फिल्म–३
७. 'तेरी प्यारी प्यारी' गीत वाली राजेंद्र कुमार, बी. सरोजादेवी की फिल्म–४
८. बॉबी देओल, रानी मुखर्जी की 'आँखों के रस्ते दिल में' गीत वाली फिल्म–३
९. राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म–३
१४. 'सरकाय लेओ खटिया' गीत वाली गोविंदा, करिश्मा की फिल्म–२,२
१७. फिल्म 'शहीद' में नायिका?–३
१८. 'आई बहार खिलते हैं दिल' गीत वाली सलमान, रेवती की फिल्म–२
२०. शशिकपूर, रेखा की 'जाने कैसे बीतेंगी ये बरसातें' अभिनीत फिल्म–३
२२. 'मच गया शोर सारी' गीत वाली अमिताभ, परवीन की फिल्म–३
२४. ऋषि, टीना की 'एक हसीना थी एक दीवाना था' गीतवाली फिल्म–२
२५. धर्मेन्द्र, मनोजकुमार, सायराबनो की फिल्म–२
२६. रणधीरकपूर, रेखा की 'हो देख तुझको दिल ने कहा' गीत वाली फिल्म–३
२७. 'मैं नये जमाने की' गीत वाली अजय देवगन, रवीना की फिल्म–२
२८. अक्षयकुमार, रवीना टंडन की 'दीवाने हैं दीवानों से तू' गीत वाली फिल्म–२
३०. 'आइये आ जाइये, आ ही जाइये' गीत वाली अनिलकपूर, जैकीश्रॉफ, मनीषा, सोनाली, रेखा की फिल्म–२
३१. राजेश खन्ना, राखी, शर्मिला की 'नी मैं यार मनाना' गीत वाली फिल्म–२
३२. अमिताभ, जीनत की फिल्म–४

**ऊपर से नीचे:–**

१. 'बचपन की मोहब्बत को' गीत वाली भारतभूषण, मीना की फिल्म–२,३
२. सुनील दत्त, मीना की फिल्म–३
३. 'ऐ जिंदगी गले लगा ले' गीत वाली कमल हासन, श्रीदेवी की फिल्म–३
४. लकी अली, मीरा की 'जाना है जाना है चलते ही' गीत वाली फिल्म–३
५. 'मेरे सपनों की रानी कब' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म–४
१०. नसीरूद्दीनशाह, शबाना की 'सीली हवा छू गई' गीत वाली फिल्म–३
११. 'ऐसी रंग दे पिया' गीत वाली राजेश खन्ना, हेमा मालिनी की फिल्म–२
१२. सनी, अमृता की 'ये मेरी जिंदगी बेजान लाश थी' गीत वाली फिल्म–३
१३. 'ठहरो तो सही सोचो तो' गीत वाली गोविंदा, मनीषा कोइराला की फिल्म–४
१५. 'एक लड़की बस गई' गीतवाली फिल्म–२
१६. 'भोर आई गया अंधियारा' गीत वाली राजेश खन्ना, जया की फिल्म–३
१९. कमल सदाना, काजोल की 'जब ना माना दिल दीवाना' गीत वाली फिल्म–३
२१. 'आशायें खिलें दिल की' गीत वाली नसीर, श्रेयस, श्वेता की फिल्म–४
२३. अनिलकपूर, फरहा की 'पूछ रही है लड़की हैदराबादी' गीत वाली फिल्म–४
२५. 'आपका खत मिला' गीत वाली जीतेंद्र, रामेश्वरी, सारिका की फिल्म–३
२९. संजयदत्त, अभिषेक, जायेदखान, ईशा देओल, राइमासेन, शिल्पा की फिल्म–२

### फिल्म वर्ग पहेली- 1769



## सूडोकु -1770

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -1769 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

## शब्द पहेली - 1770



**बाएँ से दाएँ**

1.आदत से मजबूर–4
5.एक वाद्य यंत्र (अंग्रेजी–4)
8.हवा,समीर–3
9.रुष्ट,गुस्सा होना–2
11.सफेद,श्वेत–3
12.हमेशा,सदैव–4
14.मस्तूल, नाव पर बांधा जाने वाला कपड़ा–2
15.सिर्फ,महज–3
17.अनाज का कण–2
19.आधुनिक,नया–5
22.एक प्रकार का मसाला, अजमोदा–5
25.सदैव–2
26.ध्वजा–3
27.अधिकार–2
28.असमकक्ष–4
30.चिलमन,नकाब–3
31.वायु रोग–2
33.नल,टोंटी–3
35.आवश्यकता–4
36.शमशीर–4

**ऊपर से नीचे**

2.राजनीतिक पार्टी–2
3.नीच,अपराधी–4
4.बिजली कौंधना–5
5.बंदर,मर्कट–3
6.जूं का अंडा–2
7.दक्षता,होशियारी–4
10.उपकार,दया भार–4
13.कुचलना,दबाना–3
16.आमदनी–3
17.मूल्य,कीमत–2
18.वाद्य यंत्र–2
20.बहादुरी–3
21.इस पर रोटी सेंकते हैं–2
22.नाज,नखरा–2
23.उत्तराधिकारी–3
24.आधुनिकता–4
25.झिझकना–5
26.हौसला, ताकत–4
28.शत्रुता,दुश्मनी–4
29.हूर,परी,अप्सरा (उर्दू–3)
32.पेड़,दरख्त–2
34.औषधि–2

### शब्द पहेली - 1769 का हल



## ममता सरकार में भाजपा नेताओं की जान सुरक्षित नहीं : समीर उरांव

**एजेंसी**

**रांची।** भाजपा के अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य समीर उरांव ने पश्चिम बंगाल की ममता सरकार पर जमकर निशाना साधा। उरांव ने कहा कि ममता सरकार में सत्ता संपोषित गुंडागर्दी हावी है। आम जनता के साथ जन प्रतिनिधि भी सुरक्षित नहीं हैं। आम-खास सभी भयभीत और परेशान हैं। बहन-बेटियां असुरक्षित हैं। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि आज पश्चिम बंगाल के जनजाति क्षेत्र में भारी बारिश के कारण आम जनजीवन तबाह हो चुका है। कुच बिहार, अलीपुरद्वार, जलपाईगुड़ी, सिलिगुड़ी जैसे क्षेत्र के चाय बागान सहित अन्य जगहों में बड़ी तबाही हुई है। ऐसे में एक जन प्रतिनिधि के नाते मालदा के सांसद खगेन मुर्मू जनता के दुखदर्द को बांटने जा रहे थे। ऐसे में नागड़ा काटा के पास सांसद के ऊपर टीएमसी के गुंडों द्वारा कातिलाना हमला किया गया। वे ईश्वर की कृपा से जान बचा पाए। उन्होंने कहा कि पूरे बंगाल में जंगलराज व्याप्त है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सत्ता मद में गुंडों को पोश रही हैं। उरांव ने सांसद के ऊपर हुए हमले की उच्च स्तरीय जांच कराकर अपराधियों को कठोर दंड देने की मांग की।

## पांच किलो का प्रेशर कुकर बम बरामद, तीन नक्सली गिरफ्तार

**दंतेवाड़ा।** दंतेवाड़ा में नक्सलियों की बड़ी साजिश को सुरक्षाबलों ने समय रहते नाकाम कर दिया। यहां सातधार-मालेवाही मार्ग पर नक्सलियों द्वारा लगाये गये पांच किलो के प्रेशर कुकर बम को बरामद करते हुए मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया। प्रेशर कुकर में लगभग पांच किलो आईईडी प्लांट किया गया था। सुरक्षाबलों ने इस आईईडी को लगाने वाले तीन नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। इसकी पुष्टि दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय ने की है। पुलिस के अनुसार सोमवार को सातधार पुल के पास कुछ संदिग्ध लोगों को देखे जाने की सूचना मुखबिर से मिली। सूचना पर सीआरपीएफ की 195वीं बटालियन, बारसूर और मालेवाही थाना पुलिस की संयुक्त टीम मालेवाही कैंप से सातधार की ओर रवाना हुई। मौके पर तीन संदिग्ध पुलिस को देखकर छिपने का प्रयास करने लगे, जिन्हें जवानों ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ करने पर संदिग्धों ने अपना नाम संतु मंडावी (36), मनीराम उर्फ मनीष (24) व सुखमन मंडावी (24) बताया। इन्होंने नक्सली संगठन के लिए सक्रिय सदस्य के रूप में काम करने की बात स्वीकार की। साथ ही सातधार पुल के पास हाल ही में हुए आईईडी ब्लास्ट, जिसमें सीआरपीएफ के दो जवान घायल हुए थे, में शामिल होना बताया। गिरफ्तार तीनों नक्सलियों की निशानदेही पर ही पांच किलो का प्रेशर कुकर आईईडी बम बरामद किया गया। इसके साथ ही इनकी निशानदेही पर आईईडी लगाने में उपयोग किये गए सब्बल तथा अन्य सामान भी बरामद किया गया है।

## उत्तर बंगाल में तबाही: मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने की पीड़ित परिजनों को मुआवजा और नौकरी देने की घोषणा

**कोलकाता।** उत्तर बंगाल में भारी बारिश और भूस्खलन से हुई तबाही के बीच राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मृतकों के परिजनों के लिए बड़ी राहत की घोषणा की है। उन्होंने राज्य सरकार की ओर से प्रत्येक मृतक के परिवार को पांच-पांच लाख रुपये का मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को होमगार्ड की नौकरी देने का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार दोपहर उत्तर बंगाल के बाढ़ और भूस्खलन से प्रभावित इलाकों का दौरा करने से पहले कोलकाता में पत्रकारों से बात करते हुए कहा, मुझे पता है कि पैसे से किसी की जान की भरपाई नहीं हो सकती, लेकिन सरकार की सामाजिक जिम्मेदारी है कि वह संकट में लोगों के साथ खड़ी रहे। इसलिए मुआवजा और नौकरी की यह मदद दी जा रही है, ताकि पीड़ित परिवारों को भविष्य में दूसरों पर निर्भर न रहना पड़े। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कहा कि उत्तर बंगाल की स्थिति और भी खराब इसलिए हुई, क्योंकि पड़ोसी देश भूटान से बड़ी मात्रा में पानी छोड़ा गया। उन्होंने इस आपदा को 'मानव-निर्मित' बताया। ममता बनर्जी के अनुसार, जैसे दक्षिण बंगाल में दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के बांधों से पानी छोड़ने से बाढ़ की स्थिति बनी, वैसे ही भूटान की ओर से पानी छोड़े जाने के कारण उत्तर बंगाल में यह संकट पैदा हुआ।

## वीएलजीसी शिवालिक की पहली यात्रा आत्मनिर्भर भारत का प्रतीक: सोनोवाल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पोत परिवहन, बंदरगाह और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने अति विशाल गैस वाहक (वीएलजीसी) शिवालिक के विशाखापत्तनम बंदरगाह पर आने को भारत की समुद्री शक्ति के लिए एक ऐतिहासिक क्षण बताया है। उन्होंने कहा कि यह जहाज आत्मनिर्भर भारत के संकल्प और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में समुद्री क्षेत्र में हो रहे बदलावों का प्रतीक है। सोनोवाल ने एक्स पोस्ट में कहा कि भारत की समुद्री शक्ति के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण है। वीएलजीसी शिवालिक का आगमन भारत की आत्मनिर्भरता के प्रति प्रतिबद्धता और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हो रहे समुद्री विकास का प्रमाण है। इस वर्ष यह दूसरा अति विशाल गैस वाहक है जिसे भारतीय बेड़े में शामिल किया गया है। इससे वैश्विक गैस व्यापार में भारत की भूमिका को मजबूती मिलेगी और देश की ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को अधिक स्थिर और सुरक्षित बनाया जा सकेगा। सोनेवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का समुद्री क्षेत्र एक नए युग में प्रवेश कर चुका है, जहां डिजाइन, निर्माण, वित्त, स्वामित्व, मरम्मत और पुनर्चक्रण जैसी पूरी प्रक्रिया देश में ही विकसित की जा रही है।

# शताब्दी वर्ष पर बदरीनाथ धाम में आरएसएस का पथ संचलन

**एजेंसी**

**देहरादून।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूरे होने पर स्वयंसेवकों ने स्वामीनारायण मंदिर से श्री बदरीनाथ धाम के सिंह द्वार तक पथ संचलन किया। इसके बाद स्वयंसेवकों ने बदरीनाथ के दर्शन कर देश की अखंडता और अक्षुण्णता, राष्ट्रीय एकता की कामना की। इस मौके पर मुख्यवक्ता व उत्तराखंड प्रांत प्रचारक डॉ. शैलेन्द्र ने डॉ हेडगेवार, बाबा साहब देवरस, रज्जू भैया सहित सभी संघ प्रमुख मार्गदर्शकों का स्मरण किया और उनके कृतित्व की जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने स्वयंसेवकों से आग्रह किया कि प्रत्येक परिवार तक संघ को पहुंचाने के साथ ही युवाओं



को शाखाओं में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि मातृ भूमि की रक्षा के लिए शास्त्र के साथ शस्त्र भी जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि कलयुग में संगठन में ही शक्ति है। आज सनातन संस्कृति व संस्कारों का प्रभाव है कि आज विश्व के 60 देशों में संघ की शाखाएं हैं। संघ व्यक्ति केंद्रित नहीं बल्कि सर्वसमावेशी व सह अस्तित्व की भावना में विश्वास रखता है। संघ के कार्यकर्ता का जीवन मातृ भूमि के लिए न्यौछावर है। डॉ. शैलेन्द्र ने कहा कि भारतीय सनातन संस्कृति ऋषि मुनियों की विरासत है और इसे बचाने का काम संघ का है। कहा कि हमारी सभ्यता संस्कृति वसुधैव कुटुंबकम् की है, हिंदु संगठित नही रहा इसलिए देश को सैकड़ो वर्ष गुलाम रहना पड़ा। हिंदु समाज की एकता के लिए हमें अस्पृश्यता को जड़ से मिटाना होगा। इस दौरान संघ के सभी दायित्वधारियों ने संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने की ऐतिहासिक यात्रा, राष्ट्रीय एकता, अखंडता, समाजसेवा, राष्ट्र निर्माण और संगठन के आदर्शों पर प्रकाश डाला।

## अमृतसर पुलिस ने दो आतंकियों को किया गिरफ्तार, आईएसआई कनेक्शन का खुलासा

**एजेंसी**

**अमृतसर।** अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया है। पुलिस ने दो संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार कर उनके पास से चार हैंड ग्रेनेड बरामद किए हैं। यह ग्रेनेड ड्रोन के जरिए पाकिस्तान से भेजे गए थे। अमृतसर ग्रामीण के एसएसपी मनिंदर सिंह ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि पुलिस ने बीते दिन एक ऑपरेशन के तहत रविंदर उर्फ रवि नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। उसकी तलाशी के दौरान दो हैंड ग्रेनेड बरामद हुए। पूछताछ में रविंदर ने खुलासा किया कि उसका साथी हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी उर्फ मिल्खा भी इस साजिश में शामिल है। इसके बाद पुलिस ने हरप्रीत को भी गिरफ्तार कर लिया, जिसके पास से दो और हैंड ग्रेनेड मिले। एसएसपी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि दोनों आरोपी आईएसआई से जुड़े विदेशी हैंडलरों के संपर्क में थे। पाकिस्तान की ओर से ड्रोन के माध्यम से ग्रेनेड की खेप भेजी गई थी, जिसे दोनों आरोपियों ने प्राप्त कर अमृतसर के ग्रामीण क्षेत्र में सुरक्षित ठिकाने पर छिपा रखा था। योजना यह थी कि आगे इन्हें कुछ खास टारगेट्स दिए जाएंगे, लेकिन पुलिस की त्वरित कार्रवाई से यह साजिश सफल नहीं हो सकी। उन्होंने आगे कहा कि यह ऑपरेशन त्यौहारों से पहले पंजाब में शांति और सुरक्षा व्यवस्था को बिगाड़ने की कोशिश थी, जिसे समय रहते नाकाम कर दिया गया। एसएसपी मनिंदर सिंह ने कहा कि आरोपियों से पूछताछ जारी है और उनके नेटवर्क, विदेशी हैंडलरों और स्थानीय सहयोगियों की पहचान के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीमें (एसआईटी) गठित की गई हैं। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद अमृतसर और आसपास के इलाकों में लोगों ने राहत की सांस ली है। वहीं, पंजाब पुलिस का कहना है कि पंजाब पुलिस प्रदेश में किसी भी आतंकी गतिविधि को सफल नहीं होने देगी।

## बिहार चुनाव अकेले दम पर मजबूती से लड़ेगी बसपा: मायावती

**एजेंसी**

**लखनऊ।** बिहार राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान का बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इस बार बिहार चुनाव में बसपा अकेले दम पर मजबूती के साथ सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

बसपा प्रमुख मायावती ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि बिहार राज्य विधानसभा आमचुनाव के लिये दो चरणों में दिनांक 6 व 11 नवम्बर को मतदान कराने की भारत निर्वाचन आयोग की आज की गई घोषणा का स्वागत है। उन्होंने चुनाव आयोग से यह उम्मीद जताई है कि देश में लोकतंत्र की मजबूती के लिए बिहार में मतदान की व्यवस्था जनता की चाह के मुताबिक वास्तविक रूप से स्वतंत्र, निष्पक्ष हो। धन व बाहुबल के अभिशाप से मुक्त कराने के साथ ही पुलिस व सरकारी तंत्र के दुरुपयोग से पाक-साफ होना सुनिश्चित करने के लिये सख्त व प्रभावी कदम उठायेगा है। बसपा प्रमुख ने बिहार के लोगों से भी विशेष अपील करती है कि बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर ने प्रत्येक नागरिक को दिये गये वोट के अति महत्वपूर्ण संवैधानिक अधिकार को इस्तेमाल करने के लिये लोकतंत्र के इस उत्सव में शान्तिपूर्ण तरीके से



बढ़-चढ़ कर शामिल हों। मायावती ने एक फिर दोहराते हुए कहा कि बसपा बिहार विधानसभा का यह चुनाव अकेले अपने बलबूते पर लगभग सभी सीटों पर लड़ेगी। इसकी तैयारी के लिये पार्टी के हर स्तर के लोग काफी पहले से जी-जान से सक्रिय हैं। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनन्द के नेतृत्व में 'सर्वजन हिताय जागरण यात्रा' आदि का भी सफल आयोजन किया गया है। पार्टी को उम्मीद है कि बिहार के लोग अपने राज्य में 'कानून द्वारा कानून का राज' की आदर्श व्यवस्था के लिए 'सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय' के पक्ष में 'हाथी' चुनाव चिन्ह पर मतदान करके बसपा उम्मीदवारों को ज़रूर कामयाब बनायेंगे।

## सीजन की पहली बर्फबारी से सफेद चादर में लिपटी लाहौल घाटी

### शून्य से नीचे पहुंचा पारा

**एजेंसी**

**लाहौल-स्पीति ।** हिमाचल प्रदेश की लाहौल घाटी में मौसम ने एक बार फिर करवट बदल ली है। सीजन की पहली बर्फबारी ने पूरे इलाके को बर्फ की सफेद चादर से ढक दिया है। अचानक आई इस बर्फबारी से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की जा रही है, जिससे लोग अपने घरों के भीतर दुबककर बैठने को मजबूर हो गए हैं। रविवार रात से शुरू हुई बर्फबारी से रोहतांग दर्रा, बारालाचा, कुंजुम, तांदी, केलांग, उदयपुर और आसपास के ऊंचाई वाले क्षेत्र पूरी तरह बर्फ से ढक गए हैं। सुबह होते-होते सड़कों पर बर्फ की मोटी परत जम गई, जिससे सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। लोगों के लिए बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है और ठंडी हवाओं के थपेड़ों से बचने के लिए लोग घरों के अंदर दुबकने को मजबूर हो गए हैं। मौसम विभाग ने पहले से ही ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की चेतावनी जारी की थी, लेकिन इसकी तीव्रता ने सभी को हैरान कर दिया। तापमान शून्य से नीचे चला गया है और बर्फबारी के साथ ठंडी हवाओं ने लोगों के लिए मुश्किलें बढ़ा दी हैं। स्थानीय निवासियों के अनुसार, इतनी जल्दी और भारी बर्फबारी पिछले कई वर्षों में नहीं देखी गई। यह अचानक मौसम परिवर्तन सर्दियों की शुरुआत का संकेत दे रहा है, लेकिन साथ ही यह किसानों और बागवानों के लिए चिंता का विषय बन गया है। लाहौल घाटी में आलू और सेब की फसलें इस समय मंडियों के लिए तैयार हैं। बेमौसम बर्फबारी ने इन फसलों के परिवहन और गुणवत्ता पर गंभीर असर डाला है। किसानों की मेहनत पर पानी फिरता नजर आ रहा है, क्योंकि बर्फ से फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका बढ़ गई है। सड़कों पर बर्फ जमा होने से परिवहन व्यवस्था भी चरमरा गई है, जिससे माल ढुलाई में भारी दिक्कतें आ रही हैं। इस बर्फबारी ने घाटी की खूबसूरती तो बढ़ा दी है, लेकिन इसके साथ ही यहां के लोगों के सामने नई चुनौतियां भी खड़ी कर दी हैं। ऐसे में मौसम विभाग ने लोगों से अलर्ट रहने को कहा है।



## चित्रकूट में शुरू हुआ संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों को पाने के लिए 5वां अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

**एजेंसी**

**सतना।** संयुक्त राष्ट्र के धारणीय विकास के लक्ष्यों को पाने के लिए मध्य प्रदेश के चित्रकूट में दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा सर्वोदय से अभ्युदय सभी के उत्थान से सभी के उत्कर्ष तक के लिए एसडीजी की भूमिका पर चर्चा के लिए पांचवां अंतरराष्ट्रीय सतत् विकास के लक्ष्य (एसडीजी) अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। भारत रत्न नानाजी देशमुख के 109वें जन्मदिन अवसर पर शरद पूर्णिमा के दिन दीनदयाल परिसर के विवेकानन्द सभागार में इस दो दिवसीय सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। यूपी के जल शक्ति मंत्री रामकेश निषाद, सतना सांसद गणेश सिंह, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष डॉ मोहन नागर, विधायक चित्रकूट सुरेंद्र सिंह गहरवार, विधायक पन्ना बृजेंद्र प्रताप सिंह, दीनदयाल शोध



संस्थान के प्रधान सचिव निखिल मुंडले, मणिपाल और इंडोपैसिफिक अध्ययन केंद्र के अध्यक्ष डॉ. शेषाद्रि चारी, पदमश्री उमाशंकर पांडे, पदमश्री सेठपाल सिंह सहारनपुर, रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय झांसी के कुलपति डॉ एके सिंह, महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ भरत मिश्रा, छिंदवाड़ा के कुलगुरु प्रो. आईपी त्रिपाठी, नगर परिषद चित्रकूट की अध्यक्ष साधना पटेल एवं फ्रांस से प्रमुख अर्थशास्त्री बेनेडिक्ट डेला ब्रिएरे के आतिथ्य में भारतरत्न नानाजी देशमुख के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन कर दो दिवसीय 5वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की शुरुआत हुई।

यह सम्मेलन एसडीजी एक्शन लैब के तत्वावधान में जन अभियान परिषद, मध्य प्रदेश के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। सेमिनार के उद्घाटन अवसर पर दीनदयाल शोध संस्थान के कोषाध्यक्ष एवं सेमिनार के संयोजक वसन्त पंडित ने कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि यह अंतरराष्ट्रीय सेमिनार वैश्विक संपर्क बनाने और सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में प्रगति को गति देने के प्रयास को जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में देश भर से 17 प्रमुख संस्थान सहभागी बने हैं। इस सेमिनार में एसडीजी 6 (स्वच्छ जल और स्वच्छता) के अन्तर्गत सभी के लिए जल और स्वच्छता की उपलब्धता और सतत प्रबंधन सुनिश्चित करना और एसडीजी 8 (सभ्य कार्य और आर्थिक विकास) के अन्तर्गत सभी के लिए सतत, समावेशी और संधारणीय आर्थिक विकास, पूर्ण और लाभकारी रोजगार और उचित कार्य को बढ़ावा व गति देने के लिए भारत रत्न नानाजी देशमुख की 109वीं जयंती पर अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

## सात राज्यों की 8 विधानसभा सीटों पर 11 नवंबर को मतदान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने आज बिहार के साथ ही सात राज्यों की आठ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव से जुड़े कार्यक्रम की घोषणा कर दी। इन सभी सीटों पर दूसरे चरण की तरह 11 नवंबर को मतदान होगा। 14 नवंबर को बिहार के साथ ही नतीजे आएंगे।

उपचुनाव से जुड़ी सीटें हैं- जम्मू-कश्मीर की बडगाम और नगरोटा, राजस्थान की अंता, झारखंड की घाटशिला (एसटी), तेलंगाना की जुबली हिल्स, पंजाब की तरनतारन, मिजोरम की डम्पा सीट, ओडिशा की नुआपाड़ा। इनमसें से बडगाम इस्तीफे और राजस्थान की अंता सीट अयोग्य ठहराए जाने से रिक्त हुई थी। बाकी सभी सीटें विधायकों के देहांत के कारण रिक्त हुई थीं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी की उपस्थिति में आज बिहार चुनाव और सात राज्यों की आठ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव से जुड़े कार्यक्रम की घोषणा की। इन सीटों पर दूसरे चरण के तहत मतदान होगा। लेकिन कुछ तिथियां में स्थानीय स्थितियों को देखते हुए बदलाव है। सभी सीटों के लिए 13 अक्टूबर को अधिसूचना जारी होगी। जम्मू-कश्मीर और ओडिशा के लिए 20 अक्टूबर तक नामांकन और बाकी सीटों के लिए 21 अक्टूबर तक नामांकन किया जा सकता है। नामांकन की जांच और नाम वापसी 22 अक्टूबर और 24 अक्टूबर को होगी। केवल राजस्थान की अंता सीट पर यह तिथियां 23 अक्टूबर और 27 अक्टूबर रहेगी।

## हरकी पैड़ी क्षेत्र में गंगा तल में दिखीं ब्रिटिश कालीन रेल पटरियां

**एजेंसी**

**हरिद्वार।** हरकी पैड़ी पर इन दिनों गंगा का दृश्य पूरी तरह से बदला हुआ है। पानी न होने की वजह से वार्षिक सफाई और मरम्मत के लिए जल प्रवाह रोके जाने के बाद गंगा का तल बिलकुल साफ नजर आ रहा है। इस दौरान गंगा की तलहटी में ब्रिटिश कालीन रेल की पटरियां दिखाई दीं, जो श्रद्धालुओं और पर्यटको के लिए आकर्षण और हैरत का विषय बनी हुई हैं। इतिहासकारों के अनुसार ये रेल पटरियां 19वीं सदी के मध्य में गंगनहर के निर्माण के दौरान बिछाई गई थीं। उस समय इन्हें निर्माण सामग्री ढोने के साथ ब्रिटिश इंजीनियर निरीक्षण के लिए उपयोग करते थे। यह नैरो गेज रेलवे लाइन थी। जिस पर हाथगाड़ी चलाई जाती थी। गंगनहर, जिसे लॉर्ड डलहौजी के कार्यकाल में इंजीनियर कोटले की देखरेख में बनाया गया था, ब्रिटिश इंजीनियरिंग का एक बेहतरीन उदाहरण है। दरअसल, उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग ने हरकी पैड़ी से बहने वाली गंगनहर की वार्षिक सफाई और मरम्मत के लिए जल प्रवाह रोक दिया है। इससे गंगा की तलहटी में पड़ी इन पटरियों को देखकर श्रद्धालु और पर्यटक हैरान हैं। यूपी सिंचाई विभाग के एसडीओ भारत भूषण ने बताया कि गंगा के जल प्रवाह



को हर साल दशहरा से दीपावली के बीच रोका जाता है, ताकि गंगनहर की सफाई और मरम्मत की जा सके। इस दौरान गंगा की तलहटी में ये ब्रिटिश कालीन धरोहर नजर आती है, जो उस समय की इंजीनियरिंग की कहानी बयां करती है। हरिद्वार से निकलकर कानपुर तक जाने वाली गंगनहर में निर्माण के बाद 1854 में जल प्रवाह शुरू हुआ। यह परियोजना ब्रिटिश शासन के दौरान भारत में सिंचाई और परिवहन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। हरिद्वार से लेकर रुड़की तक इस नहर के निर्माण में इन पटरियों का उपयोग किया गया।

## कांग्रेस ने की सीजेआई पर हमले की कोशिश की निंदा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीआर गवई पर हमले के प्रयास की निंदा की है। वेणुगोपाल ने एक्स पोस्ट में कहा कि यह घटना हमारे संविधान पर हमला है और न्यायपालिका के शीर्षस्थ न्यायाधीश को चुनौती देने का एक हताश प्रयास है, जो संविधान की रक्षा करते हैं। मुख्य न्यायाधीश गवई ने सामाजिक असमानताओं को पार कर इस मुकाम तक पहुंचकर अपनी योग्यता और दृढ़ संकल्प से यह पद हासिल किया है। उनकी यात्रा और पद का गौरव मनाया जाना चाहिए, न कि उन पर हमला किया जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि आज एक 71 वर्षीय वकील ने मुख्य न्यायाधीश गवई पर कुछ फेंकने की कोशिश की, जिसे दिल्ली पुलिस ने तुरंत रोक दिया। इस घटना के बावजूद मुख्य न्यायाधीश ने शांतिपूर्वक सुनवाई जारी रखी।

## उत्तर बंगाल में बाढ़ग्रस्त इलाकों के दौरे पर गए सांसद खगेन मुर्मू और विधायक शंकर घोष पर हमला, सांसद लहूलुहान

**एजेंसी**

**कोलकाता।** उत्तर बंगाल में बाढ़ की तबाही का जायजा लेने पहुंचे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद खगेन मुर्मू और विधायक शंकर घोष पर हमला हुआ। भीड़ के बीच हुई



इस घटना में सांसद खगेन मुर्मू घायल हो गए, जबकि शंकर घोष की गाड़ी पर पथराव किया गया, जिससे उसके शीशे टूट गए। खगेन मुर्मू का वीडियो सामने आया है, जिसमें वह खून से लथपथ नजर आ रहे हैं। भाजपा के अनुसार, यह घटना नागराकाटा के बामनडांगा क्षेत्र में तब हुई जब मालदा उत्तर के सांसद खगेन मुर्मू और सिलिगुड़ी के विधायक शंकर घोष राहत कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे थे। दोनों नेता सुरक्षा कर्मियों के घेरे में बाढ़ग्रस्त क्षेत्र की ओर पैदल जा रहे थे, तभी भीड़ में से कुछ लोगों ने अचानक धक्का-मुक्की शुरू कर दी। इसी दौरान एक व्यक्ति ने पीछे से शंकर घोष को धक्का दे दिया। हालात बिगड़ते देख सुरक्षा कर्मियों ने नेताओं को सुरक्षित निकालने की कोशिश की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भगदड़ के बीच सांसद खगेन मुर्मू को पीछे से मारा गया, जिससे उनके चेहरे और नाक पर चोट आई और खून बहने लगा। घबराए नेता किसी तरह अपनी गाड़ी तक पहुंचे, लेकिन तब तक भीड़ में मौजूद कुछ लोगों ने उनकी गाड़ी पर ईंटें फेंकीं, जिससे गाड़ी के शीशे टूट गए। घटना के बाद भाजपा नेताओं ने तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए लिखा, आज नागराकाटा में तृणमूल के गुंडों ने सांसद खगेन मुर्मू पर हमला किया। इस राज्य में अब कानून नहीं, बल्कि दुष्कर्मियों का शासन चल रहा है। उत्तर बंगाल में भारी तबाही के बावजूद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कार्निवल में व्यस्त थीं और आज उनकी पार्टी के लोग इस तरह का तांडव मचा रहे हैं।

### सांसद पर हमला, भाजपा ने बताया बंगाल में तृणमूल कांग्रेस का जंगलराज

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के नागरकाटा में बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करने पहुंचे भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) नेताओं पर लोगों ने हमला कर दिया। इस हमले में मालदा नॉर्थ से भाजपा सांसद खगेन मुर्मु गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना निंदा करते हुए भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि बंगाल में तृणमूल कांग्रेस का जंगलराज है। उत्तरी मालदा से दो बार सांसद रहे और एक सम्मानित आदिवासी नेता, भाजपा सांसद खगेन मुर्मू पर टीएमसी के गुंडों ने उस समय हमला किया जबवे जलपाईगुड़ी के दुआर्स क्षेत्र के नागराकाटा में विनाशकारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन के बाद राहत और बचाव कार्यों में मदद करने जा रहे थे।

## बिहार की राजधानी पटना में भी दौड़ी मेट्रो ट्रेन, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दिखाई हरी झंडी

**एजेंसी**

**पटना।** बिहार में मेट्रों ट्रेन चलने का इंतजार खत्म खो गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को पटना मेट्रो को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही बिहार को पहली मेट्रो ट्रेन की सौगात मिल गई है। मुख्यमंत्री ने पटना मेट्रो का उद्घाटन करने के बाद खुद मेट्रो ट्रेन में बैठकर पहले सफर का अनुभव किया। उद्घाटन के दौरान मेट्रो में राज्य सरकार के कई मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने आज कॉरिडोर वन के तहत पटना जंक्शन सहित छह भूमिगत मेट्रो स्टेशनों और 9.35 किलोमीटर लंबी सुरंग की आधारशिला भी रखी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा उद्घाटन के बाद मेट्रो पाटलिपुत्र आईएसबीटी के पास बने डिपो से निकली और सबसे पहले न्यू आईएसबीटी स्टेशन पहुंची। यह पटना मेट्रो का पहला स्टेशन होगा। यहां से मेट्रो जीरो माइल स्टेशन होते हुए भूतनाथ स्टेशन तक चलेगी। फिलहाल इसी तीन स्टेशनों के बीच परिचालन शुरू किया जा रहा है। पटना मेट्रो का संचालन सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक किया जाएगा। यात्रियों की सुविधा के लिए हर 20 मिनट के अंतराल पर प्रत्येक स्टेशन पर मेट्रो उपलब्ध रहेगी। प्रतिदिन मेट्रो 40 से 42 फेरे लगाएगी। पटना मेट्रो में 3 कोच वाली रैक चलाई जाएगी, जिसकी कुल क्षमता 945 यात्रियों की है। प्रत्येक कोच में लगभग 305 यात्री सफर कर सकते हैं। एक कोच में 147 यात्री बैठकर और शेष खड़े होकर यात्रा कर सकेंगे। महिलाओं और दिव्यांगों के लिए हर कोच में 12 सीटें आरक्षित रखी गई हैं। मेट्रो फिलहाल न्यू पाटलिपुत्र बस टर्मिनल से जीरो माइल होते हुए भूतनाथ स्टेशन तक चलेगी। इसी साल इसका विस्तार खेमनीचक और मलाही पकड़ी तक की जाएगी। पूरा परिचालन शुरू होने पर तीन कोच वाली मेट्रो में प्रति ट्रिप लगभग 900 यात्री यात्रा कर सकेंगे। किराए की बात करें तो आइएसबीटी से जीरो माइल का किराया 15 रुपये, वहीं न्यू आइएसबीटी से भूतनाथ मेट्रो स्टेशन का किराया 30 रूपये तय किया गया है। यानी पटना मेट्रो का फिलहाल न्यूनतम किराया 15 रुपये और अधिकतम किराया 30 रुपये रहेगा। मेट्रो के कोच को मधुबनी पेंटिंग से खास तौर पर सजाया गया है, जो बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करता है। कोचों में गेट, खिड़कियों और अंदरुनी हिस्सों पर गोलघर, महावीर मंदिर, महाबोधि वृक्ष, बुद्ध स्तूप और नालंदा के खंडहर जैसे बिहार के विश्वप्रसिद्ध पर्यटक स्थलों के आकर्षक स्टिकर लगे हैं। मेट्रो ट्रेन के इस उद्घाटन के साथ पटना में आधुनिक यातायात का नया युग शुरू हो गया है।

# तीन भारतीय आईसीसी के सितंबर महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए नामांकित

**दुबई (एजेंसी)।** भारत के करिश्माई खिलाड़ी अभिषेक शर्मा, कुलदीप यादव (पुरुष वर्ग में) और स्मृति मंधाना (महिला वर्ग में) को सितंबर महीने के लिए 'आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है। बाएं हाथ के टी20 विशेषज्ञ बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने यूएई में खेले गए एशिया कप में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सात टी20 मैच में तीन अर्धशतक की मदद से 314 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 200 रहा और उन्हें इस टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

इस 25 साल के बल्लेबाज ने पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय इतिहास की सर्वाधिक रेटिंग 931 अंक (बल्लेबाजी) भी हासिल की। कलाई के वामहस्त स्पिनर कुलदीप ने भी इस टूर्नामेंट में अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया। उन्होंने एशिया कप में 6.27 की इकोनॉमी दर से गेंदबाजी करते हुए 17 विकेट चटकाए। एशिया कप में उन्होंने अपना अभियान यूएई के खिलाफ सात रन पर चार विकेट के साथ शुरू किया जबकि फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ 30 रन पर चार विकेट लेकर भारत को खिताब दिलाने में अहम भूमिका अदा की।

भारत ने इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान को तीन बार शिकस्त दी। जिम्बाब्वे के ब्रायन बेनेट इस नामांकन को हासिल करने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं। उन्होंने सितंबर में नौ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 497 रन बनाए। इस दौरान उनका औसत 55.22 और स्ट्राइक रेट 165.66 का रहा। बेनेट श्रीलंका और नामीबिया के खिलाफ श्रृंखला के सर्वोच्च स्कोरर रहे। उन्होंने इसके बाद टी20 विश्व कप के अफ्रीका क्षेत्र के फाइनल के शुरुआती तीन मैचों में 72, 65 और 111 रन बनाए। उनकी शानदार बल्लेबाजी से जिम्बाब्वे 2026 टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहा।

भारत की अनुभवी सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को महिला वर्ग में इस खिताब के लिए नामांकित किया गया है। उन्होंने सितंबर में चार वनडे मैचों में 308 रन बनाए। इस दौरान उनका औसत 77 और स्ट्राइक रेट 135.68 रहा। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में 58, 117 और 125 रन की पारियां खेलीं।

भारत इस श्रृंखला का पहला मैच हार गया था, लेकिन मंधाना की शतकीय पारी से टीम ने दूसरा मुकाबला जीतकर श्रृंखला 1-1 से बराबर की। उन्होंने इसके बाद निर्णायक मैच में भी शतक जड़ा लेकिन भारत 1-2 से श्रृंखला हार गया। वह इस श्रृंखला की 'सर्वश्रेष्ठ' खिलाड़ी चुनी गयी थी। महिला वर्ग में मंधाना के अलावा पाकिस्तान की सिदरा अमीन और दक्षिण अफ्रीका की ताजमिन ब्रिट्स को नामांकित किया गया है।



# महेंद्र सिंह धोनी ने पूरा किया ड्रोन पायलट प्रशिक्षण



**चेन्नई (एजेंसी)।** भारत के अग्रणी ड्रोन निर्माता गरुड़ एयरोस्पेस ने घोषणा की है कि उसके ब्रांड एंबेसडर और निवेशक महेंद्र सिंह धोनी ने चेन्नई स्थित कंपनी के DGCA-अनुमोदित रिमोट पायलट ट्रेनिंग ऑर्गनाइजेशन (RPTO) में अपना ड्रोन पायलट प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यह उपलब्धि न केवल कंपनी के साथ धोनी के जुड़ाव को मजबूत करती है, बल्कि भारत के सबसे प्रसिद्ध खेल दिग्गजों में से एक के विमानन प्रौद्योगिकी के भविष्य में कदम रखने के एक महत्वपूर्ण क्षण को भी चिह्नित करती है।

यह निवेश और ब्रांड एंबेसडरशिप से परे गरुड़ एयरोस्पेस के साथ उनके जुड़ाव को और मजबूत करता है। कठोर प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा करने के बाद धोनी अब ड्रोन उड़ाने के लिए प्रमाणित हो गए हैं, जो भारत की विकास गाथा को बदलने की उनकी क्षमता को उजागर करता है। यह प्रशिक्षण प्रमाणित और सुरक्षित ड्रोन संचालन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें सैद्धांतिक ग्राउंड कक्षाओं के साथ-साथ सिमुलेटर और वास्तविक ड्रोन पर गहन व्यावहारिक उड़ान सत्र भी शामिल हैं।

गरुड़ एयरोस्पेस अपने प्रशिक्षण केंद्रों के बढ़ते नेटवर्क और अग्रणी शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से स्थापित 300 से अधिक 'उत्कृष्टता केंद्रों' के माध्यम से इस प्रयास में अग्रणी है। ये पहल यह सुनिश्चित करती हैं कि पायलट औपचारिक रूप से प्रमाणित हों, जिससे कंपनी की गुणवत्ता और विश्वसनीयता के प्रति प्रतिबद्धता और भी मजबूत होती है।

धोनी की उपलब्धि के बारे में बात करते हुए गरुड़ एयरोस्पेस के संस्थापक और सीईओ अग्निश्वर जयप्रकाश ने कहा, 'हमारे ब्रांड एंबेसडर और निवेशक, एमएस धोनी का व्यक्तिगत रूप से प्रशिक्षण लेना और पायलट के रूप में प्रमाणित होना हमारे लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने इसे बहुत जल्दी सीख लिया और सीखने पर बेहद ध्यान केंद्रित किया। ड्रोन उद्योग में क्रांति लाने के हमारे मिशन में उनका अटूट विश्वास पूरी टीम के लिए प्रोत्साहन का एक बड़ा स्रोत है। माही भाई एक प्रेरणा हैं, और उनका व्यावहारिक दृष्टिकोण उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और इस क्षेत्र में कौशल और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता को और पुष्ट करता है।'

महेंद्र सिंह धोनी ने बताया कि उन्होंने गरुड़ एयरोस्पेस के साथ अपना ष्ठत्रष्ट ड्रोन पायलट प्रमाणन कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। DGCA द्वारा अनुमोदित आरपीटीओ, गरुड़ एयरोस्पेस ने अपने अनुभवी मास्टर प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में 2,500 से अधिक महत्वाकांक्षी पायलटों को प्रशिक्षित किया है। धोनी ने गरुड़ एयरोस्पेस के साथ अपनी यात्रा जारी रखने और इसके विकास को देखने के लिए अपनी उत्सुकता भी साझा की।

# दूसरे टेस्ट में सुदर्शन की जगह पडीक्कल को मिल सकता है मौका



**मुम्बई (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में रन बनाने में असफल रहे बल्लेबाज साई सुदर्शन को दूसरे टेस्ट मैच में शायद ही जगह मिले। नंबर तीन पर टीम इंडिया को एक अच्छे बल्लेबाज की जरुरत है। इसी को देखते हुए सुदर्शन की जगह पर देवदत्त पडीक्कल को अवसर मिल सकता है। पड़िकल ने पिछले कुछ समय में घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। दोनो टीमों के बीच दूसरा व अंतिम टेस्ट मैच 10 अक्टूबर से दिल्ली में खेला जाएगा। पहले टेस्ट में भारतीय टीम ने तीसरे दिन ही जीत हासिल कर ली पर सुदर्शन मैच में रन नहीं बना पाये। वह 19 गेंदों पर 7 रन ही बना पाये। ऐसे में टेस्ट क्रिकेट में उनकी क्षमताओं पर भी सवाल उठ रहे हैं। आईपीएल और घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के आधार पर उन्हें इंग्लैंड दौरे में भी जगह मिली थी पर वह वहां भी केवल एक अर्धशतक ही लगा पाये थे। इस बल्लेबाज को नंबर-3 बल्लेबाज के तौर पर आजमाया गया है, जिसमें वह अभी तक बुरी तरह विफल रहे हैं। इस बल्लेबाज ने टेस्ट डेब्यू के बाद से ही अभी तक 4 टेस्ट मैचों की 7 पारियों में 0, 30, 61, 0, 38, 11 और 7 रन के स्कोर ही कुल 137 रन ही बनाए हैं। वह विदेशी धरती के बाद अपनी धरती पर भी रन बनाने में सफल नहीं हुए हैं। सुदर्शन ने अभी तक 4 टेस्ट मैचों की 7 पारियों में केवल एक अर्धशतक ही लगा पाये हैं। सुदर्शन का सबसे अधिक स्कोर 61 रन है।

# पृथ्वी शॉ ने पहले ठोका शतक.. फिर भिड़ गए मुंबई के खिलाड़ी मुशीर खान से, बीच मैदान पर हाई वोल्टेज ड्रामा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पृथ्वी शॉ ने महाराष्ट्र के खिलाफ प्रैक्टिस मैच में कमाल का शतक जमाया लेकिन उनके आउट होते ही मैदान पर हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। दरअसल, पृथ्वी शॉ मुंबई के खिलाड़ी मुशीर खान से भिड़ गए। पृथ्वी ने वो कर दिखाया है जिसके लिए वो जाने जाते हैं। रणजी ट्रॉफी से पहले महाराष्ट्र के लिए प्रैक्टिस मैच खेल रहे पृथ्वी शॉ ने तूफानी शतक लगाया है। बड़ी बात ये है कि उन्होंने ये शतक अपनी पुरानी टीम मुंबई के खिलाफ जड़ा। एमसीए में खेले जा रहे इस मैच में पृथ्वी ने मुंबई के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। शॉ ने तूफानी बैटिंग करते हुए 219 गेंदों में 181 रन ठोके।



### पृथ्वी शॉ की लड़ाई

वहीं पृथ्वी शॉ ने मुंबई के गेंदबाजों के फीते खोल दिए वो 73.2 ओवर तक क्रीज पर रहे और इस दौरान उन्होंने 219 गेंदों में 181 रन बनाए। शॉ के शतक की मदद से महाराष्ट्र टीम 430 रनों तक पहुंच चुकी थी लेकिन जैसे ही ये खिलाड़ी आउट हुआ बीच मैदान पर बड़ा बवाल हो गया। पृथ्वी शॉ को मुशीर खान ने आउट किया और इसके बाद मुंबई के खिलाड़ियों ने उनके खिलाफ स्लेजिंग की। स्लेजिंग सुनते ही पृथ्वी शॉ ने आपा खो दिया और वो मुंबई के खिलाड़ियों पर चिल्लाते दिखे। जब मामला बढ़ा तो अंपायर को बीच बचाव के लिए आना पड़ा। पृथ्वी शॉ ने अपनी पारी में कमाल बैटिंग की। इस खिलाड़ी ने ऑलराउंडर अर्शीन कुलकर्णी के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 305 रन जोड़े। बड़ी बात ये है कि पृथ्वी शॉ ने इस मैच में अपने अंदाज से हटकर बल्लेबाजी की।

# ओसाका ने वुहान ओपन में लेला फर्नांडिज को हराया

वुहान (चीन) ः नाओमी ओसाका ने पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए मंगलवार को यहां लेला फर्नांडिज को हराकर डब्ल्यूटीए 1000 लेवल वुहान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। वर्ष 2017 के बाद यहां पहली बार खेल रही ओसाका ने सेंटर कोर्ट पर दिन के पहले मैच में फर्नांडिज के खिलाफ 4-6, 7-5, 6-3 से जीत दर्ज की। ऐमा राडुकानु जब आन ली के खिलाफ 1-6, 1-4 से पिछड़ रहीं थीं तो उन्हें चक्कर आने के कारण मुकाबले के बीच से हटना पड़ा। सोफिया केनिन ने अनास्तासिया जखारोवा को 3-6, 7-6, 6-3 से हराया। वह दूसरे दौर में 16वें नंबर की खिलाड़ी लुइडमिला सैमसोनोवा से भिड़ेंगी जिन्होंने एमिलियाना एरेंगो को 6-1, 7-5 से शिकस्त दी। दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियातेक मेरी बुजकोवा के खिलाफ दूसरे दौर के मुकाबले के साथ वुहान टूर्नामेंट में पदार्पण करेंगी।



# आउट होते ही अंपायर पर नाराज हुए वैभव सूर्यवंशी

मुम्बई। मंगलवार को भारतीय अंडर-19 टीम के हेनिल पटेल और खिलन पटेल ने भारत को बेहतरीन बढ़त दिलाई। इस दौरान इन दोनों गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन से दूसरे युवा टेस्ट के पहले दिन ऑस्ट्रेलियाई टीम 135 रन पर समेट गई। हालांकि, इसके बाद भारत की भी शुरुआत खराब रही और टीम ने सातवें ओवर में 41 रन तक तीन विकेट गंवा दिए। पिछले टेस्ट में 86 गेंद में 113 रन की पारी खेलने वाले प्रतिभाशाली वैभव सूर्यवंशी 14 गेंद में 20 रन बनाकर चार्ल्स लैचमंड की गेंद पर आउट हुए। उन्होंने अपनी पारी में दो चौके और एक छक्का लगाया। अपनी 20 रन की पारी के दौरान वैभव ने दो चौके और एक छक्का भी लगाया। इस बीच जोरदार अपील पर अंपायर ने वैभव सूर्यवंशी को आउट दे दिया। भारतीय बल्लेबाज कुछ समय तक अपने क्रीज पर ही खड़ा रहा और अंपायर को इशारा किया कि गेंद उनके बैट से नहीं बल्कि पैड से टकराई थी। पवेलियन लौटते समय वैभव सूर्यवंशी ने अंपायर से बात की, शायद यही कहना चाह रहे हो कि आपका फैसला गलत है। सोशल मीडिया पर ये वीडियो वायरल है। वैभव का कैच विकेटकीपर एलेक्स ली यंग ने लपका। फिलहाल, भारत ने दिन का खेल खत्म होने तक 40 ओवर में 144 रन तक सात विकेट गंवा दिए। स्टंप्स के समय हेनिल और दीपेश क्रमशः 22 और 6 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। पहले टेस्ट में 140 रन बनाने वाले वेदांत त्रिवेदी ने 44 गेंदों पर चार चौके की मदद से 25 रन बनाए। त्रिवेदी और राहुल कुमार ने चौथे विकेट के लिए 39 रन की साझेदारी कर पारी को संभालने की कोशिश की लेकिन भारत अंडर-19 ने इसके बाद सिर्फ दो रन के अंदर तीन विकेट गंवा दिए। खिलन और हेनिल ने सातवें विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी की। शुरुआती दिन भारतीय टीम के लिए सबसे ज्यादा 26 रन बनाने वाले खिलन दिन का खेल समाप्त होने से पहले आउट हुए।



# महिला विश्वकप में आज ऑस्ट्रेलिया से हारी तो बाहर होगी पाकिस्तान

**कोलंबो (एजेंसी)।** महिला विश्वकप क्रिकेट में बुधवार को ऑस्ट्रेलियाई टीम का मुकाबला पाकिस्तान से होगा। पाक टीम अब तक अपने दोनो ही मैच हारी है। ऐसे में अगर वह इस मैच में भी हारी तो विश्वकप से बाहर हो जाएगी। पहले मैच में उसे बांग्लादेश और दूसरे मैच में भारतीय टीम ने हराया था। ऐसे में उसका अब तक एक भी अंक नहीं है। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम अब तक अपने दोनो मैच जीती है और इस मैच में भी जीत की प्रबल दावेदार है। उसके बल्लेबाज और गेंदबाज अच्छे फार्म में हैं। ऐसे में उसका लक्ष्य इस मैच को भी बड़ें अंतर से जीतकर अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचना रहेगा। पाक टीम के अब तक के खराब प्रदर्शन को देखते हुए भी ऑस्ट्रेलियाई टीम की जीत तय दिख रही है। इस वैश्विक प्रतियोगिता में ऑस्ट्रेलिया का शानदार प्रदर्शन अन्य टीमों के प्रदर्शन से काफी बेहतर रहा है। कप्तान एलिसा हीली की टीम ने अब तक टूर्नामेंट में 300 से अधिक रन बनाये हैं। ऐसे में वह पाक के खिलाफ वह और भी बड़ा स्कोर बना सकती है।




पाक टीम अगर ये मैच हारती है तो उसका बाहर होना तय है जबकि ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत को पीछे कर अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच जाएगी। ऑस्ट्रेलिया ने पिछले मैच मे 300 से अधिक का स्कोर खड़ा करने के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ 89 रन की आसान जीत दर्ज की थी। टीम की नजरें अब अपने इस रिकॉर्ड में सुधार करने के साथ ही आठवें विश्व कप खिताब को जीतने पर रहेंगी।

उसके पास सलामी बल्लेबाज एलिसा हीली, बेथ मूनी और एनाबेल सदरलैंड के अलावा एश्ले गार्डनर जैसी बल्लेबाज हैं। एनाबेल सदरलैंड की तेज गेंदबाजी और सोफी मोलिन्यु की स्पिन से पिछले मैच में ऑस्ट्रेलिया ने कमाल का प्रदर्शन किया था। अब इंग्लैंड, भारत व दक्षिण अफ्रीका जैसी कड़ी टीमों से मुकाबला करने से पहले टीम पाकिस्तान के खिलाफ मैच में अपनी रणनीति को और पक्का करने उतरेगी।

भारत के खिलाफ तीन मैच की एकदिवसीय सीरीज से भी उसे उपमहाद्वीप के मैदानों पर खेलने का तरीका समझ में आ गया है। वहीं बांग्लादेश और भारत के खिलाफ हार के बाद पाकिस्तान की टीम अभी तक अंकतालिका में सबसे नीचे बनी हुई है। कप्तान फातिमा सना की अब तक सभी क्षेत्रों में कमजोर नजर आयी है।

टीम की बल्लेबाजी में गहराई की कमी और मध्यक्रम में अच्छे बल्लेबाजों के नहीं होने से पाक टीम टूर्नामेंट में अब तक दो मैच में 200 रन भी नहीं बना पायी है। इन दो मैच में सिदरा अमीन, फातिमा सना और मुनीबा अली भी रनों के लिए संघर्ष करती दिखीं। वहीं बांग्लादेश के खिलाफ भी उसकी गेंदबाजी दिशाहीन रही और उसने करीब 18 अतिरिक्त रन दिये। भारत के खिलाफ भी उसे 88 रनों से बड़ी हार झेलनी पड़ी। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम के जबरदस्त प्रदर्शन को को देखते हुए पाक टीम उसके सामने टिक पायेगी। ऐसी संभावनाएं नहीं हैं।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**ऑस्ट्रेलियाः** एलिसा हीली (कप्तान), डार्सी ब्राउन, एश्ले गार्डनर, किम गार्थ, हीथर ग्राहम, एलेना किंग, फोएबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्रा, सोफी मोलिन्यु, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगान शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल और जॉर्जिया वेयरहैम।

**पाकिस्तानः** फातिमा सना (कप्तान), आलिया रियाज, डायना बेग, एयमान फातिमा, मुनीबा अली, नशरा संधू, नतालिया परवेज, ओमैमा सोहेल, रमीन शमीम, सदफ शमस, सादिया इकबाल, शवाल जुल्फिकार, सिदरा अमीन, सिदरा नवाज और सैयदा अरूब शाह।

# विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप : भारत ने श्रीलंका को हराकर दूसरी जीत दर्ज की



गुवाहाटी। भारत ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मंगलवार को यहां सुहानदिनाता कप के लिए बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप की मिश्रित टीम स्पर्धा के ग्रुप एच में श्रीलंका को हराकर नॉकआउट चरण में जगह बनाने की ओर कदम बढ़ाए। ग्रुप एच में शीर्ष पर रहने के प्रबल दावेदार और दूसरे वरीय भारत ने उम्मीदों पर खरा उतरते हुए श्रीलंका को 45-27, 45-21 से हराया। श्रीलंका ने सोमवार को करीबी मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात को शिकस्त दी थी। अन्य शीर्ष देशों में 14 बार के चैंपियन चीन और पूर्व चैंपियन दक्षिण कोरिया ने अपने-अपने ग्रुप में दूसरी जीत दर्ज की जबकि फिलिपीन्स ने हांगकांग को 42-45, 45-28, 45-43 से हराकर उलटफेर किया। चीन ने ग्रुप डी में इंग्लैंड को 45-22, 45-19 से हराया जबकि दक्षिण कोरिया ने ग्रुप जी में पदार्पण कर रहे भूटान को 45-5, 45-17 से शिकस्त दी।

# सिराज को रुट से लगता है डर, इसलिए बनाये रखते हैं दूरियां

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज काफी आक्रामक अंदाज में गेंदबाजी करते हैं। सिराज को विश्व के किसी भी बल्लेबाज को गेंदबाजी करते समय डर नहीं लगता। वह केवल इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रुट से ही डरते हैं। सिराज का कहना है कि हाल में इंग्लैंड के खिलाफ हुई टेस्ट सीरीज में भी उन्होंने रुट से इसी कारण दूरी बना ली थी। सिराज ने बताया कि रूट उनकी तरफ कभी भी आक्रामक होकर नहीं देखते केवल मुस्कुरा देते हैं, इसी कारण उनके सामने आक्रामक होना संभव नहीं है। ऐसे में वह अपनी आक्रामकता को बनाये रखने के लिए उनकी ओर नहीं देखते। इस तेज गेंदबाज ने कहा कि विकेट मिलने के बाद ही उनका गुस्सा गायब होता है। जहां तक रूट की बात है, वह एक शीर्ष स्तर के बल्लेबाज हैं। जब वह मेरा सामना करते हैं, तो वह कभी भी मेरी तरफ गुस्से से नहीं देखते। वह मुझे देखकर मुस्कुराते रहते हैं। इसलिए जब भी मैं उन्हें देखता हूं, मेरे चेहरे पर अपने आप मुस्कान आ जाती है। उन्होंने आगे कहा, 'वह पहले व्यक्ति हैं जो मुझे देखकर शांत करते हैं और मुस्कुराते हैं। इसलिए इंग्लैंड दौरे के दौरान मैंने फैसला किया कि मैं उनकी तरफ नहीं देखूंगा और न ही उनसे बात करूंगा।।'



# भारत में क्रिकेट की तरह कोरिया में तीरंदाजी की लोकप्रियता : ब्रैडी एलिसन

अमेरिका के दिग्गज तीरंदाज ब्रैडी एलिसन ने कहा कि दक्षिण कोरिया की तीरंदाजी में बादशाहत वहां के पेशेवर ढांचे का परिणाम है जहां इस खेल की लोकप्रियता की तुलना भारत में क्रिकेट की तरह है। कोरिया का दबदबा पेरिस 2024 ओलंपिक में भी कायम रहा जहां महिलाओं की टीम ने लगातार 10वां ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता। कोरिया की महिला टीम 1988 सियोल ओलंपिक से अब तक अजेय रही है। पुरुष वर्ग में किम वू-जिन ने अपने करियर का पांचवां ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता जो किसी भी तीरंदाज द्वारा सबसे ज्यादा है। पांच बार के ओलंपियन एलिसन ने दिल्ली में आयोजित तीरंदाजी प्रीमियर लीग (एपीएल) से इतर 'पीटीआई' को दिये विशेष साक्षात्कार में कहा, '' कोरिया दुनिया का इकलौता देश है जहां तीरंदाजी के लिए समर्पित पेशेवर प्रणाली है। उनके हर तीरंदाज का मुख्य पेशा यह है और उनकी रोजी रोटी इस खेल से चलती है, । इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता की वह तीरंदाज राष्ट्रीय टीम में हो या नहीं।'' उन्होंने कहा, ''वहां तीरंदाजी वैसी है जैसे भारत में क्रिकेट या अमेरिका में फुटबॉल। बच्चे काफी कम उम्र से ही पेशेवर तीरंदाज बनने का सपना देखते हैं। उनके 50वें रैंक के खिलाड़ी की आमदनी शायद मुझसे ज्यादा है।'' एलिसन ने कहा कि कोरिया में तीरंदाज ओलंपिक की तैयारी करने वाले नहीं, बल्कि पूर्णकालिक पेशेवर माने जाते हैं। उन्होंने कहा, '' वहां बच्चे पांच-छह साल की उम्र से ही तीरंदाज बनने का सपना देखने लगते हैं। यही उनका जुनून और मुख्य खेल बन जाता है। बाकी जगहों पर लोग सिर्फ ओलंपिक टीम में आने के लिए इस खेल से जुड़ते हैं। कोरिया में तीरंदाज इसे अपना करियर बनाते हैं। यही उन्हें जिंदगी में स्थिरता और सफलता दिलाता है।'' एलिसन रिकर्व तीरंदाजी में अगस्त 2011 से अप्रैल 2013 तक सबसे अधिक समय के लिए शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी रहे हैं। ओलंपिक में पांच पदक के साथ वैश्विक प्रतियोगिताओं में 60 से अधिक पदक जीतने वाले एलिसन का मानना है कि भारत हमेशा ओलंपिक पदक की दौड़ में रहता है। उन्होंने कहा, ''भारत के पास विश्व कप और चैंपियनशिप में ढेरों पदक हैं। अगर आप अपने सर्वश्रेष्ठ दो रिकर्व तीरंदाजों को मिश्रित टीम में उतारें, तो उन्हें हराना बहुत मुश्किल होगा।फ्र लॉस एंजिलिस 2028 ओलंपिक में पहली बार कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा को शामिल किया जायेगा।

# भारतीय हॉकी के 100 साल पूरे, गुरबख्श सिंह बोले- इस विरासत का हिस्सा होना गर्व की बात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय हॉकी ने अपनी गौरवशाली यात्रा के 100 साल पूरे कर लिए हैं। 7 नवंबर 1925 को बने हॉकी प्रशासन के पहले संस्थान से लेकर 8 ओलंपिक स्वर्ण पदकों तक का यह सफर इतिहास में दर्ज है। इस मौके पर 90 वर्षीय दिग्गज खिलाड़ी गुरबख्श सिंह ने कहा कि 'यह खेल भारत की पहचान है, और इस मील के पत्थर को मनाना गर्व का क्षण है।'

### 1928 से 1959: भारत का स्वर्ण युग

भारतीय हॉकी का सुनहरा दौर 1928 से 1959 तक रहा, जब टीम ने लगातार ओलंपिक स्वर्ण पदक जीते। 1980 के दशक में गिरावट के बाद, 2020 टोक्यो ओलंपिक में मनप्रीत सिंह की कप्तानी में कांस्य जीत ने फिर से नई शुरुआत की। 2024 पेरिस में टीम ने एक और पदक जीतकर उस विरासत को जीवित रखा।

### 'प्रोफेसर' जिसने दो स्वर्ण भारत को दिलाए : गुरबख्श सिंह

1959 में भारत के लिए पदार्पण करने वाले गुरबख्श सिंह 1964 टोक्यो ओलंपिक और 1966 एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता रहे। पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने उन्हें चश्मा पहनने की वजह से 'प्रोफेसर' कहा। वे कहते हैं, 'मेरे लिए हॉकी जीवन है। हमने तब ओलंपिक में विश्व खिताब वापस जीता था, वही पल आज भी मेरे दिल में है।'

### भारत-पाकिस्तान, अब तक की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता

गुरबख्श के अनुसार, भारतीय हॉकी का सबसे रोमांचक अध्याय भारत-पाकिस्तान की भिड़ंत थी। उन्होंने कहा, 'मैदान के बाहर कोई दुश्मनी नहीं थी, लेकिन मैदान पर बस एक ही लक्ष्य होता था- जीतना।' उनका मानना है कि इस प्रतिद्वंद्विता ने ही दोनों देशों की हॉकी को विश्वस्तर पर पहचान दिलाई।





# वॉर 2 में काम करने को लेकर बोले ऋतिक, हर फिल्म यातना नहीं होती

पिछले महीने ऋतिक रोशन की फिल्म वॉर 2 रिलीज हुई। फिल्म की काफी तारीफ हुई। इसे बॉक्स ऑफिस पर मिला-जुला रिस्पॉन्स मिला। इस फिल्म की पहली किस्त वॉर को रिलीज हुए 6 साल पूरे हो गए हैं। ऐसे में ऋतिक रोशन ने सोशल मीडिया पर फिल्म वॉर 2 की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं और एक पोस्ट लिखी है।

### ऋतिक रोशन की पोस्ट में क्या है?

ऋतिक रोशन ने अपनी फिल्म वॉर 2 के कुछ दृश्य इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए पोस्ट में लिखा कबीर का किरदार निभाना बहुत अच्छा था। क्योंकि मैं उन्हें पहले से जानता था। उनका किरदार निभाना आसान था। यह एक ऐसी फिल्म थी जो मैं भी कर सकता था। जैसे कई और करते हैं। यह बिल्कुल इसी तरह था जैसे अभिनेता का किरदार निभाएं, अपना काम करें और घर आ जाएं। मैंने भी वैसा ही किया। मेरे निर्देशक अयान ने मेरा बहुत साथ दिया। सेट पर वह बहुत एक्टिव रहे। सब कुछ एकदम बढ़िया था। मानो यह सब होना ही था। कोई चिंता नहीं, बस मुझे अपना काम सही से करना था और मैंने किया भी। हर फिल्म एक यातना और आघात नहीं होती।

वॉर 2 के बारे में

फिल्म वॉर 2 में ऋतिक रोशन के अलावा जूनियर एनटीआर, कियारा आडवाणी, आशुतोष राणा और अनिल कपूर ने अभिनय किया है। फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी ने किया है। इसके निर्माता आदित्य चोपड़ा हैं। यह फिल्म साल 2019 में रिलीज हुई फिल्म वॉर का सीक्वल है। इस फिल्म की कहानी रॉ एजेंट कबीर (ऋतिक रोशन) के आस-पास घूमती है। वह काली कार्टेल को खत्म करने के मिशन पर निकलते हैं। मिशन के दौरान अपने ही मेंटर की हत्या कर देते हैं। इसके बाद उनकी मुश्किलें शुरू होती हैं। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर साढ़े तीन सौ करोड़ रुपये का कारोबार किया है।

### ऋतिक रोशन का काम

ऋतिक रोशन इससे पहले फिल्म फाइटर (2024) में नजर आए थे। इसमें उनके साथ दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर थे। सिद्धार्थ आनंद ने इसका निर्देशन किया था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया था। अभी ऋतिक ने किसी नए प्रोजेक्ट का एलान नहीं किया है।



# कैमरे के सामने रहती हूं बिल्कुल सहज

अभिनेत्री शालिनी पांडे ने ब्लॉकबस्टर मूवी अर्जुन रेड्डी से फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू किया था। यह उनके करियर में महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुई। आईएएनएस के साथ एक विशेष बातचीत में शालिनी पांडे ने अपनी एक्टिंग को लेकर बात की। उन्होंने इस दौरान बताया कि वह कैमरे के सामने बिल्कुल सहज रहती हैं और यही उनके अभिनय का मूल मंत्र है। जब उनसे पूछा गया, क्या आपकी प्रतिभा स्वाभाविक है, या इसके लिए आपने मेहनत की है? इस सवाल पर शालिनी पांडे ने जवाब दिया, ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं पता कि यह स्वाभाविक प्रतिभा है या नहीं, लेकिन मैं बचपन से ही अभिनेत्री बनने का सपना देखती थी। कैमरे के सामने मैं बहुत सहज रहती हूं, खासकर जब मैं खुद शालिनी नहीं, बल्कि कोई दूसरा किरदार निभा रही होती हूं। संवाद मिलने और किसी और के रूप में ढलने पर मुझे सबसे ज्यादा सुकून और आत्मविश्वास मिलता है। शायद यही वजह है कि यह स्वाभाविक लगता है, क्योंकि अभिनय मेरा सबसे सुरक्षित और पसंदीदा ठिकाना रहा है।

इंडस्ट्री में अपने सफर के बारे में बात करते हुए शालिनी ने कहा, एक एक्टर के तौर पर मैं खुद को बहुत खुशकिस्मत मानती हूं कि सीखने के लिहाज से मेरा सफर सचमुच अद्भुत रहा है। पहली ही फिल्म में मैंने जिन लोगों के साथ काम किया, वह जिस तरह की फिल्म थी और जो लोग उस फिल्म में मेरे साथ खड़े रहे, उन्होंने मेरे सफर को बहुत खास बना दिया।

उन्होंने आगे कहा, पहली ही फिल्म में मुझे बहुत अच्छे अभिनेताओं और निर्देशकों के साथ काम करने का मौका मिला है, जिससे मैं सचमुच धन्य महसूस करती हूं। उसके बाद से मैंने जितने भी प्रोजेक्ट किए हैं, वो कमाल की टीम के साथ किए हैं। मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानती हूं।

बता दें कि शालिनी पांडे ने अर्जुन रेड्डी में एक मेडिकल छात्रा का रोल प्ले किया था। इसमें विजय देवरकोंडा ने लीड रोल प्ले किया था। वह इसके बाद 'डब्बा कार्टल', 'जयेशभाई जोरदार', 'महाराज', और '118' जैसी फिल्म-सीरीज में अपने अभिनय का परिचय दे चुकी हैं।



# जटाधारा में खलनायिका बन सोनाक्षी सिन्हा बनाएंगी नया इतिहास

सोनाक्षी सिन्हा अपने आगामी द्विभाषी (हिंदी-तेलुगु) प्रोजेक्ट जटाधारा से दर्शकों को चौंकाने वाली हैं क्योंकि ज़ी स्टूडियोज़ और प्रेरणा अरोड़ा की इस बहुप्रतीक्षित पौराणिक स्पेक्टेकल फिल्म से तेलुगु सिनेमा में कदम रखने जा रहीं सोनाक्षी सिन्हा बड़े पर्दे पर पहली बार खलनायिका के रूप में नज़र आनेवाली हैं। हालांकि धन पिशाचिनी के रूप में उनका यह किरदार सिर्फ नकारात्मक ही नहीं, बल्कि बेहद शक्तिशाली और दमदार भी है। गौरतलब है कि जहां अधिकतर कलाकार अपने सकारात्मक किरदार को लेकर काफी सजग रहते हैं, वहां सोनाक्षी का यह कदम न सिर्फ साहसिक है, बल्कि उन्हें नए मुकाम पर ले जाने की काबिलियत को भी दर्शाता है। विशेष रूप से रहस्यवाद, आध्यात्मिक प्रतीकों और शक्ति के स्त्री रूप को एक रोचक सिनेमाई ताने-बाने में पिरोते हुए सोनाक्षी सिन्हा ने जिस तरफ अपना कदम बढ़ाया है, वो बॉलीवुड में उनकी बहुमुखी प्रतिभा को और निखारने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। गौरतलब है कि जटाधारा की कहानी काले जादू की रहस्यमयी दुनिया की झांकी पेश करती है, जहाँ तंत्र-मंत्र, गुप्त अनुष्ठान और प्राचीन श्राप आस्था और भय की सीमाओं को दर्शाया गया है। ऐसे में यहाँ सोनाक्षी का किरदार सिर्फ एक खलनायिका का नहीं, बल्कि तंत्र और तांत्रिक शक्तियों से जन्मी एक भयावह सत्ता की भी है, जो कहानी को गहराई और नया आयाम देती है। हालांकि हाल ही में दुर्गा पूजा पर रिलीज़ हुआ सोनाक्षी का गाना धना पिशाची (हिंदी और तेलुगु में) पहले ही फिल्म के रहस्य और रोमांच को और बढ़ा चुका है। इसके अलावा गाने के दृश्यों में प्राचीन अनुष्ठान, भगवान शिव से जुड़े प्रतीक और पौराणिक छवियाँ सोनाक्षी की खलनायिका वाली भयावह छवि को और प्रभावशाली बनाते हैं। फिल्म में उनके अपोज़िट सुधीर बाबू नज़र आएंगे, जो कहानी को भावनात्मक गहराई देते हैं और अच्छाई और बुराई के संघर्ष को निजी और गहन बनाते हैं।

# मैं चिंकी और मिंकी के साथ कोई संपर्क नहीं रखना चाहती

**रियलिटी शो छोरिया चली गांव को उसका विनर मिल चुका है। अभिनेत्री अनीता हसनंदानी ने इसकी पहली टॉफी अपने नाम की, जबकि शो की पहली रनर-अप कृष्णा श्रॉफ रहीं। उनका यह पहला रियलिटी शो था, जिसमें उनकी भागीदारी दर्शकों को काफी पसंद आई।**



कृष्णा श्रॉफ ने एक खास बातचीत में रियलिटी शो में अपने सफर के बारे में खुलकर बात की। साथ ही बताया कि छोरिया चली गांव में उनका फेवरेट कंटेस्टेंट कौन था और किसके साथ वह रिश्ता नहीं रखना चाहतीं। जब उनसे पूछा कि क्या वह शो में किसी खास प्रतियोगी के संपर्क में नहीं रहना चाहेंगी, तो इसका जवाब देते हुए कृष्णा ने कहा, सच कहूं तो ज्यादातर लोग मेरे लिए मायने नहीं रखते, लेकिन अगर किसी का नाम लेना हो, तो मैं चिंकी और मिंकी का जिक्र करूंगी। यह उनकी पर्सनैलिटी का सवाल नहीं, बल्कि परिपक्वता की बात है। समझना जरूरी है कि कब और कैसे प्रतिक्रिया देनी चाहिए। शो की विनर अनीता हसनंदानी के बारे में बात करते हुए कृष्णा श्रॉफ ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो, शो में अनीता से हारना मेरे लिए स्वीकार्य था। मुझे खुशी है कि उन्होंने मुझे हराया, क्योंकि वह मेरी सबसे मजबूत प्रतियोगी और शो की सबसे अनुभवी महिला थीं। उन्होंने कभी भी व्यक्तिगत मामलों में हस्तक्षेप नहीं किया और सिर्फ प्रतियोगिता पर फोकस रखा। मैं उनकी इस खासियत का पूरा सम्मान करती हूं। शो का फिनाले कृष्णा श्रॉफ और उनके परिवार के लिए बहुत ही खास रहा। इस दौरान कृष्णा की मां आयशा भी यहां मौजूद रहीं। रियलिटी शो का परिणाम सामने आने से पहले ही उन्होंने बताया था कि उनकी बेटी ही उनके लिए विनर हैं। वहीं शो में भाग लेने से पहले अभिनेता और उनके पिता जैकी श्रॉफ ने कहा था कि इस शो में हिस्सा लेने के बाद उनकी जिंदगी बदल जाएगी और यहां से वह अनमोल अनुभव लेकर वापस लौटेंगी। कृष्णा श्रॉफ ने ही कहा था कि वह अपने पिता के प्रेरित करने के बाद ही इस शो का हिस्सा बनने को तैयार हुई थीं।

# कांतारा चैप्टर 1 की सफलता पर भावुक हुए ऋषभ

साल 2022 में रिलीज हुई 'कांतारा' फिल्म की अगली कड़ी 'कांतारा चैप्टर 1' रिलीज हो चुकी है। ऋषभ शेट्टी निर्देशित 'कांतारा चैप्टर 1' ने पहले दिन ही 60 करोड़ रुपये की कमाई की है। दूसरे दिन भी यह शानदार कलेक्शन कर रही है। फिल्म को मिले इतने प्यार के लिए ऋषभ शेट्टी ने दर्शकों का, फैंस का शुक्रिया अदा किया है।

24 घंटे में बिके 1 मिलियन से अधिक टिकट

'कांतारा चैप्टर 1' फिल्म के ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट में लिखा गया, 'कांतारा चैप्टर 1' की धूम पूरे देश में गूंज रही है। 24 घंटों में 1.28 मिलियन से ज्यादा टिकट बिक चुके हैं। फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' ने साल 2025 में पहले दिन बुकमॉयशोइन पर सबसे ज्यादा टिकट ब्रिकी दर्ज की है।

### ऋषभ ने शुरुआती दौर के स्ट्रगल का जिक्र किया




ऋषभ शेट्टी ने अपनी फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' की सफलता को लेकर जानकारी दी। इसके साथ ही अपना एक पुराना ट्वीट भी शेयर किया है। जिसमें वह अपने स्ट्रगल का जिक्र करते हैं।

ऋषभ शेट्टी ने पुराने ट्वीट में लिखा है, '2016 में एक ईवनिंग शो पाने के लिए संघर्ष करने से लेकर 2025 में 5000 से ज्यादा हाउसफुल शो तक का सफर। यह सफर आपके प्यार, सपोर्ट और भगवान की कृपा के अलावा और कुछ नहीं है। इसे संभव बनाने वाले हर एक व्यक्ति का हमेशा आभारी रहूंगा।'



### फिल्म को ऑनलाइन शेयर ना करने की गुजारिश की

अभिनेता, निर्देशक ऋषभ शेट्टी ने दर्शकों से गुजारिश की है कि फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' के वीडियो रिकॉर्ड करके ऑनलाइन शेयर ना करें। वह एक अन्य एक्स (ट्विटर) पोस्ट में लिखते हैं, 'फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' जितनी हमारी है, उतनी ही आपकी भी है। आपके प्यार ने इसे सचमुच यादगार बना दिया है। हम आपसे गुजारिश करते हैं कि फिल्म के वीडियो शेयर/रिकॉर्ड न करें और पायरेसी को बढ़ावा न दें।'



# मुंबई में शुरू होने जा रहा है बैटल ऑफ गलवान के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग चित्रांगदा भी करेंगी ज्वाइन

**बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान इन दिनों अपनी नई फिल्म बैटल ऑफ गलवान को लेकर चर्चा में हैं। अपूर्व लाखिया के निर्देशन में बन रही यह फिल्म साल 2020 में भारत और चीन के बीच गलवान घाटी में हुई झड़प पर आधारित है। फिल्म के पहले शेड्यूल की शूटिंग लद्दाख की वादियों में पूरी की गई थी और अब खबर है कि इसका दूसरा शेड्यूल मुंबई में शुरू होने जा रहा है।**

### अक्टूबर से शुरू होगा मुंबई शेड्यूल

रिपोर्ट के मुताबिक बैटल ऑफ गलवान का दूसरा और आखिरी शेड्यूल 10 अक्टूबर 2025 से मुंबई में शुरू होगा। फिल्म की टीम ने पहले ही मुंबई में लोकेशन्स का रेक्की कर लिया है, हालांकि शूटिंग की जगहों को फिलहाल गुप्त रखा गया है। इस शेड्यूल में सलमान खान के साथ-साथ अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह भी हिस्सा लेंगी। बताया जा रहा है कि यह शेड्यूल नवंबर तक पूरा कर लिया जाएगा।

### बदला सलमान का लुक

लद्दाख में 45 दिन तक चले शूटिंग शेड्यूल के दौरान सलमान खान का लुक दमदार और रफ-टफ रखा गया था। वहीं, मुंबई लौटते ही उन्होंने अपनी दाढ़ी-मूंछ शेव कर क्लीन-शेव अवतार में एयरपोर्ट पर नजर आए। फैन्स को सलमान का यह नया अंदाज देखकर फिल्म के फर्स्ट लुक का इंतजार है।

### पिछली फिल्म फ्लॉप, इस बार दांव बड़ा

सलमान खान की पिछली फिल्म सिकंदर बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह असफल रही थी। यही कारण है कि अभिनेता इस बार कोई जोखिम नहीं लेना चाहते। सूत्रों का कहना है कि सलमान इस प्रोजेक्ट को लेकर बेहद गंभीर हैं और हर सीक्वेंस पर बारीकी से काम कर रहे हैं ताकि फिल्म दर्शकों की उम्मीदों पर खरी उतर सके।

### क्यों खास है बैटल ऑफ गलवान?

यह फिल्म सिर्फ एक युद्ध कथा नहीं बल्कि भारतीय सैनिकों की शौर्य गाथा को बड़े पर्दे पर पेश करने की कोशिश है। अपूर्व लाखिया अपने एक्शन और रियलिस्टिक फिल्मों के लिए जाने जाते हैं और ऐसे में उम्मीद है कि बैटल ऑफ गलवान युद्ध पर आधारित फिल्मों में एक खास पहचान बना सकती है। फिल्म में सलमान खान एक आर्मी अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं, जो देश की सुरक्षा और सम्मान के लिए हर हद तक जाता है। उनके साथ अभिनेता अंकुर भाटिया भी अहम किरदार में नजर आएंगे।

### फैंस को पहले लुक का इंतजार

मुंबई शेड्यूल शुरू होने की खबर के बाद सलमान के फैंस सोशल मीडिया पर लगातार फिल्म को लेकर चर्चा कर रहे हैं। हर किसी को इंतजार है कि आखिरकार कब सलमान खान का मिलिट्री अवतार पर्दे पर सामने आएगा। फिल्म की शूटिंग पूरी होने के बाद मेकर्स 2026 की शुरुआत में इसका पहला टीजर रिलीज करने की योजना बना रहे हैं।



# त्योहार पर पाएं दमकती त्वचा







त्योहार के समय वातावरण खुशनुमा, आनंदित और उर्जापूर्ण होता है। बच्चे, बूढ़े, जवान, महिलाएं, पुरुष सब नए-नए वस्त्र पहनकर जश्न मनाने के मूड में होते हैं और एक दूसरे के साथ उपहार का आदान-प्रदान करते रहते हैं साथ हीं साथ पूजा आराधना भी करते हैं।

त्योहार के समय अच्छे-अच्छे कपड़े तो लोगों को तुरंत और दुकानों पर उपलब्ध हो जाते हैं और उन कपड़ों को पहनने के बाद भी कई महिलाओं को लगता है की उनकी त्वचा रुखी सूखी है जिसकी वजह से उन्हें अपनी सुन्दरता में कमी नजर आती है। और उनके मन के कोने में हमेशा यह बात बैठी रहती है जिसकी वजह से उनके त्योहार का मजा किरकिरा होने लगता है। जी हाँ ! यदि आपकी त्वचा चमकती हुई नहीं है या उनमें रूखापन है तो आपको हमेशा यह डर भी सताता रहेगा की इससे कही आपकी सुन्दरता में कमी न आ जाये। इससे आपका आत्मविश्वास भी कम होगा। जबकि दमकती त्वचा आपकी सुन्दरता में चार चाँद लगा देगी। तो अगर आप घरेलू उपाय से कम से कम समय में त्वचा में निखार पाना चाहती हैं तो नीचे दिए गए उपायों पर अमल करें।

### घरेलू प्रयोग

अपनी त्वचा को नियमित रूप से साफ़ करने के लिए जई, जिसे अंग्रेजी में ओट्स कहते हैं, को दूध या दही में मिलाकर घोल बना लें और उसे अपने चेहरे पर मलें । करीबन 10 मिनट बाद उसे धो दें और एक नर्म तौलिये से उसे सुखा दें।

जिनकी त्वचा शुष्क होती है, उन्हें दूध या दही, और ग्लिसरीन और शहद के साथ बादाम चूरा मिलाकर लगाना चाहिए। बादाम और शहद बहुत ही बढ़िया मॉइसचराईज़र होते हैं।

मौसमी फलों का लाभ उठाएं। नारंगियां सौम्य ब्लीचिंग एजेंट होती हैं और स्ट्राबैरी त्वचा के तेल पर नियंत्रण रखती हैं।

त्वचा में पाए गए खुले छिद्र पूरी तरह से बंद नहीं किये जा सकते पर सिकोड़े ज़रूर जा सकते हैं और वह इस तरह अंडे के सफ़ेद भाग और शहद का घोल बनाकर अपने चेहरे पर मलें और 10 मिनट बाद उसे धो डालें। इससे त्वचा में खुले हुए छिद्र सिकुड़ और कस जायेंगे। और चेहरे के महीन बाल भी गायब हो जायेंगे।

### पेशेवर उपचार

अगर आपके पास ऊपर बताये गए नुस्खों के लिए समय नहीं है, तो आप किसी स्पा यानि कि स्वास्थ्य केंद्र की सहायता ले सकती हैं।

आजकल कई स्पा आपके सौंदर्य में चार चांद लगाने के लिए 24 कैरेट स्वर्ण भस्म और नैसर्गिक सामग्रियां जैसे कि दूध, नींबू और चॉकलेट या गुलाब का प्रयोग करते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि त्योहार से कम से कम 15 दिन पहले सौंदर्य उपचार कराना चाहिए ताकि त्योहार पर त्वचा की बढ़ी हुई दमक लोग देखते ही रह जाएं। आपको अपनी इस नई दमकती त्वचा के सौंदर्य को बनाये रखने के लिए, सन स्क्रीन का भी उपयोग करना चाहिए। आप अपनी त्वचा को नम रखें, ताकि सौन्दर्य उपचार का प्रभाव लंबे समय तक बना रहे।

पूरे शरीर को सुंदर और कोमल बनाने के लिए हल्दी, अच्छे चन्दन के चूरे और दूध का घोल बनाकर अपने पूरे शरीर पर मल दें और एक तौलिये से लपेट लें और करीबन एक घटे के बाद नहा लें।

यह बॉडी रैप न सिर्फ आपकी त्वचा को आभा प्रदान करता है, बल्कि उसके छिद्रों को भी साफ़ कर देता है। इसके बाद आप अमरुद के गूदे और दही का घोल बनाकर अपने चेहरे पर मल दें और थोड़ी देर बाद धो दें। इससे आपके चेहरे पर रह गए हल्दी के दाग गायब हो जायेंगे। या फिर गाजर के गूदे और दही का घोल बनाकर पूरे शरीर पर मल दें। इससे भी आपके शरीर पर से हल्दी के बचे खुचे निशान मिट जायेंगे।

# सफेद बालों से पाएं छुटकारा

सफेद बाल, अगर आप उसका अंगिकार करते हैं सुरुचिपूर्ण और स्टाइलिश हो सकते है। यह व्यक्ति की पसंद पर निर्भर करता है। अगर कोई व्यक्ति सफेद बालों को दिखाना पसंद नहीं करता है, तो वैकल्पिक रूप से उसे छिपा सकते है। यहां सफेद बालों के संकट को हल करने के लिए कुछ सुझाव दिए गए हैं

किसी की उम्र 16 हैं या 60 साल की है, सफेद बाल हमेशा किसी या अन्य दिन अचानक प्रकट हो सकते हैं। जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, बालों में रंगद्रव्य उत्पादन करने वाले पदार्थ कम होते है, और बालों को किसी भी रंग के बिना छोड़ते है। यह भूरे या सफेद बाल उनके साथ कुछ नई चुनौतियों लाते है, हालाकि इसपर आसान समाधान उपलब्ध हैं और आपके बालों को कुछ



स्टाइलिश और आकर्षक बना सकते हैं।

कुछ लोग केवल कुछ बाल सफेद होने की समस्या का सामना करते हैं, लेकिन यह सफेद हुए बाल भी ऐसे जगह दिखते है, जहां सबका ध्यान आकर्षित होता हैं। इन सफेद बालों के संकट को दूर करने का एक समाधान है, इन बालों को उखाड़ देना। क्योंकि सफेद बाल अधिक सूखे और भंगुर होते हैं, अगर कोई एक आकर्षक केश रचना करता है, तो भी वे काटे की तरह खड़े रह सकते हैं। इसलिए, अगर आपके ज्यादा बाल सफेद नही हैं, तो आपको उन्हें उखाड़ना चाहिए। इस आम धारणा के विपरीत, की अगर आप एक सफेद बाल उखाड़ेंगे तो उस जगह दो नये सफेद बाल उगेंगे। यदि आपके बाल जल्दी सफेद हो रहे है, तो जब भी आप बाल उखाड़ते है, तो ऐसा लग सकता है, की सफेद बालों की संख्या हर बार आपके बाल उखाड़ने पर बढ़ रही है, लेकिन ऐसा नही है, चाहे आप पहले बाल उखाड़े या नही उनका बढ़ना शुरु रहेगा।

कुछ ऐसे मामले है, जहा लोगों को सफेद बालों को रंगने में समस्या का सामना करना पड़ता हैं। चाहे आप अपने बालों को खुद रंगाए या एक पेशेवर से रंगाए, स्टाइलिस्ट आपको आपके लिए क्या सबसे अच्छा रहेगा इस पर सुझाव दे सकते हैं। आपके रंगों की पसंद के बारे में अपने स्टाइलिस्ट से बात करें, बाजार में कई प्रकार के रंग आज उपलब्ध हैं, कई महिलाओं को उनके प्राकृतिक बालों के रंग से एक या दो शेड हल्का गहरा रंग आसानी से मिल सकता हैं। जैसा कि पहले उल्लेख किया है, अगर आपके सफेद बाल उखाड़ने से परे बहुत ज्यादा व्यापक है, लेकिन समान रूप से वितरित है और आपके बालों का प्राकृतिक रंग अभी भी प्रमुख है, तो स्टाइलिस्ट आपके सफेद बालों को अलग से रंग कर हायलाइट या लोलाईट करके मिश्रित कर सकते है।

कभी कभी, सफेद बालों के संकट के साथ लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, क्योंकि वह सालों तक बालों को छुपाते है। और अब क्योंकि लगभग सभी बाल सफेद हो जाते हैं, उनको उन्हे अपने प्राकृतिक रंग में बनाने की इच्छा होती हैं। इस के लिए एक समाधान है, कि जब सफेद बालों कों वास्तव में रंग का अभाव होता है, तब आपके सफेद बालों को रंगना और अधिक मुश्किल होगा। इसलिए, आप रंगों के शेड में क्त्रमिक बदलाव कर सकते है, जब आपके सफेद बाल बढ़ते है, तब सफेद बालों को रंगानें वाले साधनों का धीर-धीरे इस्तेमाल करे। वैकल्पिक रुप में आप बालों की जडों पर अस्थायी या अर्ध स्थायी रंगों से रंग सकते हैं। यहां आपकी मदद करने वाले उत्पाद आपके सफेद बालो को छुपाएंगे और बहुत बार शैंपू कर के रंग निकालने के बजाय और एक बार धोने से रंग के निकल जाने के बाद आप तय कर सकते हैं कि क्या आपको किसी अन्य अनुप्रयोग की आवश्यकता है। आप जिसका भी चुनाव करे, एक कम समय की केश रचना परिवर्तन समय को कम करने में मदद करेगी।



# हर दिन लगे ब्यूटीफुल



खूबसूरत दिखना हर किसी की प्राथमिकता नहीं हो सकती। अगर आपके पास हर दिन अच्छी तरह तैयार होने का समय नहीं होता है तो कम से कम इतना तो आप तय कर सकती हैं, कोई ऐसी कमी न रह जाए जो आपके पूरे रूप को खराब कर दे। मसलन जिस दिन आप तैयार हों, मेकअप तो कर लें लेकिन नाखूनों पर लगी उखडी हुई नेलपॉलिश हटाना भूल जाएं। ऐसी ही छोटी-छोटी गलतिया हम जाने-अनजाने कर जाते हैं जो हमारे सौंदर्य पर ग्रहण लगा देती हैं। सौंदर्य विशेषज्ञा विद्या टिकारी के अनुसार मेकअप का बेसिक तरीका हर किसी के लिए जानना जरूरी है। यहा वह आपको ऐसी ही कुछ छोटी-छोटी लेकिन महत्वपूर्ण बातें बता रही हैं जिन्हें अपनाकर आप हमेशा स्मार्ट और सुंदर दिख सकती हैं।

### उखडी हुई नेलपॉलिश

नाखूनों पर लगी उखडी हुई नेलपॉलिश यह दर्शाती है, कि आप अपने सौंदर्य के प्रति जरा भी सचेत नहीं है। या तो आप नई नेल पॉलिश लगाएं या फिर रिमूवर से नाखून साफ करके यूं ही छोड दें। लेकिन आधी-अधूरी उखडी हुई नेलपॉलिश आपकी छवि को खराब कर देती है। अगर आपका नेल रिमूवर खत्म हो गया है, तो कोई भी डार्क शेड्स की नेलपॉलिश लगाने से पहले रिमूवर की बॉटल जरूर खरीद लें। लगभग 3-4 दिन में आपकी नेलपॉलिश उखडने लगती है। ऐसे में या तो आप नेलपॉलिश का दूसरा कोट उसके ऊपर लगाएं या रिमूवर से साफ करके नई नेल पॉलिश लगाएं। अगर आपके पास बार-बार नेलपॉलिश हटाकर दूसरी लगाने का समय नहीं होता है, या आप इस ओर ध्यान नहीं दे पाती हैं, तो बेहतर होगा कि आप हमेशा लाइट शेड वाली नेल पॉलिश चुनें। ताकि उखडने पर लोगों का ध्यान उस तरफ न जाए।

### सफेद बाल

अगर आपके बाल सफेद होना शुरू हो गए हैं और आप अपने बालों में नियमित रूप से हेयर कलर का प्रयोग करती हैं, तो यह बहुत जरूरी है कि हेयर कलर आपके बालों की जड़ों के पास जरूर लगा हो। वरना सिर की त्वचा के पास दिखने वाले सफेद बाल आपके लुक को खराब कर देते हैं। इसलिए इस बात का भी ध्यान रखें कि बालों की जडों के पास हमेशा गहरा काला रंग न लगाएं। ताकि अगर कभी हेयर कलर कराने में देर हो जाए तो वहा आए सफेद बाल बहुत अधिक खराब न लगें। बेहतर होगा कि आप दो शेड के हेयर कलर चुनें। ताकि यह स्ट्रीक्ड इफेक्ट दे। यह विकल्प अपने बालों के प्राकृतिक रंग से मेल खाता जेट ब्लैक कलर चुनने से अधिक बेहतर होगा। बाजार में तमाम शेड्स के हेयर कलर उपलब्ध हैं, अपनी स्किन टोन से मेल खाता कोई भी कलर आप चुन सकती हैं। यह सफेद बाल नजर आने से बेहतर होगा। ब्राउन और माहोगनी शेड्स आसानी से चुनें जा सकते हैं। कभी माहोगनी और कभी ब्राउन कलर कराएं। ताकि ग्रे हेयर लोगों को नजर न आएं।

### रूखे, बिखरे बाल

रूखे, बेजान व बिखरे बालों की देखभाल के तमाम उपाय बाजार में उपलब्ध हैं। लेकिन आप तब भी उन्हें नहीं अपनाती तो यह आपकी गलती है। बाल हर स्त्री की क्त्राउनिंग ग्लोरी होते हैं। कम से कम इन्हें सही तो रखें। ऐसे बालों को कभी भी खोलकर न रखें। अत्यधिक रूखे बालों को सही अवस्था में करने के लिए थोडे से पानी में 3-4 बूंद तेल मिलाकर बालों में लगाएं और फिर पोनी बाध लें। इससे वे संवरे और साफ नजर आएंगे। इसी तरह अगर आपके बाल लंबे, घुंघराले व नीचे से पतले हैं तो सिरों को बिना कर्ल किए उन्हें खुला न छोडें। यह बालों को सिरे से एक सपोर्ट देता है।

### फैली हुई लिपस्टिक

फैली हुई लिपस्टिक आपके लुक को खराब तो करती ही है, आप कितनी लापरवाह हैं, यह भी दर्शाती है। अगर आपके होंठों में लिपस्टिक अधिक देर तक नहीं टिक पाती, या आप लिपस्टिक खा जाती हैं तो हमेशा क्त्रीमी मैट वाली लाइट शेड की लिपस्टिक चुनें। लगाने से पहले होंठों पर हलका सा फाउंडेशन लगाएं। मैट लिप लाइनर से आउटलाइन बनाएं फिर होंठों को भरें।

### बिगडी हुई आइब्रोज

शार्प आईब्रोज का असर जबरदस्त होता है। अगर आपकी ग्रोथ अच्छी है तो नियमित रूप से बनवाना बेहद आवश्यक है। आप कितना ही अच्छा मेकअप कर लें, अगर आइब्रो सही शेप में नहीं हैं तो अच्छा नहीं लगेगा।

### अपर लिप

अगर आपके अपर लिप पर काफी बाल हैं और थ्रेडिंग कराने के बाद उस भाग पर हरापन या लाली रहती है तो कंसीलर से उसे छिपाना न भूलें। अगर आपके बाल अत्यधिक हैं तो अपर लिप एरिया में थ्रेडिंग, वैक्स या ब्लीच जरूर कराएं। आप चाहें तो इसे लेजर के जरिये पर्मानेंट हटा सकती हैं। छोटी-छोटी गलतियों से आपका सौंदर्य प्रभावित हो सकता है, इस बात का हमेशा ध्यान रखें। खुद में सुंदरता का एहसास करें और अपने सौंदर्य को संवारने का प्रयास करें।